ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 28 मई 2024
वर्ष 34, अंक 121, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर... 16

तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज 15

## पुणे कार हादसा : डॉक्टरों ने पैसे के लिए बदली रिपोर्ट, तीन गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी

पुणे पोर्श कार हादसे में नाबालिग की ब्लड सैंपल रिपोर्ट बदलने के मामले में सोमवार को क्राइम ब्रांच ने दो डॉक्टर्स समेत तीन को गिरफ्तार किया है। स्थानीय अदालत ने 30 मई तक तीनों को पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि अरेस्ट किए गए ससून जनरल हॉस्पिटल के फोरेंसिक डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हैलनोर पर नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल बदलने का आरोप है। तीसरे आरोपी का नाम अतुल घटकांबले है। उस पर आरोप है कि उसने डॉक्टरों की मदद की। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (छोटे मामलों) ए.ए.पांडे की अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को 10 दिन तक पुलिस हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि खून के नमूनों को बदलने के एवज में पैसों की लेनदेन हुई है और उसे इस मामले में आरोपियों के घरों की तलाशी लेनी है। इसके बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को 30 मई तक के लिए पुलिस की हिरासत में भेज दिया।



- ससून अस्पताल के दो चिकित्सक और एक कर्मी को कोर्ट ने 30 मई तक हिरासत में भेजा

### डॉक्टर ने कबूली सैंपल बदलने की बात

पुलिस ने कहा कि हमने नाबालिग के एल्कोहल ब्लड टेस्ट 2 अलग-अलग अस्पताल में कराए थे। ससून अस्पताल में कराई गई जांच में रिपोर्ट निगेटिव आई थी, लेकिन दूसरे अस्पताल से मिली रिपोर्ट से उसके नशे में होने की पुष्टि हुई थी। पब के सीसीटीवी में भी वह शराब पीते दिखा था।

## प. बंगाल में रेमल ने मचाई भीषण तबाही, चार की मौत

- 2400 पेड़ व बिजली के खंभे उखड़े

**135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा, कोलकाता हवाई अड्डा 21 घंटे रहा बंद**

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल ने तट से टकराने के बाद भीषण तबाही मचाई। इस दौरान 135 किमी की रफ्तार से चली हवा और बारिश से चार लोगों की मौत हो गई। तूफान के कारण कोलकाता के कुछ हिस्सों में पानी भर गया।

राज्य में 2400 से ज्यादा पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गये, जिससे महानगर में जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा चक्रवात रेमल से शहर के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हमारे आपदा प्रबंधन समूह के कर्मी और विभिन्न पुलिस थानों के कर्मी यातायात को सुचारु रूप से चालू रखने के लिए तूफान में गिरे कई पेड़ों को हटाने के लिये पूरी रात प्रयास कर रहे हैं। मध्य कोलकाता में एक घर की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दक्षिण 24 परगना के मौसुनी द्वीप में एक महिला पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई और पूर्व वर्धमान के मेमारी में एक पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। कोलकाता हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन 21 घंटे तक बंद रहा।



चक्रवात तूफान के कारण सड़क पर गिरे पेड़ को हटाते कर्मचारी।

### बंगलादेश में 7 की मौत

**ढाका।** भीषण चक्रवातीय तूफान रेमल के कारण बंगलादेश के अलग-अलग स्थानों पर प्रचंड आंधी आने और मूसलाधार वर्षा होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई। इस बीच दो लोगों के लापता होने की भी रिपोर्ट है। बंगलादेश मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दक्षिणी बंगलादेश के तटों पर शक्तिशाली तूफान ने स्थानीय समयानुसार करीब आठ बजे दस्तक दी।

### 15,000 घर प्रभावित

मौसम विभाग के अनुसार तूफान के धीरे-धीरे और कमजोर पड़ने के आसार हैं। 24 ब्लॉक (प्रखंड) और 79 नगरपालिका वार्ड में करीब 15,000 घर प्रभावित हुए हैं जिनमें अधिकतर दक्षिणी तटीय इलाकों में हैं। चक्रवाती तूफान रेमल से बंगलादेश और पश्चिम बंगाल के बीच भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आयी हैं। तूफान 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आया और भारी बारिश हुई।




## एक नजर

### डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत को एक वर्ष का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डी डी आर एंड डी) के सचिव डॉ. समीर वी कामत का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने डॉ. कामत का कार्यकाल एक जून से अगले वर्ष 31 मई तक बढ़ाने के रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### युवराज सिंह ने रियल एस्टेट फर्म को भेजे नोटिस

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने निर्माण परियोजनाओं को बढ़ावा देने में उनके निजता अधिकारों के कथित उल्लंघन और राष्ट्रीय राजधानी में उन्हें घर का कब्जे देने में देरी के लिए दिल्ली की दो रियल एस्टेट फर्म को अलग-अलग कानूनी नोटिस भेजे हैं।

## गर्मी से हाहाकार, नौ की मौत

### लखनऊ में तीन और कानपुर मंडल में 5 तो हापुड़ में एक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/कानपुर

**अमृत विचार :** नौतपा के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी से हाहाकार मच गया। राजधानी लखनऊ और कानपुर, हापुड़ में हीट वेव के चलते 9 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। सोमवार को बुंदेलखंड के झांसी में अधिकतम तापमान 48.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक था।

हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री मापा गया जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। लखनऊ में तापमान 44 के पार चला गया। लखनऊ में भीषण गर्मी से बेसुध होकर गिरे तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं कानपुर नगर व कानपुर देहात, हमीरपुर, औरैया व उन्नाव में एक-एक लोगों की मौत हो गई। सोमवार शाम चार बजे चारबाग स्टेशन रोड पर ऑटो चालक राम सिंह, सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में निजी सुरक्षाकर्मी चंद्र मोहन गुप्ता (50) और गुडंबा में ठेला चालक राम प्रसाद (55) अचानक बेसुध होकर गिरने के बाद दम तोड़ दिया। हमीरपुर में राठ डिपो के चालक कृष्णगोपाल व उन्नाव डिपो की खाली बस लेकर लौटते समय रोडवेज बस चालक निर्मलेश की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। वह बारासगवर के बारा गांव का रहने वाला था। औरैया वासी दिव्यांग साधू की लू लगने से तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। कानपुर देहात के भोगनीपुर निवासी देवकरन (70) की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। बिहार के पटना तखरा निवासी सुरेंद्र कानपुर के पनकी स्थित एक भट्ठे पर काम करता था। लू लगने से रविवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं हापुड़ में भी गर्मी से एक मौत हुई। भीमनगर निवासी राजीव पुत्र यादराम (25) छह साल से बीमार थे। सीएचसी में दवा लेकर लौटते समय गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई।



| | |
|---|---|
| 48.1⁰ | झांसी |
| 46.2⁰ | हमीरपुर |
| 44⁰ | लखनऊ |

> सीएमओ की जांच में हीट वेव से मौत की पुष्टि होने पर 4-4 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। – **अमर सिंह,** आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ

### मौसम विभाग की सलाह बेवजह बाहर न निकलें

मौसम विभाग ने कहा- सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक जरूरत न हो तो घर से बाहर न निकलें। बाहर निकलना भी है, तो पानी पीकर ही निकलें। खाली पेट न रहें। सिर को सफेद कपड़े से ढक कर ही निकलें और हल्के कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग बाहर जाने से बचें।

### जून महीने में सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

**नई दिल्ली।** आईएमडी ने कहा कि 30 मई के बाद नई दिल्ली समेत उत्तर पश्चिमी भारत में बारिश होने से अस्थाई तौर राहत तो मिलेगी लेकिन जून महीने में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। जून माह में लोगों को भीषण गर्मी का समाना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय मोहपात्रा ने बताया कि राजस्थान और गुजरात में पिछले दिनों हीटवेव चलने से तापमान 45 से 50 के बीच रहा है। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब में पांच से सात दिन हीटवेव चली है, जिसमें तापमान 44 डिग्री से 48 डिग्री तक रहा है। महापात्रा ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी आने के कारण देश के उत्तर पश्चिम और मध्य भागों में गरज के साथ वर्षा होने और पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, महापात्र ने यह भी कहा कि यह राहत अस्थायी होगी और जून में गर्मी के साथ उमस भी बढ़ेगी।

## केजरीवाल ने किया अंतरिम जमानत बढ़ाने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अचानक अपना वजन छह से सात किलोग्राम कम हो जाने के चलते कई चिकित्सकीय जांच कराने के लिए उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है।



केजरीवाल ने 26 मई को दायर अपनी याचिका में कहा कि वह 3 जून से 7 जून तक चिकित्सा संबंधी जांच कराएंगे और फिर उसी हफ्ते के अंत में 9 जून को आत्मसमर्पण कर देंगे। याचिका में कहा गया है कि उनका वजन छह से सात किलोग्राम कम हो गया है और उनका कीटोन स्तर बहुत अधिक है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है। इस दौरान पैट-सीटी स्कैन सहित कुछ चिकित्सकीय जांच कराने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने 10 मई को, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी, जिसके अनुसार उन्हें दो जून को जेल लौटना है।

## मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मेरठ से समाजवादी पार्टी विधायक रफीक अंसारी को सोमवार को बाराबंकी पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक पुराने मामले में 101 बार नोटिस जारी होने के बाद भी रफीक अंसारी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद बाराबंकी की जैदपुर थाना पुलिस ने अहमदपुर टोल प्लाजा से विधायक को गिरफ्तार कर लिया। रफीक अंसारी मेरठ शहर से सपा से दूसरी बार विधायक बने हैं। मेरठ पुलिस की टीम विधायक को अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

दरअसल, यह मामला साल 1995 में मेरठ के नौचंदी पुलिस थाने में 35-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। जांच के बाद 22 आरोपियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर प्रस्तुत किया था और उसके बाद आवेदक अंसारी के खिलाफ एक और पूरक आरोप पत्र दायर किया गया था। जिस पर संबंधित अदालत ने अगस्त 1997 में संज्ञान लिया। विधायक रफीक अंसारी के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट मेरठ से आइपीसी की धारा 147, 436 और 427 के तहत विचाराधीन आपराधिक केस में जारी वारंट को चुनौती दी गई थी।



- 101 बार गैर जमानती वारंट के बाद भी नहीं हुए थे हाजिर
- जज बोले- यह खतरनाक और गंभीर मिसाल

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी को विशेष न्यायाधीश एसीजेएम फर्स्ट एमपी/एमएलए कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सोमवार रात मामले 40 मिनट तक सुनवाई हुई। विधायक ने जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। वकील ने मेडिकल इश्यू बताते हुए रफीक अंसारी को जेल के हॉस्पिटल में रखने की अपील की थी।

## सेक्स स्कैंडल मामले में एसआईटी के समक्ष 31 को पेश होगा प्रज्ज्वल

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना ने सोमवार को कहा- मैं 31 मई को एसआईटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मेरे खिलाफ लगे सभी आरोप झूठे हैं। विदेश जाने के ठीक एक महीने बाद प्रज्ज्वल ने वीडियो जारी कर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि मुझे अदालत पर भरोसा है और विश्वास है कि मैं अदालत के जरिए झूठे मामलों से बाहर आऊंगा। प्रज्वल का यह बयान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उनके दादा की गुरुवार 23 मई को दी चेतावनी के 3 दिन बाद आया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस मामले की जांच में उनके और उनके परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी। कर्नाटक के हासन से जद(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों की जांच जारी है। प्रज्जवल ने मामलों को झूठा और राजनीतिक साजिश का हिस्सा बताते हुए कहा कि वह अवसाद में चले गये थे। कन्नड़ टीवी चैनल एशियानेट सुवर्ण न्यूज पर प्रसारित वीडियो बयान में प्रज्वल रेवन्ना ने कहा कि मैं न्यायालय के माध्यम से झूठे मामलों में निर्दोष साबित होकर दिखाऊगा।



- विदेश जाने के एक महीने बाद प्रज्जवल ने वीडियो जारी कर रखी बात

### कुछ लोग राजनीति में बढ़ने से रोकना चाहते हैं

प्रज्वल ने कहा जैसे-जैसे मैं राजनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा हूं, मुझे कमतर करने के लिए, वे सभी एक साथ आ गए हैं। इन सभी चीजों को देखकर, मैं चौंक गया था और थोड़ा दूर हो गया था। हासन लोकसभा सीट पर मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को प्रज्वल कथित तौर पर जर्मनी चले गए थे और अब भी फरार हैं।

## अदालत ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सांसद स्वाती मालीवाल से मारपीट के मामले में दिल्ली कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री के निजी सहायक कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है।

सुनवाई के दौरान, राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने अदालत से कहा कि अगर कुमार को रिहा किया गया, तो उनकी जान को खतरा है और उनके परिवार को गंभीर खतरा है। मालीवाल ने दावा किया कि घटना के बारे में एक यूट्यूबर द्वारा एकतरफा वीडियो बनाया गया था, जिसके बाद उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गईं। उन्होंने कुमार के निर्दोष होने पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कुमार ने अपना फोन फॉर्मेट कर दिया था और घटना की सीसीटीवी फुटेज डिलीट कर दी थी।

दिल्ली कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद बिभव कुमार उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।



- मालीवाल ने कहा- बिभव रिहा हुआ तो उनकी जान को खतरा

## गेमिंग जोन हादसा : हाईकोर्ट ने कहा सरकारी मशीनरी से भरोसा उठ चुका

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात उच्च न्यायालय ने गेम जोन में लगी आग से 27 लोगों की मौत को लेकर सोमवार को राजकोट नगर निकाय को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अब उसका राज्य मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है जो केवल तब हरकत में आती है जब मासूम लोगों की जान चली जाती है।

अदालत ने गेम जोन के संचालन में कथित खामी को लेकर राजकोट नगरपालिका परिषद (आरएमसी) को आड़े हाथ लेते हुए पूछा कि जब उसके क्षेत्र के अंतर्गत इस तरह का बड़ा ढांचा तैयार किया जा रहा था तब क्या उसने आंखें मूंद रखी थीं? अदालत ने यह टिप्पणी आरएमसी के वकील के अदालत में यह कहने पर की कि टीआरपी गेम जोन ने अपेक्षित अनुमति नहीं मांगी थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की विशेष पीठ ने पूछा कि क्या नगर निकाय एक जनहित याचिका पर आग से सुरक्षा संबंधी पारित आदेशों को 18 महीने तक दबाए बैठा रहा। विशेष पीठ स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। एक दिन पहले उच्च न्यायालय ने इस घटना को प्रथम दृष्टया मानव जनित आपदा करार दिया था। उच्च न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्य द्वारा गठित एसआईटी उन परिवारों की भावनाओं को पर्याप्त रूप से शांति प्रदान करेगी जिन्होंने इन मानव जनित त्रासदियों में अपने रिश्तेदारों को बार-बार खोया है।

- अदालत ने राजकोट नगर निकाय को फटकार लगायी

### सात अधिकारी निलंबित

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने राजकोट स्थित गेम जोन में आग लगने की घटना के मामले में सात अधिकारियों को निलंबित करने का सोमवार को आदेश दिया। इन अधिकारियों को आवश्यक स्वीकृति के बिना इस गेम जोन का संचालन होने देने में घोर लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया गया है।

## चुनाव प्रभावित करने में एडीएम पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग ने चुनाव प्रभावित करने के आरोप में दो अधिकारियों को उनकी वर्तमान तैनाती से हटा दिया है। इनमें से एक फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह हैं और दूसरे इसी जिले में जसराना के पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामजीत प्रमिला सिंह हैं। इतना ही नहीं आयोग ने निर्देशित किया है कि इन दोनों अधिकारियों को किसी भी सूरत में चुनाव संबधी कोई ड्यूटी न सौंपी जाए।

फिलहाल दोनों को प्रतीक्षारत रखा गया है, नयी तैनाती तक दोनों लखनऊ मुख्यालय से अटैच रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दोनों पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती कर दी जाएगी। दरअसल, फिरोजाबाद सीट पर तीसरे चरण के मतदान में सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों पर गड़बड़ी करने और क्षेत्रविशेष में मतदाताओं को वोट न डालने देने की शिकायत चुनाव आयोग से की थी।

- आयोग ने फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह को वर्तमान तैनाती से हटाया

## शेयरों में लाभ का लालच देकर 1.07 करोड़ ठगे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में शेयरों की खरीद-फरोख्त में उच्च मुनाफे का लालच देकर 48 वर्षीय एक व्यक्ति से कथित तौर पर 1.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में रविवार को एक ऐप और एक वेबसाइट के मालिकों सहित 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और जांच की जा रही है। नवी मुंबई साइबर पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि जालसाजों ने खारघर के रहने वाले पीड़ित से 13 फरवरी से लेकर 5 मई के बीच विभिन्न मौकों पर उससे संपर्क किया।

## माफिया मिट्टी में मिले तो आने लगा लाखों करोड़ का निवेश

**मुख्यमंत्री ने घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी में की चुनावी जनसभाएं**

राज्य ब्यूरो/एजेंसी , लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मऊ में घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार करते हुए जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जहां प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस और सपा की नाकामियां गिनायीं वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा।

गाजीपुर में मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र. से माफिया का सफाया करने के बाद पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को नौकरी भी मिलेगी। कहा कि सपा के लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ ने मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मऊ में मुख्यमंत्री ने लोगों को इंडी गठबंधन से सावधान करते हुए कहा कि यह देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा। यहां उन्होंने लोस प्रत्याशी डॉ. अरविंद राजभर के पक्ष में वोट की अपील की। सोनभद्र में योगी ने अपील की कि लोस चुनाव में रॉबटर्सगंज और विस चुनाव में दुद्धि भी देश की आवाज के साथ जुड़ेगा। रिंकी कोल को कप प्लेट चुनाव निशान पर मिला वोट दिल्ली में पीएम मोदी और श्रवण गौड़ को कमल पर वोट सीधे मेरे पास आएगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोनभद्र में चुनावी रैली को संबोधित करने से पहले यहां के स्थानीय उत्पाद बांस की बनी टोपी, तीर-धनुष और वाद्य यन्त्र के साथ उत्साहित दिखे।

### साल के अंत तक शुरू हो जाएगा रोपवे

वाराणसी में जनसभा में योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को रिकार्ड तोड़ मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जहां वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। वहीं काशी में देश के सबसे बड़े रोपवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह वर्ष के अंत तक कैंट स्टेशन से विश्वनाथ धाम के लिये शुरू हो जाएगा।

## एयरपोर्ट पर यात्री के पास मिला 793 ग्राम सोना

**अमृत विचार,सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सोमवार को कस्टम ने आबू धाबी से आए यात्री के पास से अवैध तरीके से लाया गया सोना बरामद किया गया है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार अबू धाबी से इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 1416) सोमवार को हवाई अड्डे पहुंची। यात्रियों की जांच के दौरान कस्टम अधिकारियों को एक यात्री पर संदेह हुआ। उसे अलग बुलाकर पूछताछ की, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। बारीकी से जांच कराने पर मलाशय में छुपाकर लाए गए करीब 793 ग्राम सोना की जानकारी हुई। कस्टम ने सोना जब्त कर लिया। सोने की कीमत 48,15,525 रुपये है। कस्टम अधिकारियों ने यात्री को हिरासत में ले लिया है।

# पेंशन योजना से जुड़े वृद्धाश्रम के बुजुर्ग, जून में पहुंच जाएगी किस्त

**4** हजार बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन बनी

**75** वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं प्रदेश में

**65** सौ बुजुर्ग रह रहे हैं इन वृद्धाश्रमों में

**100** से अधिक के पास नहीं हैं आधार कार्ड

**9** लाख 12 हजार 772 पेंशनर्स बढ़े एक वर्ष में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ मिलने लगा है। पेंशन दिए जाने के समाज कल्याण निदेशालय के प्रस्ताव पर शासन की मंजूरी के बाद करीब चार हजार बुजुर्गों को पेंशन बन गई है। वृद्धावस्था पेंशन के तहत इन बुजुर्गों को पहली तिमाही की तीन हजार रुपये पेंशन जून में उनके खातों में पहुंच जाएगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में वृद्धाश्रम चलाए जा रहे हैं। जहां बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय दिया जाता है। इन 75 वृद्धाश्रमों में लगभग 65 सौ बुजुर्ग रह रहे हैं। उनके जीवन का स्तर सुधारने के लिए समाज कल्याण निदेशालय की ओर से उन्हें वृद्धावस्था पेंशन दिए जाने का प्रस्ताव तैयार कर फरवरी में शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत के अनुसार पेंशन देने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की पेंशन बनवाने का काम तेजी से शुरू हो चुका है। अब तक करीब चार हजार बुजुर्गों की पेंशन बन चुकी है। इसके लिए वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों के बैंक खाते खुलवाए गए हैं।

### शासन स्तर पर चल रही वार्ता

अमृत विचार : वृद्धाश्रमों में रहने वाले अन्य बुजुर्गों को भी जल्द पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा। वृद्धाश्रमों में करीब सौ से अधिक ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनके आधार कार्ड विभिन्न कारणों से अभी तक नहीं बन पाए हैं। निदेशालय से इनके आधार कार्ड बनवाने के लिए भी शासन स्तर पर वार्ता चल रही है। निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि अंगूठा में कुछ दिक्कत होने के कारण आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। आधार कार्ड बनवाने के अन्य मानकों के अनुसार प्रयास किया जा रहा है।

### एक लाख से अधिक लोग कर चुके हैं आवेदन

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने के लिए लोगों ने आवेदन करना शुरू कर दिया है। अभी तक एक लाख से अधिक लोग आवेदन कर चुके हैं। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। बुजुर्गों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन का भुगतान किया जाता है। प्रत्येक तिमाही में पेंशन की राशि बुजुर्गों के खाते में भेजी जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 55 लाख 68 हजार 590 लोगों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया था। उक्त वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में लाभार्थियों की संख्या 46,55,818 थी और अंतिम तिमाही में इनकी संख्या बढ़कर 55,68,590 हो गई थी। एक वर्ष के भीतर ही पेंशनरों की संख्या 9 लाख 12 हजार 772 बढ़ी थी। सबसे अधिक पेंशनर्स प्रतापगढ़ में बढ़े थे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। विभाग की मंशा है कि योजनाओं के लाभ से कोई जरूरतमंद वंचित न हो। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सत्यापन कराया जाएगा। मानक पूरा करने वाले सभी बुजुर्गों को पेंशन दी जाएगी।

## आरोपित अपर निदेशक पशुपालन की जांच लंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कर्मचारियों का उत्पीड़न और नियमविरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने जैसे लगे हैं कई आरोप

**अमृत विचार :** पशुपालन विभाग के एक अपर निदेशक (एडी) की जांच लंबित है। शासन से कमेटी तक नहीं बन पाई है। उन पर कर्मचारियों का उत्पीड़न और नियमविरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देना जैसे कई आरोप हैं।

मार्च में अपर निदेशक द्वारा बीकेटी के राजकीय पशु चिकित्सालय पर तैनात चतुर्थश्रेणी कर्मी राजेंद्र को गलत तरह से कार्यालय में संबद्ध किया गया और धमकी देकर घर से कार्य कराए। विरोध करने पर वेतन रोक दिया। राजेंद्र के बाद इसी अस्पताल पर तैनात डिप्टी सीवीओ डॉ. एसके राय को कार्यों की प्रगति कम बताकर नियमविरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। जबकि प्रतिकूल प्रविष्टि देने का अधिकार शासन को है। बाद में इस पत्र में तारीख संशोधित कर दोबारा जारी किया गया।

इससे पहले महिला कर्मचारी ने उत्पीड़न की शिकायत की थी। इन सभी मामलों की जांच कराने के लिए 24 अप्रैल को निदेशालय से शासन को पत्र भेजा था। निदेशक डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि शासन स्तर से प्रक्रिया होनी है।

# शिक्षकों के अभाव में नहीं चल सकेंगे मेडिकल कॉलेज

## एनएमसी ने दिए निर्देश, सरकारी या निजी कॉलेजों को दो महीने में रिक्त पदों पर करनी होगी नियुक्ति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ




▸▸ एमबीबीएस पढ़ाना है तो शिक्षकों की संख्या रखनी होगी मानक के अनुरूप

**अमृत विचारः** सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज, आगामी सत्र में बिना शिक्षकों की संख्या पूरी किये नहीं चल सकेंगे। उन्हें मानक के अनुरूप शिक्षकों के साथ ही सीनियर रेजीडेंट्स, जूनियर रेजीडेंट्स, डिमास्ट्रेटर व ट्यूटर आदि के पद पर हर हाल में नियुक्ति करनी होगी। ये मानक दो माह में पूरे करने के निर्देश नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) ने दिये हैं।

प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेज ही नहीं, तमाम सरकारी मेडिकल कॉलेज भी एनएमसी द्वारा निर्धारित मानकों को धता बताते हुए संचालित हो रहे हैं। एनएमसी के निरीक्षण दौरान दूसरे कॉलेज से शिक्षकों को बुलाकर मानक पूरे किये जाते हैं। यह स्थिति अधिकांश सरकारी मेडिकल कॉलेजों की है, इतना ही पीजी पाठ्यक्रम की सीटों की मान्यता के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों को स्थानान्तरण की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग और कॉलेजों की यह तिकड़मबाजी अब नहीं चलेगी।

एनएमसी ने पहली बार ऑन लाइन मानकों का न केवल निरीक्षण किया बल्कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस की गहनता से जांच की, भारी लापरवाही मिलने पर अर्थदंड लगाया गया है। जांच में उन्होंने शिक्षकों में प्रोफेसर, एसिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रवक्ता के साथ ही सीनियर रेजीडेंट्स, जूनियर रेजीडेंट्स व नॉन क्लीनिकल डिमास्ट्रेटर व ट्यूटरों की संख्या का निरीक्षण किया है, मानक अनुरूप संख्या न मिलने पर हर कॉलेज प्रशासन को सफाई देने का मौका भी दिया, आखिरकार कॉलेज प्रशासन द्वारा खामियां स्वीकारने के बाद अर्थदंड लगाया गया।

अर्थदंड के दायरे में राजधानी के केजीएमयू, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ दो दर्जन से ज्यादा सरकारी मेडिकल कॉलेज आ चुके हैं, जिन पर कम से कम दो लाख से लेकर 20 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार एरा मेडिकल कॉलेज समेत डेढ़ दर्जन से ज्यादा निजी मेडिकल कॉलेजों पर भी जुर्माना लगाया गया है।

### पांच मेडिकल कॉलेज को मिले स्थायी प्रधानाचार्य

**अमृत विचार,लखनऊ :** मानक पूरे न होने से मेडिकल कॉलेजों पर नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी)द्वारा लगाए जुर्माने के बाद, कॉलेज प्रशासन के साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। सोमवार को विभाग ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य के भरोसे चलने वाले प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिये हैं। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मेरठ मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर को पीलीभीत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बस्ती के प्रोफेसर डॉ .मनोज कुमार को उसी कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ .राजेश कुमार को शहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में और गुजरात के मेडिकल कॉलेज के डॉ .राजेश मोहन को सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। इसके अलावा बहराइच मेडिकल के प्रधानाचार्य डॉ .संजय खत्री को, उसी कॉलेज में अगले तीन साल के लिए पुन: नियुक्त कर दिया गया है। मालूम हो कि कई मेडिकल कॉलेज कार्यवाहक प्रधानाचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे हैं। आचार संहिता के चलते नियुक्ति प्रक्रिया रुक गई थी, चयनित प्रधानाचार्यो निर्वाचन आयोग की संस्तुति के बाद नवनियुक्त प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिये गये हैं।

### अर्थदंड जमा करने की अनुमति मांगी

आधे-अधूरे संसाधनों के साथ संचालित होने वाले मेडिकल कॉलेजों ने एनएमसी द्वारा लगाए गए अर्थ दंड को जमा करने की अनुमति शासन से मांगी है। विभिन्न मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्यों ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि दो माह में मानक पूरे करने के साथ ही एक सप्ताह में अर्थदंड जमा कर देंगे।

## जीएनएम की प्रवेश परीक्षा का विरोध शुरू

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



▸▸ प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर चुके नर्सिंग कॉलेजों ने एकीकृत प्रवेश परीक्षा से मांगी छूट

▸▸ 386 नर्सिंग कॉलेजों में जीएनएम की 17,845 सीटों पर होता है प्रवेश

**अमृत विचारः** प्रदेश में कई नर्सिंग कॉलेजों ने जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी(जीएनएम) डिप्लोमा कोर्स में इस वर्ष ऑनलाइन केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने पर आपत्ति दर्ज कराई है। कॉलेज प्रशासन ने उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी को पत्र लिख स्पष्ट किया है कि उन्होंने पूर्व की भांति प्रवेश लेना शुरू कर चुके हैं, इसलिए केन्द्रीय प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया अगले साल से शुरू की जाये।

जीएनएम में प्रवेश को लेकर मिलने वाली शिकायतों को संज्ञान में लेकर राज्य सरकार द्वारा नर्सिंग कॉलेजों में जीएनएम में दाखिला प्रवेश परीक्षा के जरिए कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्टेट मेडिकल फैकल्टी को निर्देश दिये गये हैं।

निर्देश जारी होने के बाद सोमवार को कई नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्यों ने स्टेट फैकल्टी का पत्र लिखकर अवगत कराया है कि यूपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के 12 कक्षा के परिणाम आने के बाद हर वर्ष की तरह दाखिले लेना शुरू कर चुके हैं।

इसलिए इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया के नए नियमों को शिथिलता बरती जाए। अगले साल उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा समय पूर्व एकीकृत प्रवेश परीक्षा संबन्धी सूचना दे दी जाए ताकि कॉलेजों के साथ ही छात्रों तक भी सूचना आसानी से पहुंच सके, जिसके बाद दाखिले लेने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

मालूम हो कि प्रदेश में 386 नर्सिंग कॉलेजों में जीएनएम की 17,845 सीटों पर दाखिले लिये जाते हैं। अभी तक हर कॉलेज मेरिट के आधार पर प्रवेश लेते थे। पहली बार राज्य सरकार ने केन्द्रीय प्रवेश परीक्षा के जरिए दाखिला लेने का निर्णय लिय है, प्रवेश परीक्षा परिणाम की मेरिट के अनुसार कॉलेज आवंटित किये जायेंगे।

> कई कॉलेजों के पत्र प्राप्त हुए हैं, जिन्हें शासन में अग्रसारित कर दिया गया है। शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ .आलोक कुमार, सचिव, उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी

## अधिवक्ता और उनकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक



संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते अधिवक्ता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

▸▸ मुख्यमंत्री ने वाराणसी में अधिवक्ताओं से किया संवाद

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को वाराणसी कचहरी के निकट रामआसरे वाटिका में अधिवक्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने देश व समाज के लिए खुद को समर्पित किया है। अधिवक्ता और उनकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक है,पीएम मोदी अधिवक्ताओं की प्राथमिकता में हैं और अधिवक्ता उनकी प्राथमिकता में हैं।

योगी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रबुद्ध वर्ग है। इस वर्ग ने देश की ज्वलंत समस्याओं से खुद को कभी अलग नहीं किया, बल्कि चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने के लिए सदा अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा।

सम्मेलन में मंत्री रविंद्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉ. अवधेश सिंह, द सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुरलीधर सिंह, महामंत्री सुरेंद्र नाथ पांडेय, द बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश सिंह, महामंत्री कमलेश सिंह, कमिश्नरी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविशंकर त्रिपाठी, प्रशांत सिंह अटल आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं के चेंबर निर्माण को दी धनराशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें भी न्याय के लिए अधिवक्ता के पास जाना पड़ता था। उनके चैंबर को देखकर लगता था कि यह दूसरों के लिए लड़ते हैं, लेकिन सुविधा के अभाव में ही काम करते हैं। चैंबर में ही दिन में ही सूरज और चांद दिखाई देते थे, फिर भी मौसम की परवाह किए बिना अधिवक्ता काम करते थे। फिर हमने कहा कि यदि कोर्ट का भवन बनेगा तो अधिवक्ता के चैंबर को भी इससे जोड़ा जाए। बेंच और बार में संतुलन होना चाहिए।

## सपा, कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा

**अमृत विचार,लखनऊः** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर के बांसडीह, बलिया में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि 2017 में अखिलेश यादव और राहुल गांधी गठबंधन करके उत्तर प्रदेश में आए थे और यहां की जनता ने उन्हें चारो खाने चित कर दिया था। 2024 में फिर गठबंधन करके राहुल और अखिलेश आये हैं। अबकी बार उप्र. में सभी 80 सीटें भाजपा जीत रही है। सपा, कांग्रेस का जनता खाता भी नहीं खुलने देगी।

## रविशंकर के लिए वोट मांगेंगे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रदेश में दो और बिहार में तीन चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पांच जनसभाओं को संबोधित करेंगे। योगी उत्तर प्रदेश समेत बिहार के भी दौरे पर रहेंगे।

इसमें से तीन जनसभा बिहार और दो जनसभाएं उत्तर प्रदेश में होगी। मुख्यमंत्री पहली जनसभा गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद व भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के लिए करेंगे। दूसरी जनसभा मीरजापुर लोकसभा में होगी। यहां के बाद मुख्यमंत्री बिहार की रैलियों को संबोधित करेंगे। उनकी तीसरी जनसभा पटना के फतुहा में होगी। यहां वे पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के पक्ष में कमल खिलाने का आह्वान करेंगे।

योगी चौथी और बिहार की दूसरी रैली आरा लोकसभा सीट से उम्मीदवार आरके सिंह के लिए करेंगे। यह रैली भोजपुर के स्पोटर्स ग्राउंड पर होगी। यहां से वह फिर पटना साहिब लोकसभा में रविशंकर प्रसाद के लिए जनसभा करेंगे। यह जनसभा पॉलीटेक्निक ग्राउंड पाटलिपुत्र में होगी।

## अखिलेश और राहुल की संयुक्त सभा आज

**अमृत विचार, लखनऊः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ कुशीनगर में प्रत्याशी अजय प्रताप के पक्ष में प्रचार करेंगे। वहीं, देवरिया में वह प्रत्याशी सदल प्रसाद के समर्थन में संयुक्त चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ वाराणसी में प्रत्याशी अजय राय के पक्ष में संयुक्त चुनावी जनसभा में शामिल होंगे। दोनों ही चुनावी महासभा में इंडी गठबंधन के शीर्ष नेता भी संबोधित कर वोट देने की अपली करेंगे।

## पूर्वांचल की हवा पश्चिम से भी तेज चल रही है



चुनावी सभा के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अखिलेश यादव ने गाजीपुर और चंदौली में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को गाजीपुर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अफजाल अंसारी और चंदौली से प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्वांचल की हवा पश्चिम से भी तेज चल रही है। इंडिया गठबंधन पूरे पूर्वांचल में भाजपा का सफाया कर रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में सपा के पक्ष में रिकार्डतोड़ जन समर्थन देखकर भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास डगमगा गया है। भाजपा नेताओं की घिसीपिटी बातें और पुराने डॉयलाग अब कोई नहीं सुनना चाहता है। भाजपा नेताओं के झूठ और झूठी बातों को जनता ने नकार दिया है। पूर्वांचल में इंडिया गठबंधन के समर्थन में हवा की रफ्तार देखकर भाजपा के दिल्ली और लखनऊ से आने वाले नेता थर्रा रहे हैं। अखिलेश ने कहा भाजपा ने जिस तरह सरकारी जांच एजेंसियों का दुरुप्रयोग अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के खिलाफ किया वह स्वच्छ राजनीति का परिचायक नहीं है।

### संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए करें मदद

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और बसपा अंदर से मिले है। इसीलिए मै बहुजन समाज के लोगों से अपील करता हूँ कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए इंडी गठबंधन की मदद करें। सपा प्रमुख ने जनसभा से गाजीपुर से अफजाल अंसारी के साथ बलिया से सनातन पाण्डेय को रिकार्ड मतों से जिताने की अपील की।

## आचार संहिता उल्लंघन में दर्ज हुई 153 प्राथमिकी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ हटाये गए पोस्टर, बैनर व अन्य प्रचार सामग्री

**अमृत विचारः** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 153 एफआईआर दर्ज, 09 एनसीआर सहित कुल 162 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

यह जानकारी सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दी। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 1,82,68,296 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,12,87,632 और निजी स्थानों से 69,80,664 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 12,93,344, पोस्टर के 50,87,748, बैनर के 31,16,497 एवं अन्य 17,90,043 मामलों में कार्यवाही की गयी। वहीं लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई की गयी।

## एलडीए ने बंद कराए छह गेमिंग जोन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 15 दिन के अंदर देने होंगे अनुमति संबंधित अभिलेख

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम ने सोमवार को शहर में संचालित गेमिंग जोन (ट्रैम्पोलीन पार्क) की जांच के लिए अभियान चलाया। कमियां मिलने पर गोमती नगर और ट्रांसपोर्ट नगर में संचालित छह गेमिंग जोन बंद कराए गए। इनके संचालकों से 15 दिन में अंदर मानचित्र के साथ अनुमति के दस्तावेज मांगे गए हैं।

एलडीए टीम को जोन-1 गोमती नगर के विकल्प खंड में दीपक सिंह व जितेन्द्र छाबड़ा के स्काई जम्पर ट्रैम्पोलीन पार्क, विजय खंड में कशिश गेमिंग जोन, विवेक खंड में वेदांश चौधरी के गेमिंग जोन, विकल्प खंड में नीलू गुप्ता के प्लेरूम फन जोन और विशेष खंड में आदित्य कुमार के मिस्ट्रीरूम एंटरटेन्मेंट जोन में एलडीए अधिकारियों को कमियां मिलीं। इसके अलावा जोन-2, कानपुर रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर में लगभग 900 वर्गमीटर क्षेत्रफल में संचालित द कंगारू ट्रैम्पोलीन पार्क एंड एडवेन्चर जोन में जांच में कई कमियां मिलीं। एलडीए उपाध्यक्ष ने सभी संचालकों को कार्रवाई की चेतावनी देकर 15 दिन के अंदर सम्बंधित दस्तावेज मांगे हैं।

उत्साहजनक | अच्छे दाम देख बागवान और किसान खुश, कच्चे आम की पहली खेप दिल्ली रवाना

# 500 से 600 रुपये में बिकी दस किलो कच्ची दशहरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मलिहाबाद के एक बाग में लगे आम।



ब्रिकी के लिए पैक किए गए कच्चे आम।

**अमृत विचारः** भले ही आम की फसल इस बार कम हुई है लेकिन दिल्ली भेजी गई कच्चे आम की पहली खेप के लिए दिल्ली मंडी ने जो भाव लगाए उससे बागवान और किसान खासे उत्साहित हैं। पिछली बार की तुलना में इस बार दस किलो की कीमत 500 से 600 रुपये तय की गई है। पिछली बार दस किलो कच्ची दशहरी का रेट 300 से 400 रुपया लगाया गया था। दस किलो आम पर करीब 200 रुपये का बड़ा अंतर आया है।

**कच्चे आम की खेप भेजी गई दिल्लीः** आढ़ती सुनील गुप्ता बताते हैं कि कच्चे आम की पहली खेप दिल्ली रवाना कर दी गई है। चार से पांच वाहन में आम को भेजा गया है। मिले भाव से बागवान उत्साहित हैं। कह सकते हैं कि पिछली बार की तुलना में लगभग दो सौ रुपये का अंतर है। जो बड़ा लाभ है। एक अन्य फ्रूट कंपनी के मालिक पप्पू प्रधान के मुताबिक उनकी आढ़त से भी कच्चा आम दिल्ली गया है। इसके अलावा क्षेत्र के करीब दो दर्जन आम बागवानों ने भी कच्चा आम भेजा दिया है। 3,300 गत्तों में करीब 35 टन दशहरी भेजी गई है। यह आम पहली खेप है।

**भाव (रुपये प्रति दस किलो)**

| बीते वर्ष | इस वर्ष |
|---|---|
| 300 से 400 | 500 से 600 |
| फ्रूट बैगिंग आम | 700 |

### पाल लगाकर मंडी में बेचा जायेगा दशहरी

आम कारोबारी निर्मल वर्मा व सुनील कुमार ने बताया कि दिल्ली भेजा गया यह कच्चा आम पाल लगाकर बेचा जाता है। शुरुआती फसल से भी आम के शौकीन अपने आप को वंचित नहीं रख पाते हैं। इस आम को व्यापारी कच्चा खरीदकर पाल लगाता है। करीब 3 से 4 दिन बाद यहीं आम पक जाता है और उसे फिर फुटकर मंडियों में बेचा जाता है।

## माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया : डॉ. पिंकी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ




पीजीआई में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञ। अमृत विचार

▸▸ माहवारी स्वच्छता दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी में बोले विशेषज्ञ

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल ने कहा कि दक्षिण भारत में जब किसी बेटी को माहवारी आती है तो परिवार बाकायदा आयोजन करता है। इस तरह माताओं व परिवारों को अपनी बच्चियों की खातिर शर्म का बंधन तोड़ना होगा। क्योंकि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसमें शर्म नहीं करनी चाहिए बल्कि हर महिला को गर्व करना चाहिये।

वह, माहवारी स्वच्छता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को एसजीपीजीआई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि माहवारी के दौरान स्वच्छता और शरीर की देखभाल जरूरी है। एनएचएम के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डा. मनोज शुकुल ने कहा कि माहवारी स्वच्छता दिवस की इस वर्ष की थीम है "टुगेदर फॉर ए पीरियडफ्रेंडलीवर्ल्ड" अर्थात माहवारी अनुकूल विश्व के लिए एकजुट हों। एसजीपीजीआई की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पियाली भट्टाचार्य ने माहवारी के शुरू होने पर बच्ची पर होने वाले मानसिक प्रभाव, क्वीन मैरी अस्पताल की डॉ.सुजाता देव ने माहवारी के प्रबंधन व डायटीशियन शिल्पी त्रिपाठी ने माहवारी व पोषण के विषय पर चर्चा संपन्न हुई।

## गोशाला में लापरवाही करने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊः** सोमवार को पशुपालन निदेशालय से निदेशक डॉ. आरएन सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से सभी जिलों के सीवीओ के साथ गोशालाओं की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव रवींद्र भी जुड़े। गोशालाओं में गर्मी व लू से संबंधित किए गए इंतजाम की स्थिति जानी। निदेशक ने निर्देश दिए किए गोशाला में टीनशेड व छायादार बंद स्थान पर गोवंशों को बांधे। हरा, चारा, भूसा में कमी नहीं होनी चाहिए। समय-समय पर ताजा पानी पिलाएं। अचानक निरीक्षण में लापरवाही मिली तो कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही बीमार गोवंश की देखभाल के लिए भी उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### श्री बरखण्डीनाथ मंदिर में भंडारा आज

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** जेष्ठ मास के पहले बड़े मंगल के उपलक्ष्य में क्षेत्र के प्राचीनकालीन श्री बरखण्डीनाथ महादेव मन्दिर में भण्डारे एवं जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पदुमपुर गांव के रहने वाले अमित मिश्रा, लवकुश मिश्रा, अनूप मिश्रा पंकज मिश्रा एवं मिश्रा परिवार द्वारा किया जाएगा। श्री रामचरितमानस पाठ के समापन के बाद भण्डारे शुरू होगा।

### अधेड़ ने युवती को पीटा हालत गंभीर

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव तिवारिन का पुरवा मजरे अखऊपुर निवासी श्रीवती ने आरोप लगाया है कि गुरुवार को रात लगभग 9 बजे वह अपनी बाग में बैठी थी। तभी उसके गांव के जगेसर ने अकारण ही गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता को सीएचसी खीरों से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जिला अस्पताल : हर दिन का बहाना, देर से आना.. जल्दी जाना

## सीएमएस की सख्ती का नहीं असर, ओपीडी से चिकित्सक रहते हैं नदारद, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर नहीं है जिम्मेदारों का नियंत्रण

अमरेंद्र कुमार, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रदेश हो या फिर केंद्र सरकार। आम जन से जुड़ी सुविधओं को लेकर दोनों सरकारें सख्त हैं। पर्याप्त बजट भी केंद्र और राज्य सरकार से दिया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार तनिक भी फिक्रमंद नहीं है।

हम बात कर रहे हैं जिला अस्पताल की। यहां पर तैनात अधिकांश चिकित्सकों से सीएमएस का नियंत्रण न के बराबर है। हाल यह है कि रोगियों के इलाज की कौन कहे, समय से ओपीडी में चिकित्सक बैठते ही नहीं। भीषण गर्मी में रोगी और उनके तीमारदार घंटों इंतजार करते रहते हैं। देर सबेर पहुंचने के बाद किसी न किसी बहाने चिकित्सक गायब हो जाते हैं। पूछने पर कभी ऑन काल बताया जाता तो कभी कुछ और कारण। ऐसे में कई बार रोगियों को मायूस होकर वापस जाना पड़ता है। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। कई कमरों में मरीजों की लंबी कतार लगी रही, लेकिन चिकित्सक की कुर्सी खाली रही। कई तो ऐसे चिकित्सक हैं, जिनकी देर से आना आदत बन चुकी है। पूछने पर पता चलता है कि सीएमएस का भी इन पर दबाव नहीं है। इतना ही नहीं ये खुद बाहर प्राइवेट प्रैक्टिस तक करते हैं। जिला अस्पताल की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं। वहीं इसका खामियाजा दूरदराज से आने वाले रोगियों को भुगतना पड़ रहा है। कभी-कभी तो उनके जान पर तक बन आती है। विवश होकर निजी अस्पतालों की ओर रूख कर जाते हैं।

### इन कमरों में गायब रहे चिकित्सक

सोमवार को सुबह 9 बजे से 9:30 बजे तक मरीज अपने तीमारदार के साथ कमरा नंबर 8, 9, 11, 12, 13, 29 व 31 और नाक, कान गला के ओपीडी के बाहर डॉक्टरों के इंतजार में बैठे रहे। हालांकि यहां पर पंखे चलते रहे, लेकिन इस भीषण गर्मी में मरीज बेहाल नजर आए। इनमें 30-30 किलोमीटर दूर से सुबह सात बजे तो कोई आठ बजे पहुंच गया था। लेकिन चिकित्सक समय से नहीं आने के कारण उन्हें एक घंटा से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। इस संबंध में सीएमएस से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा।


जिला अस्पताल की ओपीडी में खाली पड़ीं चिकित्सकों की कुर्सियां।

> जिला अस्पताल में यदि किसी तरह की दिक्कत आ रही है तो सीएमएस को मुझसे बात करना चाहिए। मैं दिक्कतों में सहयोग करूंगा। चिकित्सकों का ओपीडी से गायब रहना कतई उचित नहीं है।
>
> -डॉ. वीरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी



### सांस का रोगी तो कोई सीने में दर्द से परेशान

अनिल तिवारी केलौली सुबह करीब सात बजे अस्पताल आ गए थे। उन्होंने बताया कि पर्चा बनवाने के बाद वह कमरा नंबर 9 के सामने बैठ गए। वह सांस की बीमारी से पीड़ित हैं। साढ़े नौ बज गए हैं। अभी चिकित्सक नहीं आए। सीने में दर्द कराह रहे अमावां के रामअभिलाष भी सुबह सात बजे आ गए थे।

पुलिस लाइन से आई नीलम ने बताया कि उन्हें कान में दर्द है। वहीं फुरसतगंज से आए मानवेंद्र सिंह को भी कान में दिक्कत थी। इसलिए वह डॉ. विवेक द्विवेदी से इलाज कराने आए हैं, लेकिन डाक्टर 9:30 बजे तक नहीं आए। रेती के रहने वाले शीतल ने बताया कि डॉ. जेके लाल से अपना इलाज करा रहे हैं। अभी तक नहीं आए हैं। सेमरौता के राजापुर की ज्योति अपने बेटे रितेश के कान में फोड़ा, लालगंज के विजयपाल सिंह गाल में दिक्कत व घुरवारा से आई लालती मुंह में पड़े छाले का इलाज कराने के लिए डॉ. शिव कुमार के ओपीडी के बाहर बैठ कर इंतजार करती नजर आई।


अनिल तिवारी


रामअभिलाष


नीलम


मानवेंद्र सिंह

इसके अलावा हड्डी वाह्य विभाग के ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी कतार लगी रही। जिसमें से खीरों से आई भगवानदेई घुटने में दर्द, सलोन के करहिया की रहने वाली कटरहिन अपने हाथों में सूजन व दर्द, जबकि गंगागंज के रोहित अपने हाथ की उंगली में पट्टी व इलाज करवाने आते थे। उन्होंने बताया कि वह सभी लोग 8:30 बजे से लाइन लगाकर खड़े हैं। उनका कहना था कि जब डाक्टर आएंगे तो उनका पहले नंबर आ जाएगा तो वह भीड़ से बच जाएंगे। सुबह 9:15 बजे तक ओपीडी में डॉक्टर नहीं आए। इसी तरह से कमरा नंबर 29 में भी डॉक्टर सलीम व 8, 9, 11, 12, 13 में क्रमशः डॉ विवेक द्विवेदी, डॉ जेके लाल, प्रदीप अग्रवाल, डॉ प्रशांत तिवारी की कुर्सी खाली रही।

# सर्राफ की दुकान से 7 लाख से अधिक के आभूषण लेकर बदमाश फरार

## वारदात : सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों की तलाश कर रही पुलिस


दुकानदार से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार


सीसीटीवी फुटेज में कैद बदमाशों की तस्वीर। अमृत विचार

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर के ऊंचाहार मार्ग पर स्थित सर्राफ की दुकान से चांदी की अंगूठी देखने के बहाने एक बदमाश सोने का आभूषण लेकर भाग निकला। आभूषण की कीमत सात लाख रुपये बताई जा रही है। पीड़ित दुकानदार ने काफी दूर तक उनका पीछा किया लेकिन बदमाश देखते देखते आंख से ओझल हो गए। वहीं यह पूरी वारदात ज्वैलर्स की दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित ज्वैलर्स ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

सोमवार की दोपहर ऊंचाहार मार्ग स्थित अमर बर्तन एवं सर्राफ की दुकान है। दोपहर लगभग सवा 12 बजे के करीब एक बाइक से सवार दो लोग सर्राफ व्यवसायी की दुकान पर पहुंचे। जबकि दूसरा साथी बाहर ही बाइक के पास खड़ा रहा। घटनाक्रम के मुताबिक, आरोपी युवक ने पहले सोने की चेन दिखाने के लिए कहा। इसके बाद कई चेन देखने के बाद उसने बच्चे के लिए लाकेट खरीदी। दुकानदार के मुताबिक युवक ने फिर एक अंगूठी दिखाने को कहा। कीमत पूछने के बाद पैसा कम होने की बात करने लगा। थोड़ी देर बाद पुनः सोने की अंगूठी दिखाने के लिए युवक कहने लगा। दुकानदार ने बताया कि जैसे ही दराज के अंदर से सामान निकालने के लिए उठा, इसी बीच ग्राहक के भेष में आये बदमाश ने लगभग सात लाख कीमत की सोने की जंजीर दुकान से चुराकर बाइक से भाग निकला। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

घटना की सूचना पर सीओ वन्दना सिंह से पुलिस बल के साथ पहुंच गई। वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में लगी है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ऊंचाहार रोड पर अमर कौशल की सर्राफ की दुकान है। सोमवार को सर्राफ की दुकान पर एक युवक सोने की चेन लेकर भाग निकला है। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की पहचान कर तलाश की जा रही है।

### घटना से पहले की थी दुकानों की रेकी

घटना को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने कई दुकानों की रेकी की थी। वारदात की जानकारी जब सर्राफ समूह को हुई तो हड़कम्प मच गया। कस्बे के शिवम ज्वैलर्स ने बताया कि अमर ज्वैलर्स पर घटना को अंजाम देने से पूर्व बदमाश उसकी दुकान में भी गए हुए थे। पापा को शक हुआ इसलिए सामान नहीं दिखाया गया। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी है।

### 2022 में हुई सेंधमारी का खुलासा नहीं

3 अक्टूबर, 2022 को अमर कौशल के बड़े भाई की दुकान गुलाब एन्ड संस की दुकान से चोरों ने सेंधमारी करते हुए करीब सवा लाख रुपये कीमत के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ किया था। घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने खुलासा जल्द न होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी थी, लेकिन पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इस घटना का खुलासा आज तक नहीं हुआ।

### अपहरण व दुष्कर्म का मामला वापस लेने को दी धमकी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** किशोरी को अपहृत कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस पर सुलह के लिए दबाव बनाने और आरोपितों पर दर्ज मामला वापस लेने के लिए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव अकोढिया का है।

गांव की रहने वाली महिला का कहना है कि उसकी नाबालिग पुत्री को प्रतापगढ़ जनपद के हथिगवां थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव निवासी युवक समीर ने अपहृत कर दुष्कर्म किया। जिसका कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने एक माह बाद किशोरी को 24 मई को बरामद किया और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस मामले में उससे सुलह करने का दबाव बना रही है। उधर आरोपित युवक के एक पैरोकार द्वारा उसे धमकाया जा रहा है कि मामला वापस ले लो अन्यथा जान से मार डालेंगे। इससे परेशान पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक को एक पत्र सौंपा है।


सड़क मार्ग बंद किए जाने के विरोध में नाराजगी जाहिर करते ग्रामीण। अमृत विचार

# एनएचएआई ने बंद कर दी सड़क, आक्रोश

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एनएचएआई द्वारा बनाए जा रहे बाईपास के बीच पड़ने वाली कल्याणी सड़क को स्थाई रूप से बंद करने का निर्णय लिया है जिससे दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित हो गया है। इस निर्णय के विरुद्ध ग्रामीण एकजुट हो गए हैं।

ऊंचाहार क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग में बाईपास का निर्माण कराया जा रहा है। यह मार्ग पट्टी रहस कैथवल गांव के पास से निकल रहा है। जिसके बीच में पड़ने वाले कैथवल कल्याणी पक्की सड़क को स्थाई रूप से बंद करने का निर्णय एनएचएआई ने लिया है, जिससे क्षेत्र के गांव कोल्हौर, जब्बारीपुर, खंधारीपुर, बरसवां, पूरे तेवराइन, निरही का पुरवा आदि गांवों के लोगों के आवागमन का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। एनएचएआई द्वारा इन गांवों के हजारों ग्रामीणों के आवागमन के लिए कोई विकल्प भी नहीं दिया है। मामले की जानकारी ग्रामीणों को तब हुई, जब सड़क मार्ग के बीच में खंभा खड़ा करके आवागमन रोका गया। उसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

- विरोध में ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पट्टी रहस कैथवल गांव के प्रधान प्रतिनिधि अनुज उपाध्याय के नेतृत्व में ग्रामीण एकजुट हुए और बंद किए गए सड़क पर जमकर नारेबाजी की। सूचना पर पहुंचे एनएचएआई के अधिकारियों ने फिलहाल सड़क के अवरोध को हटा दिया है। उसके बाद ग्रामीणों ने एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। उधर प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि सड़क मार्ग न बंद करके अंडर पास का निर्माण कराया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो ग्रामीण बाईपास का निर्माण रोक देंगे।

### एसडीएम से निर्माण रोकवाने की मांग

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत में शामिल हुए नए क्षेत्र के बाबा मौनी दास कुटी और मेला ग्राउंड के लिए पड़ी सुरक्षित भूमि पर नगर पंचायत द्वारा निर्माण कराई जा रही दुकानों के विरोध में मोहल्लेवासी उतर आए हैं। एसडीएम को पत्र देकर वार्ड के लोगों धर्मदास, सुशील कुमार, रामहर्ष, रामप्रसाद आदि ने निर्माण को अवैध बताते हुए निर्माण रोकने की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पूर्व में उपजिलाधिकारी कोर्ट में उनके द्वारा मुकदमे की पैरवी की गई थी। कोर्ट ने उक्त भूमि को मेला की सार्वजानिक भूमि घोषित करते हुए उस पर किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लगा दी थी। शिकायतकर्ताओं द्वारा मौके पर जाकर कार्य बंद करवा दिया। मामले में सोमवार को सैकड़ों हस्ताक्षरयुक्त शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपने की बात कही जा रही है।

## सार-संक्षेप


गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए लगाया गया प्याऊ। अमृत विचार

### पूर्व निकाय अध्यक्ष ने राहगीरों के लिए शुरू किया प्याऊ

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** गर्मी चरम पर है। ऐसे में नगर से गुजर रहे राहगीरों को शीतल शुद्ध पेयजल सुलभ कराकर उनके हलक तर करने की सराहनीय पहल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शाहीन सुलतान ने की है। नगर के मुख्य चौराहा पर आरओ के ठंडे पानी का स्टाल लगाया गया है। सोमवार को शुरू किए गए इस प्याऊ से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। निकाय की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि इस समय गर्मी से लोग बेहाल है, कई लोग शरीर में पानी की कमी के कारण बीमार हो रहे हैं। राहगीरों को पीने के पानी की दिक्कत न हो इसलिए शुद्ध और पेयजल का स्टाल लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पानी पिलाना न सिर्फ इस्लाम में बड़े शबाब का काम है अपितु हिंदू धर्म में भी जल दान सर्वश्रेष्ठ दान माना गया है। मुख्य चौराहा के खरौली रोड के किनारे लगाया गया यह प्याऊ स्टाल 30 जून तक रोज चलेगा। इस मौके पर अरशद सुलतान, मो. वसीम, राजू कहार, धनश्याम, नाटू, जहीर आदि बहुत लोग मौजूद थे।


श्री बाल्हेश्वर धाम परिसर में आयोजित संस्कारशाला में मौजूद बच्चे। अमृत विचार

### निःशुल्क बाल संस्कारशाला की शुरुआत

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** श्री बाल्हेश्वर धाम परिसर में श्री बाल्हेश्वर सेवा समिति ऐहार द्वारा आठ दिवसीय निःशुल्क संस्कारशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के नियोजक एवं समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी कीर्ति मनोहर शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम के संयोजक मनोज कुमार पांडेय, योग प्रशिक्षक आचार्य आलोक मिश्रा द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा प्रसिद्ध कथावाचक विद्वान आचार्य पंडित झिलमिल महाराज ने दिनचर्या पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को शिक्षित जीवन के साथ-साथ संस्कार युक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जीवन शैली को अपनाने का आह्वान किया। संस्कारशाला के मुख्य शिक्षक राजेंद्र तिवारी के द्वारा सदाचारी जीवन जीने के गुण बताएं गये। ग्रीष्मकालीन इस संस्कारशाला में पहले दिन 54 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। संस्कारशाला के आयोजन से आसपास के छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है जिसमें 100 से अधिक संख्या रहने की संभावना है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम शंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष अनुज अवस्थी, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी, कार्यक्रम के सहसंयोजक अतुल मिश्रा, राज किशोर सिंह बघेल, शिवबरन वर्मा, जितेंद्र यादव सहित शिक्षार्थी मौजूद रहे।

# झांसा देकर लाखों के गहने ले उड़ी महिला

सलोन, रायबरेली

- आभूषणों में नए डिजाइन के लिए नेपाल ले जाने का दिया झांसा
- पीड़ित महिलाओं ने दी तहरीर पुलिस ने किया इनकार

**अमृत विचार :** आभूषणों के डिजाइन विदेश भेजने का झांसा देकर ग्रामीण महिलाओं से सोने के आभूषण लेकर अज्ञात शातिर महिला फरार हो गई। सोने के आभूषणों की कीमत लगभग 15 लाख रुपये की बताई जा रही है। आभूषणों की ठगी होने से नाराज महिलाओं ने कोतवाली का दरवाजा खटखटाया है।

मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पूरे कुम्हारन के पुरवा गांव का है, जहां अज्ञात महिला बर्तन बेचने के लिए गांव आई हुई थी। बर्तन बेचने के दौरान उसने गांव की महिलाओं से कहा कि अगर वह अपने सोने-चांदी के जेवरात में नया डिजाइन बनवा लें तो उन जेवरों की कीमत दोगुनी हो जाएगी। इसके बाद उसने नेपाल जाकर नए डिजाइन बनवाने की बात कही और पूरे गांव में एक-एक घर जाकर लगभग एक दर्जन से अधिक महिलाओं के सोने के लॉकेट चूड़ी, झुमके, व चांदी की पायल सहित लगभग 15 लाख रुपए कीमत के जेवरात लेकर फरार हो गई। जब ग्रामीणों ने महिला की काफी देर तक तलाश की लेकिन जब वह नहीं मिली तो सभी लोगों ने थाने पहुंचकर अज्ञात महिला के विरुद्ध तहरीर दी है। कन्यावती, बिपता, पूनम, संगीता समेत एक दर्जन महिलाओं ने बताया कि बाहरी राज्य की महिला ने उनके साथ आभूषणों के डिजाइन विदेश भेजने के नाम पर ठगी की है। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उन्हें इस घटना के सम्बंध में कोई तहरीर नही मिली है।


पुलिस को तहरीर देने जातीं ठगी का शिकार महिलाएं। अमृत विचार

### तीन दिवसीय ताइक्वांडो टेक्निकल समर कैंप शुरू

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के डॉ रिजवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ताइक्वांडो का तीन दिवसीय टेक्निकल समर कैंप सोमवार को शुरू किया गया। जो 29 मई तक चलेगा। इस कैंप में हिमाचल प्रदेश के ताइक्वांडो ट्रेनर सुभाष ठाकुर सिक्स डान ब्लैक बेल्ट धारक एनआईएस कोच इंटरनेशनल रेफरी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस चिलचिलाती धूप और गर्मी में खिलाड़ियों का हौसला देखते बन रहा है। इस कैंप में दो बार प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें सुबह और शाम साढ़े चार बजे से सात बजे तक खिलाड़ियों को फाइट की और पूमसे की ट्रेनिंग कराई जाती है। इस समर कैम्प में डिम्पी तिवारी, पूनम यादव, अखण्ड दीप सोनकर, सलमान खान, महताब आलम, जितेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### गाजी मियां के मेले में जुटी भीड़


गाजी मियां के मेले में पहुंचे जायरीन। अमृत विचार

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे में आपसी भाईचारा व सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक हजरत सालार सैयद मसूद गाजी मियां के मेले में सोमवार को हजारों की संख्या में जायरीनों ने पहुंच कर अपनी मुरादें मांगी। गाजी मियां का मेला गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल माना जाता है। कड़े मानिकपुर से शुरू हुआ गाजी मियां का मेला सलोन होते हुए सोमवार को परशदेपुर पहुंचा।

### बाइक से गिरकर भाई-बहन घायल, हालत गंभीर

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कन्नावा गांव के पास बाइक सवार दो भाई-बहन सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। निगोहा थाने के मीरखनगर गांव के रहने वाले मनीष (22) अपनी बहन एकता (20) के साथ किसी काम के सिलसिले से रायबरेली गए थे। जब वह वापस लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गहरी खाई में जा गिरे। इस घटना में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को बछरावां अस्पताल पहुंचाया। वहां पर प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# सड़कों के निर्माण में मिट्टी की खुली लूट

## एक्सप्रेस-वे के ठेकेदार व एनएचएआई की कंपनी कर रही धरती को छलनी

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** पूरे क्षेत्र में इस समय मिट्टी की खुली लूट मची हुई है। एक तरफ गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदार पूरी तरह क्षेत्र में लूट मचाए हुए हैं तो दूसरी ओर एनएचएआई के बाईपास में कालू वाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने भी सारे नियमों को धता बताकर धरती का सीना छलनी किए हुए है।

लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग में इस समय बाईपास का निर्माण चल रहा है। इस निर्माण कार्य में हरियाणा की कंपनी कालू वाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड मिट्टी भराई का काम कर रही है। दूसरी ओर गंगा एक्सप्रेस वे का काम चल रहा है। दोनों निर्माण कार्य में खनन के सारे नियमों को ताक पर रखकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। बाईपास निर्माण की एजेंसी कालू वाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इस समय क्षेत्र के शाहाबाद सनबिरवन, पूरे भोज, सवैया धनी, अरखा, जगतपुर सहित कई गांवों में मिट्टी के खनन का काम कर रही है। इसमें खनन के लिए आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गई है। जगह-जगह पर बड़े बड़े गड्ढे बना दिए गए हैं। जिससे आसपास की कृषि योग्य भूमि के अस्तित्व पर भी खतरा पैदा हो गया है। बरसात के दिनों में जब पानी का तेज बहाव होगा तो खेतों की मिट्टी भी बहकर कुएं के आकार में बने गड्ढों में समा जायेगी। हालात यह है कि क्षेत्र के लोग परेशान है और उनकी फरियाद तक सुनने वाला कोई नहीं है।


गंगा एक्सप्रेसवे के लिए मिट्टी ले जाने से हुआ गड्ढा। अमृत विचार

## एक नजर

### विषाक्त पदार्थ खाने से महिला की बिगड़ी हालत

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के जगतपुर की रहने वाली एक महिला ने किसी बात को लेकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया। सोमवार को जगतपुर की रहने वाली मधु नहीं किसी बात को लेकर अपने ही घर में विषाक्त पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी तो पति तेजभान द्वारा उन्हें जगतपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने बताया कि एक महिला विषाक्त पदार्थ खाकर आई थी। उसकी हालत काफी गंभीर थी। जिला चिकित्सालय भेजा गया।

### दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार देर मारपीट में घायल हुए युवक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के बारे में जानकारी की गई तो युवक निवासी ग्राम पश्चिम गांव थाना क्षेत्र बछरावां का बताया गया है कि और यह घटना 20 मई की रात की बताई गई। जिसमें युवक को घर के बाहर निकलते ही, गांव के ही तीन लोगों ने राड से मारकर घायल कर दिया। युवक के परिजनों द्वारा अस्पताल में इलाज करवाया गया तथा घटना की सूचना थाने में भी दी गई। जब घायल युवक से बातचीत की गई तो उसने बताया कि पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए पर पुलिस अधीक्षक रायबरेली को ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है।

### विशेष मेधा सम्मान समारोह कल

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा महाविद्यालय में सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्राचार्य, प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के इंटरमीडिएट के सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड, यूपी बोर्ड एवं अन्य सभी बोर्ड से उत्तीर्ण, ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने 80 प्रतिशत एवं 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को बैसवारा महाविद्यालय में 29 मई को लेक्चर थियेटर में सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि इससे छात्रों में अच्छे अंक अर्जित करने के लिए प्रेरणा भी मिलेंगी।

# डॉक्टरों की कमी का दंश झेल रहा लालगंज का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

## ● सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं का टोटा ● डॉक्टर रहते हैं नदारद ● वार्डों में बेड से चादर नदारद ● पंखे न होने से बुरा हाल

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के मामले में ठीक ढंग से बना है, लेकिन संसाधनों के अभाव में मरीज इलाज के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के बावजूद अल्ट्रासाउंड नहीं होता है। एक्सरे ऑपरेटर के अवकाश लेने पर लोगों को एक्सरे की भी सुविधा नहीं मिल पाती है।

सोमवार को एक्सरे रूम बंद होने के बावजूद डॉक्टर एक्सरे लिख रहे थे और मरीज एक्सरे कक्ष के बाहर कमरा खुलने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन जब उन्हें पता चला कि आज एक्सरे रूम नहीं खुलेगा तो वह मायूस होकर लौट गए। वही सरकारी अस्पताल के खस्ताहाल होने और कर्मचारियों के लापरवाह रवैये की कहानी ओटी गैलरी में कुत्ते के टहलने से भी समझी जा सकती है। वर्तमान में पड़ रही भारी गर्मी के बीच सोमवार को भारी भीड़ उमड़ने के बावजूद सरकारी अस्पताल से चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेश गौतम स्वयं गायब रहे। वहीं इमरजेंसी में भी कोई डॉक्टर नहीं था। कुर्सी खाली पड़ी थी। बच्चों के डॉक्टर सत्यजीत करीब 11 बजे पहुंचे। इसके पूर्व वे सरकारी अस्पताल के बाहर इंटर कॉलेज खेल मैदान के सामने डॉक्टर कफील की क्लीनिक में बैठकर प्राइवेट तौर पर मरीज देख रहे थे। तब तक उनके कक्ष के बाहर छोटे-छोटे बच्चों को दिखाने आई महिलाओं की भीड़ इकट्ठा हो गई। महिलाएं योगी सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त कर रही थीं। महिलाओं का कहना था कि सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद सरकारी अस्पताल के हालात सुधर नहीं रहे हैं। डॉ गौरव पांडे थोड़ी-थोड़ी देर में गायब हो जाते हैं और उनके द्वारा सिस्टम वाली बाहर की दवा लिखे जाने की भी मरीज शिकायत करते हैं। हालांकि इन सब के बीच डॉ कुमार विमल और डॉ संजीव कुमार सिंह अपनी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहकर मरीजों को संभालने का भरसक प्रयास करते हैं और उनके कक्षों में मरीजों की भी भारी भीड़ लगी रहती है। डॉ आरके तिवारी अपने कमरे के बजाय इमरजेंसी के पीछे बने कक्ष में मरीज देख रहे थे। अस्पताल के बड़े बाबू मौके से नदारद था, जिसके कारण डॉक्टरों की सही नियुक्ति का पता नहीं चल सका है। उनकी खाली कुर्सी यह बता रही थी कि वह कभी भी समय से ड्यूटी पर नहीं आते हैं। हालांकि वह किसी का भी काम ऐसे नहीं करते हैं।



सीएचसी के वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार



सीएचसी में बंद एक्स-रे कक्ष।



सीएचसी में टहलता कुत्ता।

### अधीक्षक का कहना...

सरकारी अस्पताल की खस्ताहाल व्यवस्था को लेकर जब चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेश गौतम से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि लालगंज में आठ पुरुष डॉक्टर और तीन महिला डॉक्टर तैनात हैं। जिनमे में दो डॉक्टर जिला अस्पताल में अटैच हैं। लालगंज की इमरजेंसी में भी अलग से डॉक्टरों की तैनाती नहीं है, जिसके कारण डॉक्टरों के ऊपर मरीजों का भारी बोझ बना रहता है।

### भाजपा मंडल उपाध्यक्ष का कहना...

वही मामले में जब भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष वीके सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी से फोन पर इमरजेंसी में डॉक्टर ना होने की शिकायत किया तो उन्होंने लापरवाह भरा उत्तर दिया और कहा कि ओपीडी में डॉक्टर होंगे।

# आसमान से बरस रही आग, तापमान 45 डिग्री पार

## लोग घरों में दुबके, बाजारों में पसरा सन्नाटा, बिजली न आने से बढ़ी समस्या, जनजीवन अस्त-व्यस्त

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** सुबह होते ही तेज धूप के कारण लगता है कि आसमान से आग बरस रही है। भीषण गर्मी से दोपहर 12 बजे से लेकर कर शाम छह बजे तक सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है। इस कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं बिजली के कट ने जनता की मुसीबतों को और बढ़ा दिया है।

सोमवार को क्षेत्र का अधिकतम तापमान 45 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम 37 डिग्री तापमान रहा। गौरतलब है कि गत शनिवार को अधिकतर तापमान 43 डिग्री था, जो रविवार को बढ़कर 44 पर चला गया। सोमवार को बढ़कर सीधा 45 डिग्री पर पहुंच गया है। लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। दूसरी तरफ ग्राहक न होने के कारण बाजारों में दुकानदार खाली बैठे हुए हैं। गर्मी में शीतल पेय पदार्थो की बिक्री बढ़ी है। लू का असर भी क्षेत्रवासियों पर पड़ा है। लोग घरों में दुबकर पंखे, कूलर, एयरकंडीशनर, फ्रिज का सहारा लेकर गर्मी से बचाव कर रहे हैं। गन्ने का रस, मीठी व नमकीन शिकंजी, मौसमी जूस, लस्सी व नींबू पानी सहित अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेकर गर्मी से बचाव किया जा रहा है। क्षेत्र के हर तरफ पेय पदार्थों की रेहड़ियों की भरमार है।



चिलचलाती धूप में सूनसान सड़क पर जातीं छात्राएं। अमृत विचार

### तेज लू के थपेड़े लोगों को कर रहे बीमार

गर्मी का मौसम आते ही बीमारियों का प्रकोप भी शुरू हो गया है। मक्खी-मच्छरों की भरमार हो गई है। दिन में चल रही तेज लू के थपेड़े लोगों को बीमार कर रहे हैं। इस मौसम में डायरिया, एलर्जी व आंखों के रोगियों की संख्या बढ़ी है। सेहत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लू के कारण मौसम शुष्क हो जाता है, जिससे मानव शरीर में पानी की कमी हो जाती है। पसीना आने व गर्म हवा लगने से शरीर के अंदर नमी घटने लगती है। लगातार धूप में रहने से भी लू लग सकती है। लू लगने से शरीर की तंत्रिका ठीक तरह से काम करना बंद कर देती है व मरीज को उल्टी, सिरदर्द, कमजोरी, मांसपेशियों में ऐंठन व दर्द महसूस होने लगती है।

### ये बरतें सावधानी

- ऊंचाहार के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुनील चौहान के अनुसार इस मौसम में सिर को ढककर रखें और भूखे पेट धूप में निकलने से बचें।
- दोपहर के समय ज्यादा जरूरी होने पर ही बाहर निकलें। धूप में घूमने वाले प्याज का सेवन अधिक करें और दिन में कम से कम 8-10 लीटर पानी पिएं। नींबू पानी पीने व छाछ का अधिक सेवन करें तथा गरिष्ठ भोजन से परहेज करें।
- एलर्जी की समस्या हो तो दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पियें व काली मिर्च के 4 से 6 दाने चबाएं।

### लू लगने के लक्षणों को अनदेखा न करें : डॉ. महमूद

ऊंचाहार सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महमूद अख्तर बताते हैं कि लू के कारण शरीर की कार्यप्रणाली पर प्रभाव पड़ता है, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए लू से बचने व लू लगने के लक्षण को अनदेखा नहीं करना चाहिए।

### पशु-पक्षियों का भी है बुरा हाल

इस तपते मौसम में सबसे ज्यादा बुरा हाल पशु-पक्षिओं का है। सुबह आठ बजते ही गर्मी का प्रकोप शुरू हो जाता है, जो देर शाम तक जारी रहता है। इस भयंकर गर्मी में बेजुबान जानवर छाया व पानी के लिए भटकते रहते हैं। पशु पालकों के अनुसार इस भयंकर गर्मी में पशुओं को लू व सीधी धूप से बचाना चाहिए। पशुओं को ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाएं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली अयोध्या हाईवे पर सोमवार की तड़के ड्यूटी से वापस लौट रहे एक युवक को एक चौपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के चकदादर गांव का रामकिशोर (40) इंडस्ट्रियल एरिया में काम करता था। आज तड़के 4 बजे की छुट्टी होने के बाद घर वापस लौट रहा था, तभी पावर ग्रिड के पास रोड से गुजरे एक चौपहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने रामकिशोर को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।


### सार्वजनिक नोटिस

इसके द्वारा व्यापक रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता 127.18 वर्ग मीटर के खसरा नंबर 1165 मिनट के स्वामित्व की जांच कर रहे हैं। श्रीमती से संबंधित स्नेहलता पुत्री स्वर्गीय केशवशरण, पत्नी श्री राम नरेश, स्थित, मोहल्ला–/, ग्राम–बड़ेल बहार सीमा नगर पंचायत, तहसील–नवाबगंज, जिला–बाराबंकी। उल्लेखनीय है कि उक्त संपत्ति का मूल विक्रय विलेख दिनांक 15/01/2008 को एक भाग (हस्तांतरणकर्ता) और 2. श्रीमती स्नेहलता पुत्री स्वर्गीय केशवशरण पत्नी श्री राम के बीच श्री सीताराम पुत्र श्री छेदा के बीच निष्पादित किया गया था। नरेश अन्य भाग (क्रेता) जो उप रजिस्ट्रार कार्यालय, नवाबगंज, बाराबंकी में विक्रय विलेख दस्तावेज़ संख्या– के माध्यम से पंजीकृत है–325, और उसके बाद के संशोधन को विक्रय पत्र संख्या के माध्यम से उप रजिस्ट्रार, नवाबगंज, बाराबंकी के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है–325 लेकिन उपरोक्त विक्रय पत्र खो गया है और श्री राघवेंद्र शर्मा द्वारा दिनांक 24/05/2024 को ऑनलाइन एफ. आई.आर. दर्ज कराई गई है। वे सभी व्यक्ति जिनके पास उक्त संपत्ति या उसके किसी हिस्से के संबंध में बिक्री, विनिमय, बंधक, किराये, पट्टे, ग्रहणाधिकार, शुल्क, रखरखाव, लाइसेंस, उपहार के माध्यम से कोई अधिकार, स्वामित्व, दावा, मांग या संपत्ति हित है या दावा करते हैं। विरासत, शेयर, कब्ज़ा, सुख सुविधा, ट्रस्ट, वसीयत कब्ज़ा, असाइनमेंट या किसी भी प्रकृति का भार या अन्यथा, ऐसे किसी भी दावे के बारे में सभी आवश्यक और सहायक दस्तावेजों के साथ नीचे उल्लिखित पते पर लिखित रूप में 07 के भीतर सूचित करने का अनुरोध किया जाता है। इसके प्रकाशन की तारीख से सात दिन, ऐसा न होने पर यह माना जाएगा कि कोई दावा नहीं है और दावा, यदि कोई हो, माफ कर दिया गया है और अधोहस्ताक्षरी एक शीर्षक जांच रिपोर्ट जारी करने के लिए आगे बढ़ेगा।

तेज बहादुर सिंह–वकील
हैदरगढ़ रोड, भिटरिया, बाराबंकी,
मो0: 9839504807, स्थान: बाराबंकी
दिनांक: 26/05/2024


# मां वैष्णो देवी के जागरण में उमड़े श्रद्धालु

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत हैदरगढ़ रोड भवानीगढ़ चौराहा स्थित जयश्री रेस्टोरेंट के समीप श्रद्धा म्युजिकल ग्रुप द्वारा मां वैष्णो देवी के चतुर्थ जागरण का भव्य आयोजन किया गया। जागरण में श्रद्धा म्युजिकल ग्रुप के मशहूरों गायकों ने जहां भक्ति गीतों से समां बांध दी। वहीं साहिल झांकी ग्रुप कानपुर के मशहूर कलाकारों ने अद्भुत आकर्षण झांकियां दिखाकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

जागरण की शुरुआत कार्यक्रम के आयोजक एवं श्रद्धा म्युजिकल ग्रुप के निर्देशक रिंकू जायसवाल द्वारा विघ्न विनाशक गणेश की वन्दना एवं मां वैष्णो देवी की पूजा अर्चना से की गई। श्रद्धा म्यूजिकल ग्रुप के निर्देशक एवं मशहूर गायक रिंकू जायसवाल, निहारिका, रुबली, त्रिवेदी, शनी द्विवेदी आदि गायकों ने माता रानी के जागरण में एक से एक भक्ति गीत गाकर श्रद्धालुओं को झूमने, गाने एवं तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। वहीं साहिल झांकी ग्रुप कानपुर के मशहूर कलाकारों ने विघ्न विनाशक गणेश, राधा-कृष्ण, मथुरा, वृंदावन, बरसाने की फूलों की होली, राधा-कृष्ण की रासलीला, सुदामा चरित्र, शंकर-पार्वती, भोलेनाथ का तांडव नृत्य, बाहुबली हनुमान आदि झांकियों की दिव्य प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने, गाने एवं थिरकने को मजबूर कर दिया।

इस मौके पर गोपाल जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, रामजी जायसवाल, माया जायसवाल, हरिकृष्ण, हरिओम, बीके शुक्ला, मुकेश सिंह, वैष्णवी, राधा, श्रद्धा, जायसवाल, अभी, पार्थ, सरिता जायसवाल, कन्हैया मिश्रा, वैभव, ऋषि मिश्रा, शिवा, श्रद्धा, अंकित पाण्डेय, अनूप मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



जागरण में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार।

▶▶ जागरण में कलाकारों ने दिखाई अद्भुत झांकियां

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भीगी गांव की रहने वाली एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराली जनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

भीख गांव की रहने वाली अनामिका ने प्रेम प्रसंग के चलते गांव के ही गैर बिरादरी सुधीर से एक वर्ष पहले कोर्ट मैरिज कर ली और उसके बाद दोनों एक साथ रहने लगे। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की खातिर विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे और मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर पति, ससुर, सास, ननद, जेठानी तथा देवर को नामजद करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

## गांव में मिली मानव खोपड़ी की जांच करने पहुंची फॉरेंसिंग टीम

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खाले गांव मजरे शेषपुर समोधा गांव में एक मानव खोपड़ी मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है।

आशंका जताई जा रही है कि यह मानव खोपड़ी गांव में गायब हुए एक वृद्ध की है। क्षेत्र के खाले गांव मजरे शेखपुर समोधा गांव में सोमवार को एक तालाब से मानव खोपड़ी बरामद होने से गांव में दहशत व्याप्त है। सूचना पाते ही घटनास्थल पर गांव वालों का तांता लग गया। इसी बीच गांव के रहने वाले तिलक शर्मा भी पहुंचे और उन्होंने आशंका जताई कि उनके मामा माता प्रसाद शर्मा (82 वर्ष) जो की 25 अक्टूबर वर्ष 2022 की शाम को 5 बजे घर से अचानक लापता हो गए थे, यह खोपड़ी उन्हीं की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तिलक शर्मा के भी बयान लिये। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा का कहना है कि मौके पर पहुंच कर मानव खोपड़ी को बरामद कर कब्जे में लिया गया है। फारेंसिक टीम की भी मदद ली गई है। जांच की जा रही है। आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नाड़ी परीक्षण व पंच कर्म चिकित्सा से होगा इलाज

## एम्स में मरीजों का इलाज करने के लिए आयुष ओपीडी की शुरुआत

राही, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी, उप निदेशक एसके सिंह एवं डीन नीरज कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर आयुष ओपीडी का उद्घाटन किया।

निदेशक ने कहा कि एलोपैथी के साथ-साथ भारतीय चिकित्सा पद्धति-आयुर्वेद के माध्यम से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिले। जिसके लिए आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरि कृष्ण पारीक की नियुक्ति की गयी है। जल्द ही मरीजों को भर्ती करने के लिए 30 बेड के साथ विभाग की शुरुआत की जाएगी। मधुमेह, मानसिक रोगों और नसों के रोग न्यूरोलोजी में एलोपैथी और आयुर्वेद दोनों चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय से उच्च स्तरीय शोध कार्य भी किये जायेंगे।

कर्नल यूएनराय ने बताया कि जल्द ही आयुष हॉस्पिटल भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। जिससे आयुष सेवाओं का विस्तार हो सकेगा। चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ सुयश सिंह ने बताया कि दोनों चिकित्सा पद्धतियों के सम्मिलित सहयोग से हम गंभीर बीमारियों में खराब जीवन शैली जनित रोगो में कोरोना पश्चात उत्पन्न रोगो में मरीजों को लाभान्वित कर पाएंगे। विभिन्न नवीन शोध भी दुनिया के समक्ष रखने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी कुंवर योगेश्वर सिंह, प्रो डॉ गौरव उपाध्याय, प्रो डॉ भोलानाथ, प्रो डॉ प्रगति गर्ग, डॉ अरविंद कंचन, डा शेफाली, डॉ श्रुति सिन्हा सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार मौजूद रहे।



आयुष विभाग की ओपीडी का उद्घाटन करते निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी।

### ओपीडी में मरीजों का इलाज शुरू

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभाग में लगभग 6 वर्ष की सेवा दे चुके डॉ हरि कृष्ण पारीक ने भगवान धनवन्तरि की पूजा के साथ ओपीडी में मरीजों का इलाज शुरू किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा में अब नाड़ी परीक्षण के माध्यम से त्वचा के रोग, सफेद दाग, मधुमेह, पुरुषों और महिलाओं के रोग, लकवा, जोड़ो के दर्द, पेट, लिवर, फेफड़े, किडनी के रोगों में चिकित्सा व्यवस्था का लाभ मरीजों को मिल सकेगा। ओपीडी व्यवस्था के बाद जल्द ही आयुर्वेद के पंचकर्म द्वारा भी इलाज शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लगभग सभी बीमारियों की चिकित्सा में पंचगव्य चिकित्सा के साथ वैज्ञानिक शोध आधारित इलाज किया जायेगा।



डॉ. हरि कृष्ण पारीक।

### पंचगव्य औषधियों से शरीर होगा निरोग

पंचगव्य एवं पंचकर्म चिकित्सा से मरीज को लाभ पहुंचाया जाएगा। पंचकर्म चिकित्सा में वमन, विरेचन, बस्ति, रक्तमोक्षण मुख्य कर्म और शिरोधारा, कटि बस्ति, जानु बस्ति, स्नेहन, स्वेदन, पिंड स्वेद उपकर्म आते है। पंचगव्य चिकित्सा में गाय के दूध, घृत, दही, गोरस का या इनसे बनी औषधियों का प्रयोग करके शरीर के हानिकारक फ्लोरा जीवाणुओं को हटाकर उपयोगी स्किन फ्लोरा और गट फ्लोरा में परिवर्तित किया जाता है।


प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000**

**प्लाट बिकाऊ है**

26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।
**पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला– अयोध्या मो0नम्बर = 9721860359 9415548728**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने बडे पुत्र सलमान के गलत आचरणों से दुखी होकर उससे सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **– जान मोहम्मद पुत्र स्व0 अली जान निवासी तिवारी पुरवा बहराईच रोड, परगना व तहसील गोण्डा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं ANWAR AHMAD SIDDIQUI **पुत्र** WAQAR AHMAD **निवासी :– 504/89, बरौलिया , टैगोर मार्ग, डालीगंज, लखनऊ** का हूँ, मैंने अपना नाम ANWAR AHMAD से बदलकर ANWAR AHMAD SIDDIQUI रख लिया हैं, आज से मुझे ANWAR AHMAD SIDDIQUI के नाम से जाना व पहचाना जाये

**सूचना**

पूर्व में मेरा नाम दिब्या सोनी (DIBYA SONI) था। अब भविष्य में मुझे दिव्या सोनी (DIVYA SONI) के नाम से जाना व पहचाना जाए। **दिव्या सोनी पत्नी हिमांशु सिंह आई – 306 केशवपुरम कल्याणपुर कानपुर नगर।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम PANKAJ KUMAR TRIPATHI से बदलकर PANKAJ TRIPATHI रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o- SURENDRA KUMAR TRIPATHI ADD- 2/667 VIKAS NAGAR SECTOR 2, LUCKNOW (U.P.).**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र वसीम अहमद व उसकी पत्नी रहनुमा बानो मुझसे अलग रहते हैं। दोनों का चाल चलन ठीक नहीं है। वे मुझे बराबर परेशान कर रहे हैं। वसीम अहमद और रहनुमा बानो की गलत आदतों से तंग आकर मैंने उन्हें अपनी समस्त संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी कार्य के प्रति मेरी जिम्मेदारी नही है। **– मो. नईम सुत मो. अमीन ग्राम भण्डारखाना हसनपुर थाना बंधुआकलां तहसील सदर जिला सुलतानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम KM. MOHINI DEVI था से बदलकर MOHINI SRIVASTAVA रख लिया है। अब मुझे MOHINI SRIVASTAVA के नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O SARVESH KUMAR, ADDRESS- 4/12, SAHARA STATE ROAD SECTOR- H, JANKIPURAM LUCKNOW, PIN- 226021**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र आयुष गुप्ता पुत्र स्व0 मोनू गुप्ता निवासी– संगीत टाकीज देवीदीन का हाता थाना सीसामऊ कानपुर नगर की गलत आदतें व क्रिया कलाप अच्छा न होने के कारण उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों, सरकारी/ अर्द्धसरकारी लेन–देन व कानूनी कार्यवाही से मेरा व मेरा परिवार का कोई सरोकार व वास्ता न होगा। समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। **श्रीमती ज्योति गुप्ता पत्नी स्व0 मोनू गुप्ता निवासी– संगीत टाकीज देवीदीन का हाता थाना सीसामऊ कानपुर नगर उ0प्र0।**

**सूचना**

सूचित हो मेरी भा0जी0बी0निगम की पालिसी सं0– 217209194 में मेरा नाम नन्हे अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य आवश्यक कागजात में मेरा नाम मेवा लाल दर्ज है। मुझे गांव में नन्हे कहा जाता है। उपरोक्त दोनों नाम मेवा लाल व नन्हे एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे हैं। अत: मेरा नाम मेवा लाल माना जाये। **मेवा लाल पुत्र राम बहादुर निवासी पूरे निरही मजरे बिरनावा थाना डीह तहसील सलोन जिला रायबरेली।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र योगेंद्र सिंह के गलत सोहबत में पड़ जाने के कारण संबंध विच्छेद करते हुए चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। योंगेंद्र सिंह से किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मुझसे और मेरे घर वालों से कोई सरोकार नहीं होगा। **फूल श्री पत्नी रामनरेश निवासी सरैया चुंगी कचौरा रोड इटावा।**

**सूचना**

बैनामा संख्या 6479 दिनांक 15–12–1988 को श्याम सुंदर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार पुत्र चौधरी शंकर दयाल निवासी राहतपुरा कस्बा इटावा के द्वारा श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी डॉ. आई के शर्मा को दिया गया था। क्षेत्रफल 887 वर्ग फुट था। दिनांक 17.8. 2006 को उक्त बैनामा शारदा शर्मा से मैंने ले लिया था। किंतु प्रथम बैनामा 6479 रास्तें में कहीं गिर गया है। **मंजू यादव पत्नी अरविंद कुमार निवासी सहसारपुर सैफई, इटावा**

## एक नजर

### फोटो लगाकर उल्टे सीधे पोस्ट डालने का आरोप

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** फेसबुक पर पत्नी की फोटो लगाकर के उल्टे सीधे पोस्ट डाले जाने का आरोप जिला पंचायत सदस्य के पति ने लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहम्मदपुर खाला थाना के दौलतपुर गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि निशा मिश्रा नाम की फेसबुक आईडी पर पत्नी डीडीसी अंजली सिंह की फोटो लगाकर निशा मिश्रा उल्टे सीधे पोस्ट डाल कर मेरी पत्नी की छवि धूमिल कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने जांच कर कार्रवाई किए जाने की बात कहीं है।

### बल्लोपुर की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिगनी गांव में चल रहे तीन दिवसीय खालसा क्रिकेट टूर्नामेंट लीग का समापन फाइनल मैच को खेल कर किया गया। सोमवार को फाइनल मुकाबला बल्लोपुर और जिगनी के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए बल्लोपुर टीम ने आठ ओवर में 117 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिगनी टीम 57 रन बनाकर ढेर हो गई। बल्लोपुर की टीम ने साठ रन से जीत दर्ज करके फाइनल मैच अपने नाम किया है। मैन आफ द मैच का खिताब बल्लोपुर टीम के अजय शुक्ला को जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अमरेन्द्र सिंह और भाजपा कार्यकर्ता उमाकांत गोस्वामी ने दिया। इस मौके पर हरविंदर सिंह, धीरज कुमार, गोलू आदि उपस्थित रहे।

### अभद्र टिप्पणी से लोगों में आक्रोश

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्राह्मणों व देवताओं पर अभद्र टिप्पणी किए जाने से लोगों में आक्रोश है। सोशल मीडिया में विवादित कमेंट से नाराज लोगों ने थाना में तहरीर दी है।

सोमवार की दोपहर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के धर्म जागरण प्रमुख जितेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में उमाकांत गोस्वामी, प्रशांत सिंह, सुरेंद्र तिवारी, आलोक अवस्थी, महेंद्र पाण्डेय, दुर्गेश अवस्थी, हरिष मिश्रा, रामानंद शुक्ला, विकास सिंह सहित एक दर्जन क्षेत्रीय लोग मोहम्मदपुर खाला थाना पहुंचे और शिकायत की। तहरीर में बताया कि इसी थानांतर्गत पथरापुर मजरे दुर्गापुर नौबस्ता गांव के बालेंद्र सिंह यादव और खाले पुरवा मजरे क्योटली गांव के ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने रविवार की शाम फेसबुक में ब्राह्मणों और ब्रम्हा जी को लेकर कुछ अमर्यादित टिप्पणी करते हुए काफी उल्टा सीधा लिखा था। जिससे क्षेत्रीय ब्राह्मण आक्रोशित हो उठे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ओर से ही अमर्यादित कमेंट हुए हैं। जांच की जा रही है। दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# पर्ची बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने तक हर कदम पर दुश्वारियां

## मंडल में इलाज और सुविधाओं के नाम पर पहला स्थान पाने वाले जिला अस्पताल का हाल-बेहाल, पीने का ठंडा पानी भी नहीं है उपलब्ध

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिला पुरूष अस्पताल में मरीजों को पर्चा बनवाने से लेकर डाक्टरों को दिखाने के लिए हर कदम पर दुश्वारियां ही दुश्वारियां उठानी पड़ रही हैं। नौपता की वजह से प्रचंड गर्मी में मरीज बड़ी आस लेकर अस्पताल आते हैं कि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। लेकिन यहां तो कदम कदम मरीजों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। आलम यह है कि जिला पुरूष अस्पताल में मरीजों को शीतल जल की व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं है। वाटर कूलर तो लगे हैं पर पानी गर्म दे रहे हैं। मरीजों और उनके तीमारदारों को बाहर से पानी की बोतल खरीदना पड़ रहा है। ओपीडी में कहीं डाक्टर मौजूद हैं तो कहीं अप्रेंटिस कर रहे चिकित्सकों के सहारे मरीज का इलाज चल रहा है। इसके अलावा तमाम डाक्टरों के साथ प्राइवेट लड़के मरीजों को बाहर की दवा भी लिखते मिले। अमृत विचार के संवाददाता ने जब जिला पुरूष अस्पताल का मौका मुआयना किया तो पर्चा बनवाने से लेकर चिकित्सकों को दिखाने और दवा लेने तक मरीज कदम कदम पर दिक्कतों का सामना करते दिखाई पडे। हमारे संवाददाता ने जो देखा उस असलियत को जिला प्रशासन और पाठकों तक पहुंचाने की कोशिश की है। जिससे प्रशासन का ध्यान मरीज की मूलभूत सुविधाओं की तरफ जा सके।


पर्चा बनवाने के लिये लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार


ट्रामा सेंटर में जमीन पर बैठा मरीज।


इमरजेंसी वार्ड में खराब पड़ा कूलर।


गर्म पानी पीते मरीज के परिजन।


स्ट्रेचर न मिलने पर मरीज को गोद में उठाये परिजन। अमृत विचार


मरीज को हाथ से पंखा झलती परिजन। अमृत विचार



ट्रामा सेंटर के बगल खराब पड़ा वाटर कूलर। अमृत विचार

**समय सुबह 11:30 बजे**

### पर्चा बनवाने के लिए लगी लम्बी कतार

सोमवार को सुबह होते ही मरीजों का अस्पताल आना शुरू हो गया। अस्पताल खुलने के बाद पहले कतारबद्ध होकर मरीज पर्चा बनवाने पहुंचे। पर्चा बनवाने वाले काउंटर पर मरीजों की भयंकर भीड़ दिखी। मरीजों की अपेक्षा काउंटर पर पर्चा बनाने वाले कर्मचारी कम दिखे। महज चार कर्मचारी पर्चा बनाते हुए देखे गए। जिसके चलते इस भयंकर गर्मी में मरीजों को घंटों तक लाइन में धक्के खाने पड़े।

**समय सुबह 11:45 बजे**

### अस्पताल में फार्मास्युटिकल कम्पनियों का संजाल

जिला अस्पताल की ओपीडी में चिकित्सकों और उनके साथ बैठे प्राइवेट लड़कों द्वारा द्वारा मरीजों को छोटे पर्चे पर बाहर की दवाइयां लिखी जा रही थीं। चिकित्सकों के पास फार्मास्युटिकल कंपनी के रिप्रेजेंटेटिव बैठकर छोटी पर्ची पर धड़ल्ले से दवाइयां लिख रहे थे। न तो अस्पताल प्रशासन का ध्यान इधर जा रहा है और न ही अन्य जिम्मेदार अधिकारियों का। बाहर से महंगी दवाइयां लेने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

**समय 11:55 बजे**

### ओपीडी में मरीजों को दिखाने को लेकर जद्दोजहद

वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर राजेश कुशवाहा एक-एक कर मरीजों को देखते मिले। मगर अन्य डाक्टरों की जगह अधिकतर अप्रेंटिस कर रहे कम उम्र के चिकित्सक और प्राइवेट लड़के ही नजर आये। आधे विभागों की ओपीडी अप्रेंटिस कर रहे नवयुवक चिकित्सकों के भरोसे ही चल रहा था। पूछने पर पता चला कि डाक्टर इमरजेंसी में गंभीर रोगियों को देखने गये हैं।

**समय दोपहर 12:00 बजे**

### अल्ट्रासाउंड कराने के लिये घंटों करना पड़ रहा इंतजार

अल्ट्रासाउंड कराने के लिए सुबह से ही भीड़ लग जाती है। जिला मुख्यालय से करीब चालीस किलोमीटर दूर से आई मरीज रिंका कुमारी पेट दर्द से पीड़ित मिलीं। सुबह आठ बजे पहुंच गई थीं। यही हाल लखईचा से आई 12 वर्षीय पूजा का था। इस तरह न जाने कितने मरीज थे जो अपना अल्ट्रासाउंड कराने के लिए नंबर के इंतजार में भूखें प्यासे बैठे थे। यहां मरीजों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

**समय दोपहर 12:20 बजे**
**स्थान ट्रामा सेंटर**

इमरजेंसी में मरीजों के स्ट्रेचर की सुविधा नजर आई, लेकिन गम्भीर मरीजों के लिए स्ट्रेचर पर लाने और ले जाने के लिए कोई वार्ड ब्वाय मोजूद नहीं दिखा। तीमारदारों अपने मरीज को खुद स्ट्रेचर से खींच कर ले जाते दिखा पड़े। ऐसे में गैर अनुभवी तीमारदारों के स्ट्रेचर खींचने की जरा सी लापरवाही मरीज की दिक्कतों को और बढ़ा भी सकती है।

**समय दोपहर 12:45 मिनट**

### इमर्जेंसी वार्ड में मरीजों को झेलनी पड़ रही भीषण गर्मी

इमरजेंसी में तीन वार्ड हैं। दूसरी मंजिल पर मरीज अपने बेड पर पसीने से लथपथ दिखे। तीनों वार्ड के पंखे केवल घूम रहे हैं। कुछ पंखे खराब थे, जिनको ठीक कराने वाला कोई नहीं दिखा। तीनों वार्ड में कूलर तो लगे हैं पर कूलर में पानी न होने की वजह से गर्म हवा फेंकते मिले। मरीजों के साथ बैठे तीमारदारों ने बताया कि गर्मी से बुरा हाल है। टायलेट गन्दे पड़े हैं। दरवाजा टूटा है। ऐसे में मरीजों का कहना है कि एक तो बीमारी ऊपर से ये गर्मी और टायलेट से आ रही बदबू हम लोगों को और बीमार कर देगी।



गंदा पड़ा वाशरूम


अमृत विचार


वाशरूम का टूटा दरवाजा। अमृत विचार


वार्ड में खराब पड़े पंखे। अमृत विचार

> तकनीकी खराबी से हो सकता है वाटर कूलर खराब हो गया हो। जो भी कमियां संज्ञान में आई हैं उन्हें दुरुस्त कराया जाएगा। कूलर में पानी की व्यवस्था की जाती है। खत्म होने के बाद दोबारा क्यों नहीं भरा इसको लेकर जिम्मेदार पर कार्रवाई की जाएगी और सख्ती से पालन कराया जायेगा। इमरजेंसी में वार्ड ब्वाय की जिम्मेदारी बनती है कि वह मरीज को स्ट्रेचर पर लेकर जाएं। इसके स्पष्ट निर्देश दिए गये हैं। वार्ड ब्वाय के संबंध में जांच कराई जाएगी। चिकित्सकों को बोला गया है कि मरीजों को जेनेरिक साल्ट का नाम पर्चे पर लिख कर दें। ऐसा नहीं हो रहा है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और सख़्ती से पालन कराया जायेगा।
>
> **-डा. बृजेश कुमार सिंह,** सीएमएस, जिला अस्पताल

**समय दोपहर 1:20 बजे**

इमर्जेंसी से निकलते ही तेज प्यास की वजह से व्याकुल अमृत विचार के संवाददाता ने ठंडे पानी के लिए इमरजेंसी वार्ड के सामने लगे वाटर कूलर को खोला तो उसमें से गर्म पानी निकल रहा था। उससे आगे अस्पताल के रोड परिसर पर जब दूसरे दो लगे वाटर कूलर पर निगाह पड़ी तो वहां पहुंचे। कुछ तीमारदार पानी बोतल में यह कहते हुए भर रहे थे कि इतना पैसा कहां है कि बार-बार बीस रूपए की बोतल खरीद पाऊं। रिपोर्टर ने जब पूछा पानी ठंडा है तो तीमारदार बोले इस गर्मी में भी यहां ठंढा पानी नसीब नहीं।

# बूढ़े मां-बाप को भगा लोग कुत्तों को पाल लेते हैं...

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** फूलपुर गांव स्थित सय्यदे शकील शाह बाबा की मजार में चल रहे पांच दिवसीय उर्स कार्यक्रम के मौके पर रविवार की रात्रि को मुशायरे और कवि सम्मेलन आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ब्रजपाल सिंह ज्ञानू और फतेहपुर चैयरमेन इरशाद अहमद कमर ने किया। उसके बाद वसीम रामपुरी ने 'चुनेगें फूल सारे कांटे जितने हैं मसल देंगे, वतन की जमीं पर हम वफा का इतर मल देंगे' की रचना पढ़ी। उसके बाद हिलाल बदायूं ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा, 'क्या मोहब्बत निभाई है मैंने, दिल पे खुद चोट खाई है मैंने। इतने भी कीमती नहीं थी तुम, जितनी कीमत चुकाई है मैंने' सुनाया। वहीं काविश रुदौलवी ने 'सुना है, हिंद की सरहद ने खून मांगा है, मैं जा रहा हूं मेरे साथ चल रहा है, क्या कोई।' सुना करके वाहवाही बटोरी। तो गजल गायक दिलशाद जख्मी ने 'जाने क्या सोचकर हम वफ़ा कर गये, जिंदगी में यही एक खता कर गये..' की प्रस्तुति देकर लोगों को गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद निगहत मुरादाबादी ने 'अब चांद भी इन आंखों को प्यारा नहीं लगता, तेरे सिवा कोई मुझे अच्छा नहीं लगता' सुना कर वहां उपस्थित लोगों को सुभानअल्लाह बोलने के लिए मजबूर कर दिया। तो कवि डा. ओम शर्मा ओम ने 'कैसे खुद को वो ढाल लेते हैं, जिस्म से जां निकाल लेते हैं, बूढ़े माँ बाप को भगा करके लोग कुत्तों को पाल लेते हैं। सुनाकर लोगों को झकझोर दिया। अंजुमन निजामत हिलाल बदायूनी, गुफरान चुलबुल, आदिल हसन, कारी परवेज यजदानी, शुमाली सफीक ने देर रात्रि तक अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।


प्रस्तुति देते कवि ओम शर्मा ओम

## अवैध लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**देवा, बाराबंकी: अमृत विचार :** वन विभाग देवा की टीम ने प्रतिबंधित आम व बढ़हल की लकड़ी को ले जाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया है

वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने बताया कि घुंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम छिलगंवा में निजी स्वामित्व के आम, बड़हल आदि प्रतिबंधित प्रजाति के अवैध पातन तथा गोल प्रकाष्ठ को ट्रैक्टर ट्रॉली से ले जाते हुए संजय सिंह पुत्र नन्हे सिंह निवासी खान मोहम्मदपुर मजरे छीलगंवा थाना घुंघटेर और रस्सन पुत्र नियामत अली निवासी कस्बा कुर्सी थाना कुर्सी को गिरफ्तार किया गया है और इनके विरुद्ध देवा रेंज में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# पहली पत्नी के रहते दहेज की लालच में किया दूसरा निकाह

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पहली पत्नी के रहते झूठ बोलकर दहेज के लालच में दूसरा निकाह कर लिया। इसके बाद विवाहिता के साथ मारपीट कर नगद रुपए लाने का दबाव बनाने लगा। परेशान होकर विवाहिता ने पति, सास, ससुर, ननद सहित सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

मामला थाना व कस्बा रामनगर का है। यहां की निवासी चांदनी पत्नी जाबिर ने रामनगर थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि उसके पिता नसीर अहमद ने 25 नवंबर 2022 को उसका निकाह गणेशपुर निवासी जाबिर पुत्र जाकिर के साथ किया था। शादी के बाद 22 दिन ससुराल में रही। इस बीच उसे मालूम हुआ कि उसके पति जाबिर के पत्नी व तीन बच्चे पहले से पूना में रहते हैं। 18 मई 2023 को उसके पति जाबिर ससुर जाकिर एवं निकाह करने वाले जाहिद उसे विदा कराने आए तो पिता ने कहा कि झूठ बोलकर तुमने मेरी बेटी से निकाह करवाया है। इसी के बाद से पति जाबिर, ससुर जाकिर, निकाह करने वाले जाहिद, सास जाकिरा, सास की बहन राजिया, ननद साबरीन, जाकिर का दामाद इकबाल एवं उसकी पत्नी परवीन निवासी भवानीगंज के द्वारा आए दिन दहेज के लिए उसके साथ प्रताड़ित कर मारपीट की जाने लगी।

# झोलाछाप डॉक्टर ने ले ली बच्चे की जान


मृतक बच्चे कुलदीप के शोकाकुल परिजन। अमृत विचार

सुबेहा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक झोलाछाप डाक्टर पर मासूम की इलाज के दौरान जान लेने का आरोप लगा है। बच्चा झूले से गिरकर मामूली रुप से घायल हुआ था। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप डाक्टर ने उनके बच्चे को दवा दी जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ देर बाद उसकी जान चली गई। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने संबंधित डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया। आदर्श नगर पंचायत सुबेहा के हसनपुर वार्ड स्थिति अपने ननिहाल आया 12 वर्षीय कुलदीप पुत्र राजेन्द्र गौतम निवासी इन्हौना जनपद अमेठी कस्बा स्थिति मियां छावन बाबा की दरगाह पर लगे मेले में झूला झूल रहा था। झूलते समय गिर जाने के कारण कुलदीप को हल्की चोट लग गई। इस पर कुलदीप के नाना जियालाल उसे लेकर हसनपुर वार्ड में ही एक डाक्टर फारुख की क्लीनिक पर लेकर पहुंचे।

### अवैध क्लीनिक का जोरों पर चल रहा कारोबार

क्षेत्र में लगभग दर्जन भर से अधिक झोलाछाप क्लीनिक चल रहे हैं, जो कि जानलेवा हैं। क्षेत्र के कमेला, चौकी, अनियारी, सहापुर, बिद्दी का पुरवा, बीरभान का पुरवा, गेरांवा, बेहटा और चौबीसी सहित कई अन्य चौराहों पर भी दर्जन भर से अधिक इसी तरह के अवैध क्लीनिक संचालित किये जा रहे हैं जो कि आम जनमानस के लिए घातक है। क्योंकि यह मानकों पर खरे नहीं उतरते. वहीं सीएचसी अधीक्षक सुबेहा डा. ओम प्रकाश कुरील ने बताया कि जितने भी झोलाछाप डाक्टरों द्वारा अवैध क्लीनिक चलाये जा रहे हैं। उन की जांच करवाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

> सीएचसी पर डाक्टर हमेशा रहते हैं। रात में भी इमरजेंसी स्टाफ ड्यूटी पर रहता है। अगर डाक्टर या स्टाफ ड्यूटी के दौरान मौजूद नहीं रहते और लापरवाही पाई जायेगी, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधीक्षक सीएचसी पर क्यों नहीं मिले इसकी भी जांच कराई जाएगी।
>
> **-डा. अवधेश कुमार यादव, सीएमओ**

**लापरवाही** 41 लाख की धनराशि से 25 ग्राम पंचायतों में हुई थी खरीद, बिना टेंडर प्रधान व सचिव ने की थी खरीद

# कूड़े की शक्ल में तब्दील हो गए कूड़ा उठाने के लिए आए ई-रिक्शे

दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 'गाड़ी वाला आया घर से कचड़ा निकाल ' गीत को ग्राम पंचायतों में लागू करने के उद्देश्य से घरों से कचरा उठाने के लिए खरीदे गए ई-रिक्शा खुद कचड़ा बनते जा रहे हैं। लाखों की कीमत से खरीदे गए यह ई-रिक्शा प्रधानों के दरवाजे पर खड़े होकर धूल फांक रहे हैं।




धूल फांकते कचरा उठाने के लिए खरीदे गए ई-रिक्शे। अमृत विचार

ग्राम पंचायत में प्रत्येक घरों से कूड़ा लेकर उसे कूड़ा घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से करीब चार माह पहले विकास खंड देवा की 25 ग्राम पंचायतों में ग्राम निधि मद से ई-रिक्शा खरीदे गए थे। प्रत्येक ई रिक्शा की कीमत तकरीबन एक लाख 65 हजार रूपये थी। 25 ग्राम पंचायतों में ई रिक्शा खरीदने के नाम पर करीब 41 लाख रुपए खर्च किये गए हैं। इतनी भारी भरकम रकम खर्च करने के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। खरीदे जाने के बाद यह ई रिक्शा ग्राम प्रधानों के दरवाजे खड़े-खड़े खुद कूड़े की शक्ल में तब्दील होने की कगार पर हैं।इन ई रिक्शा को चलाने के लिए ड्राइवर की व्यवस्था की जाएगी या सफाई कर्मी इसको चलाएंगे या फिर किसी अन्य संस्था के द्वारा इनका संचालन किया जाएगा। यह भी अभी तय नहीं हो सका है। ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने सीधे इनकी खरीदारी की है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी देवा डा. नेहा शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में एडीओ पंचायत से बात करिये। वही इसकी जानकारी दे सकते हैं।

इसके बाद जब सहायक विकास अधिकारी पंचायत भोलानाथ पाठक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा संचालन के लिए थीम विचाराधीन है। इन्हें चलाने के लिए स्वयं सहायता समूह सफाई कर्मचारी या ग्राम पंचायत स्तर पर दैनिक कर्मियों को रखने पर विचार किया जा रहा है। आचार संहिता खत्म होने के बाद ई-रिक्शा का संचालन हर हाल मे शुरू किया जाएगा।

## एक नजर

### 40 के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को शांति भंग की आशंका को देखते हुए जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने चालीस लोगों पर कार्यवाही की जबकि दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहरीली शराब की बिक्री और उसके निर्माण को ध्वस्त करने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दरियाबाद पुलिस ने ग्राम खोदायपुर निवासी राम कौशल को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**दरियाबाद बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के मसूदपुर गांव के राजकुमार वर्मा पुत्र परमेश्वर (42) का शव गांव के बाहर बाग में फंदे से लटकता दिखाई दिया। शव लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### दो बाइक सवार घायल

**निन्दूरा, बाराबंकी।** सीतापुर जनपद के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहंदीपुर तकिया गांव निवासी नौमी लाल 40 पुत्र लाला 60 वर्षीय अपनी मां के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। तभी सोमवार दोपहर बाद कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज स्थित लखनऊ महमूदाबाद मार्ग देसी शराब ठेके के पास हाफ डाला ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### आपस में भिड़े दो पक्ष

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जवारीपुर में किरण पत्नी सुरेश चन्द्र वर्मा और कुलदीप रावत पुत्र राम प्रकाश के बीच किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गये। जिसमें प्रथम पक्ष से अमरदीप पुत्र राम प्रकाश, बहन खुशबू, जूही पुत्री स्व. कमलेश वर्मा और दूसरे पक्ष से किरण एवं पति सुरेश चन्द्र, पुत्री वर्षा वर्मा उर्फ अंजू, पुत्र प्रियांशु उर्फ अभिषेक और अम्बुज घायल हो गए।

### दो लड़कियों को भगा ले जाने का मामला दर्ज

**कोठी, बाराबंकी : अमृत विचार :** अलग-अलग दो गांवों से दो लड़कियों को रा बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के आरोप में कोठी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पहला मामला ढेड़िया गांव का है। जहां लड़की के पिता ने कोठी पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति शनिवार को घर से फुसलाकर कहीं भाग ले गया। पकड़ा था। दूसरा मामला मोहम्मदपुर हुसैनबक्स गांव का है। जहां लड़की के पिता ने कोठी पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शनिवार की रात को उसकी लड़की बिस्तर से गायब थी।

# इजराइल पहुंचे 110 श्रमिक, कुछ अभी भी इंतजार में

**समस्या**

- पांच साल तक भवन निर्माण से कमाई करेंगे श्रमिक
- एक से पांच साल तक है विदेश में रहने का अनुबंध

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार:** इस्राइल और हमास के बीच हुए युद्ध के बाद वहां पर श्रमिकों की जरूरत बताई गई थी। इसमें कई श्रेणी के श्रमिकों को काम के लिए बुलाया गया था। ऐसे में जिले से भी श्रमिकों को वहां पर भेजा जाना है। जिसके चलते जिले से अलग-अलग श्रेणी में सैकड़ों की संख्या में आवेदन आए थे। श्रम विभाग ने यह सूची लखनऊ भेजी थी। इसके बाद वहां से 344 श्रमिकों को चिन्हित किया गया है। इन सभी मेडिकल और पुलिस वैरिफिकेशन आदि की कार्रवाई पूरी करने के बाद 110 श्रमिकों को दिल्ली के रास्ते हवाई जहाज से इजराइल भेजा गया है। विदेश पहुंचने के बाद यह श्रमिका हमास के साथ हुए युद्ध में ध्वस्त हुए भवनों को बनाने में जुट गए हैं। इन श्रमिकों को प्रति माह 1.25 लाख मजदूरी मिलेगी। इन्हे पांच साल के वीजा पर भेजा गया है। वहीं अभी 75 श्रमिक इसराइल सरकार के कॉल लेटर के इंतजार में तैयार बैठे हैं।

श्रमिकों को भारत सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास कॉरपोरेशन के माध्यम से रोजगार देने के लिए आवेदन मांगे गए थे। जिले के चार सौ से अधिक श्रमिकों ने आवेदन किया था। इनमें से टाइल्स, राज मिस्त्री, बिल्डिंग, फ्रेम वर्क, शटरिंग कारपेंटर, आयरन वेल्डिंग आदि कार्य के लिए 344 श्रमिकों का चयन हुआ था। इनके स्वास्थ्य परीक्षण के साथ पुलिस द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन भी कराया गया। चयनित श्रमिकों के कार्य का परीक्षण भी लखनऊ में इजराइल कंपनी के अधिकारियों के सामने हुआ था। सभी जरुरी कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद 110 श्रमिकों को इजराइल सरकार की पीबा यानी पॉप्यूलेशन एंड इमीग्रेशन अर्थारिटी यानी जनसंख्या और आप्रवासन प्राधिकरण के बुलावे पर बीते पांच मई तक दो चरणों में भेजा गया है। यह श्रमिक अनुबंध के अनुसार एक से पांच साल तक इजराइल में रहकर अपने ग्रेड के अनुसार कार्य करेंगे। यही नहीं इस बीच श्रमिक अवकाश लेकर अपने वतन आवागमन भी कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें खुद खर्च उठाना पड़ेगा। इजराइल पहुंचने के बाद यह श्रमिक भवन निर्माण के संबंधित कार्यों में भी जुट गए हैं। इन्हें पारिश्रमिक के तौर पर प्रति माह एक लाख 25 हजार रूपये मिलेगा। इसके अलावा कंपनी की ओर से पीएफ व अन्य कई चीजों पर धनराशि काट कर जमा होगी। जो इन्हें देश वापस लौटते समय मिलेगी।

### कॉललेटर के इंतजार में बैठे 75 श्रमिक

सभी जरुरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के साथ 75 श्रमिक इजराइल जाने के इंतजार में बैठे हैं लेकिन इजराइल सरकार की नामित कंपनी पीबा द्वारा अभी इनके कॉल लेटर नहीं भेजा गया है। ऐसे में यह श्रमिक बुलावे का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा 157 और श्रमिकों को इजराइल भेजने के लिए चिन्हित कर लिया गया है। इन सभी की कागजी कार्रवाई के साथ टिकट के लिए धनराशि जमा कराने की तैयारी की जा रही है। करीब 342 श्रमिकों को भेजने की बात कही जा रही है।

# पुण्यतिथि पर पं. नेहरू को अर्पित किये श्रद्धासुमन



पं. नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित करते तनुज पुनिया। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** पं. जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। आपने भारत के पुनर्गठन के रास्ते में उभरी हर चुनौती का समझदारीपूर्वक सामना किया और आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। योजना आयोग का गठन उनके द्वारा किया गया, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास को प्रतोत्साहित किया। तीन लगातार पंचवर्षीय योजना का शुभारम्भ किया। उनकी नीतियों के कारण देश में कृषि और उद्योग का नया युग शुरू हुआ। उन्हे 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। पं. नेहरू एक स्वतंत्र राष्ट्र रूप में स्थापना से लेकर 1964 अपने निधन तक देश के प्रधानमंत्री रहे। यह बातें इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने सोमवार को पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

# मंडी के मुख्य गेट से गणना कक्ष के द्वार तक तैनात रहेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

## बैरियर पर भी तैनाती, मतगणना परिसर से 100 मीटर तक प्रतिबंधित रहेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। नवीन मंडी के मुख्य गेट से लेकर मतगणना कक्ष के द्वार तक सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। इसके अलावा बैरियर व स्टैंड पर भी इन्हें लगाया गया है। सुरक्षा को लेकर मतगणना परिसर से 100 मीटर की दूरी तक वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। वहीं मतगण्ना कक्ष के अंदर प्रेक्षक के अलावा किसी को भी मोबाइल ले जाने पर रोक लगाई गई है। मतगणना को लेकर ब्लॉक से लेकर जिलास्तर तक के अधिकारियों की तैनाती सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में की गई है।

बीते 20 मई को हुए मतदान के बाद चार जून को मतगणना के लिए ब्लॉक से लेकर जिलास्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गई है। जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने इनमें सेक्टर मजिस्ट्रेट से लेकर अलग-अलग कार्यों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। वीवीआईपी, मीडिया प्रतिनिधि, मतगणना कार्मिकों व कर्मचारियों के लिए नवीन मंडी के मुख्य द्वार गेट नंबर एक पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय विवेकशील यादव को तैनात किया गया है। वहीं हैदरगढ़, जैदपुर और बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र के एजेंटों के लिए बने गेट नंबर तीन पर डीआईओएस ओपी त्रिपाठी, कुर्सी, दरियाबाद, रामनगर के एजेंटों के लिए निर्धारित गेट पर एआर कोआपरेटिव लोकेश त्रिपाठी, कुर्सी के मतगणना हाल के प्रवेश द्वार पर सीओ वन हरख प्रदीप सिंह की तैनाती की गई है। इसी तरह रामनगर के मतगणना हाल के प्रवेश द्वार डीडी कृषि श्रवण कुमार, बाराबंकी के गणना हाल के प्रवेश द्वार पर अधिशासी अभियंता शारदा नहर राजीव कुमार, विधानसभा जैदपुर के मतगणना हाल के प्रवेश द्वार पर एक्सीयन आईडी ज्ञानेंद्र कुमार की तैनाती की गई है। इसी तरह दरियाबाद और हैदरगढ़ विधानसभा के हाल के प्रवेश द्वार पर अधिशासी अभियंता जलनिगम अमित कुमार व सीओ वन आरएसघाट संतोष मिश्रा की तैनाती की है। इसके अलावा मीडिया कर्मियों को समय-समय पर मतगणना कक्ष तक लाने व ले जाने के लिए डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, उपायुक्त राज्यकर विकास सेठ, एडीआईओ आरती वर्मा व सहायक आयुक्त राज्यकर रेनू सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि उपायुक्त एनआरएलएम वीके मोहन को रामनगर तिराहे पर स्थापित बैरियर की जिम्मेदारी मिली है। इसी क्रम में सीओ वन देवा रेंज मयंक सिंह को परमेश्वर कोल्ड स्टोरज व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी धर्मेंद्र सिंह को रेलवे क्रॉसिंग के पास बने बैरियर की जिम्मेदारी मिली है। सीओ वन हैदरगढ़ रेंज राकेश तिवारी को सीपी पैलेस पॉकिंग स्थल पर तैनात किया गया है।


नवीन मंडी स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम सत्येंद्र कुमार।

### आरओ तक गणना सीट पहुंचाएंगे नामित अधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मतगणना के दौरान प्रत्येक चक्र की गणना शीट को एआरओ से लेकर आरओ तक पहुंचाने के लिए विधानसभावार अधिकारियों की जिम्मेदारी तक की है। इसके लिए कुर्सी विधानसभा के लिए नायब तहसीलदार फतेहपुर अभिषेक कुमार, रामनगर के लिए नायब तहसीलदार रामनगर रामजीत, बाराबंकी विधानसभा के लिए नायब तहसीलदार नवाबगंज ऋतुराज शुक्ला, जैदपुर के लिए नायब तहसीलदार नवाबगंज अभिनव सिंह, दरियाबाद के लिए नायब तहसीलदार सिरौलीगौसपुर दिनेश पांडेय और हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार हैदरगढ़ उमेश द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है।

### बिना लाइसेंस आतिशबाजी के विस्फोटक सामान बनाने में दस वर्ष का कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बिना लाइसेंस के आतिशबाजी और विस्फोटक सामान बनाने के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दस साल के कारावास व दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई। पूरा मामला रामनगर थाना क्षेत्र का है यहां के ग्राम लोधौरा निवासी शाह मोहम्मद उर्फ शान को लगभग 8साल पहले तत्कालीन उप निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बिना लाइसेंस के आतिशबाजी और विस्फोटक पदार्थ बनाने के मामले में गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच तत्कालीन विवेचक द्वारा की गई और अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के आदेश पर बनाई गई मानीटरिग टीम ने सभी सबूतों और गवाहों को इकट्ठा करते हुए सभी साक्ष्य को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। सबूतो और गवाहों को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने शाह मोहम्मद उर्फ शान को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व दस हजार रूपये अर्थ दंड की सजा सुनाई।

# 96 घंटे बाद भी नहीं बदला ट्रांसफार्मर

निंदूरा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने जहां आमजन का हाल बेहाल कर रखा है। विद्युत व्यवस्था ध्वस्त होने से न सिर्फ लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि गर्मी से जूझ रहे लोगों में विभाग के प्रति भारी आक्रोश प्राप्त है। सोमवार को ग्रामीणों ने निंदूरा क्षेत्र के बड्डूपुर स्थित मल्लावां विद्युत पावर हाउस का घेराव किया।

मामला मल्लावां पावर हाउस के अंतर्गत भदेसिया ग्राम पंचायत का है। यहां लगभग 96 घंटे बीतने के बावजूद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया। विद्युत सप्लाई पूरी तरह से बाधित होने से पूरे गांव में हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी में भी बिजली न आने से न सिर्फ लोग परेशान हैं बल्कि आमजन का हाल बेहाल है। मया राम, आशा देवी, कामता प्रसाद, पिंकी, अनीश और भोला नाथ आदि ने बताया कि पूरे गांव में बिजली नहीं आ रही है। जिसको लेकर हम लोगों ने विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों को बराबर फोन कर चुके हैं, लेकिन अभी तक सप्लाई चालू नहीं हुई है। पूरा गांव की हजारों की आबादी इस भीषण गर्मी से जूझ रही है, लेकिन विभाग इस और कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। वही नाराज लोगों ने बड्डूपुर स्थित मल्लावां विद्युत पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन किया और विभाग के प्रति आक्रोश जताते हुए जल्द विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चालू कराए जाने की मांग की। इस संबंध में एसडीओ फतेहपुर ने बताया कि मामला जानकारी में है। डिमांड भेजी गई है। देर रात तक ट्रांसफार्मर बदला जाएगा।


पॉवर हाउस पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### भागवत कथा समापन पर भोज का आयोजन

**रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम मंहगूपुर में चल रही पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि बीते 22 मई से ग्राम महंगूपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में गोकुलपुर से पधारे दिव्यांग कथा वाचक बुधराम वर्मा ने 5 दिनों तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जीवन लीला का बखान किया। बाल्य कलाकारों के द्वारा भगवान राम की विभिन्न लीलाओं को झांकी से जीवंत रूप से प्रदर्शित किया। आज सोमवार को कथा के समापन पर विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन के उपरांत विशाल कन्या भोज आयोजित हुआ।

## सार-संक्षेप

### पहला बड़ा मंगल आज, जगह-जगह होगा भंडारा

**बाराबंकी : अमृत विचार :** बड़ा मंगल पर जगह-जगह प्याऊ लगाए जाएंगे। देर शाम तक श्रद्धालुओं की ओर से शिविर लगाए जाने का कार्य पूरा कराया जाता रहा। नाका पैसार, धनोखर चौराहा, पल्हरी चौराहा, पायनियर चौराहा और बस स्टॉप समेत तमाम जगहों पर वृहद स्तर पर प्याऊ शिविर और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। देवा में ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़ा मंगल पर क्षेत्र में अनेक स्थानों पर भंडारों और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। विशुनपुर के जयजयराम पुरवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर पर मंगल को भंडारे का आयोजन किया गया है। बेलहरा कस्बा में बाबा साहब परिसर में स्थित हनुमान मंदिर की भव्य सजावट की गई है। धनोखर स्थित हनुमान गढ़ी के पुजारी ने बताया कि बड़ा मंगल के मौके पर हवनपूजन के साथ- साथ भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### डॉ. विश्वेश नगर अध्यक्ष तो रुचि बनीं नगर सहमंत्री


विद्यार्थी परिषद रामनगर इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** पीजी कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामनगर नगर इकाई का पुर्नगठन किया गया। जिला प्रमुख पीजे पांडेय, जिला सह संयोजक योगेश सिंह, मुख्य नियंता डॉ. रामकुमार सिंह व समाजशास्त्र विभाग असिस्टेंट प्रो. डॉ. संजय तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। नगर कार्यकारणी की सूची में नगर अध्यक्ष डॉ. विश्वेश कुमार मिश्र, नगर उपाध्यक्ष निशांत त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा, नगर मंत्री विकास सिंह विभु, नगर सहमंत्री रुचि तिवारी, नगर सहमंत्री रमन तिवारी, नगर सहमंत्री गौरव सिंह, नगर सहमंत्री शुभी मिश्रा, नगर प्रमुख मोहन शुक्ला, नगर सहप्रमुख-अमन यादव, नगर प्रमुख मयंक सिंह, नगर खेल आयाम प्रमुख विकास सिंह, नगर आंदोलन प्रमुख वैभव तिवारी, नगर छात्रा प्रमुख शिवानी तिवारी, नगर राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख वैभव शुक्ला, नगर सोशल मीडिया प्रमुख अभिषेक, नगर कार्यकारिणी सदस्य शिखा तिवारी, नगर कार्यकारिणी सदस्य आदित्य तिवारी, नगर कार्यकारिणी सदस्य रामतेज के नाम शामिल हैं।

### पत्र लेखन में विजयी साक्षी को डाक अधीक्षक ने किया पुरस्कृत

**बाराबंकी : अमृत विचार :** स्थानीय कार्यालय अधीक्षक डाकघर में पत्र लेखन प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डिजिटल इंडिया फॉर न्यू इंडिया विषय पर ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता 2023 में इन्विलोप कैटेगरी में 18 वर्ष तक आयु वर्ग में जिले के मसौली विकास खंड के ग्राम भूलीगंज निवासी जितेंद्र वर्मा की पुत्री साक्षी ने प्रदेश के डाक परिमंडल स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया था। इसे लेकर सोमवार को डाक अधीक्षक घनश्याम द्वारा विजेता छात्रा को प्रदेश स्तर के लिए दस हजार व राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे पुरस्कार के रुप में 25 हजार रुपये व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। छात्रा साक्षी शहर के लखपेड़ाबाग स्थित श्री साईं इंटर कॉलेज की छात्रा हैं।


साक्षी को पुरस्कृत करते डाक अधीक्षक

### जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

बाराबंकी : अमृत विचार_ जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश चन्द ने सोमवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी बैरकों की साफ-सफाई, शौचालयों की साफ-सफाई एवं शौचालयों की स्थिति, बैरकों में पानी की व्यवस्था व वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुये ठंडे पानी की व्यवस्था, खानपान की स्थिति, पानी की टंकी आदि का निरीक्षण किया और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने पाकशाला में खाने की व्यवस्था, अस्पताल में इलाज की व्यवस्था, उच्च सुरक्षा बैरकों में उच्च प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। जिला कारागार में सिलाई एवं अन्य कौशल विकास से संबंधित कार्यक्रमों का निरीक्षण करते हुये भी उचित दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर कुन्दन कुमार जेल अधीक्षक, आलोक शुक्ला जेलर, डिप्टी जेलर और अन्य अधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सौरभ शुक्ला उपस्थित रहे।


जिला कारागार का निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द। अमृत विचार

# सफाईकर्मियों को मिली सुरक्षा किट

**खबर का असर**

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट में सफाई कर्मचारियों के पास सुरक्षा के नाम पर दस्ताने, मॉक्स, जैकेट, डस्टर और जूते समेत अन्य सेफ्टी उपकरण तक नहीं थे। जिसकी खबर अमृत विचार ने 11 मई को प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग अपनी कुंभकरणी नींद से जागा। और आखिरकार नगर पंचायत गठन के 4 साल और नगर पंचायत चुनाव के एक साल बाद 14 वार्डों की साफ-सफाई के लिए तैनात 40 सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधित किट वितरण किया गया। ईओ धीरज कुमार सिंह के आदेशानुसार सफाई नायक साहुल वाल्मीकि और राम सुफल के द्वारा सफाई कर्मचारी संतोष, ओम, मनोज, विशाल, विश्वनाथ सहित सभी सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किट वितरण की गईं। सुरक्षा किट में सफाई कर्मचारियों को दस्ताने, हाई विजबिलिटी रेडियम रिफ्लेक्टिव सेफ्टी जैकेट, हेलमेट, डस्टर, जूते और मॉक्स सहित अन्य सामान शामिल हैं। वहीं सेफ्टी किट मिलने के बाद सभी सफाई कर्मचारियों ने अमृत विचार अखबार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें सुरक्षा किट मिल गई है। जिससे साफ सफाई करने में काफी आराम हो गया है।


सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट देते ईओ। अमृत विचार

### चार दिनों तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**देवा, बाराबंकी: अमृत विचार:** विद्युत उपकेंद्र देवा के अंतर्गत आने वाले विशुनपुर फीडर नए पोल लगाए जाने के कारण इस फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों की विद्युत आपूर्ति गुरुवार चार दिनों तक दिन बंद रहेगी।

उपखंड अधिकारी देवा रमाशंकर पाल ने बताया कि आर डी एस एस योजना के अंतर्गत 33/11 देवा उपकेंद्र के विशुनपुर फीडर की लाइन पर नए पोल लगाए जाने का कार्य किया जाएगा जिसके चलते उपकेंद्र देवा से सिसवारा और देवा से जोलिया बनारस तक उक्त फीडर से पोषित गांवो की आपूर्ति दिनांक 29 मई 2024 से 1 जून 2024 तक दिन में 11:00 से शाम 6:00 बजे तक बंद रहेगी।

# जिला चिकित्सालय में हुई फायर फाइटिंग मॉक ड्रिल


मॉक ड्रिल के दौरान मौजूद सीएमएस व अन्य। अमृत विचार

बाराबंकी : अमृत विचार : जिला पुरुष चिकित्सालय सोमवार को जिला अग्निशमन अधिकारी पीसी गौतम के द्वारा विस्तृत रूप से फायर फाइटिंग मॉक ड्रिल किया गया। यहां शासन द्वारा निर्धारित कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड लखनऊ के द्वारा फायर फाइटिंग सिस्टम का कार्य कराया जा रहा है जो कि लगभग 90 फीसदी तक पूर्ण हो चुका है। उसका परीक्षण भी हो चुका है। जिसके तहत पूरे चिकित्सालय परिसर में जगह-जगह फायर एक्सटिंग्विशर, फायर सेंसर, स्मोक डिटेक्टर्स, वॉटर स्प्रिंकलर आदि अग्निशमन रोधी उपकरण लगाए गए हैं तथा चिकित्सालय में फायर ऑडिट और इलेक्ट्रिकल ऑडिट हो चुका है। उसकी रिपोर्ट स्वास्थ्य महानिदेशालय को प्रेषित किया चुकी है।

**बदइंतजामी** — बिजली चली जाने पर गर्मी से तड़पने को मजबूर हैं मरीज और तीमारदार, तीन महिला चिकित्सक में से रात की ड्यूटी में सभी रहीं नदारद

# चिकित्सकों की लापरवाही से निजी अस्पतालों का रुख कर रहे मरीज

सौरभ शुक्ला, टिकैतनगर, बाराबंकी

अमृत विचार। दस बजे रात के करीब दस बजने को थे, बेतहाशा गर्मी और उमस में लगातार बढ़ रही बीमारी के मौसम में अमृत विचार के संवाददाता ने रविवार को सीएचसी टिकैतनगर की व्यवस्थाओं की पड़ताल की। सीएचसी पहुंचते ही यहां भर्ती मरीजों का हाल जानने की कोशिश की। मरीजों ने बताया कि लाइट चली जाती है तो बड़ी दिक्कत होती है। इसे इत्तेफाक ही कहेगें कि मरीज के इतना कहते ही सीएचसी अंधेरे में डूब गई। मोबाइल से टार्च जलाकर जब इमरजेंसी की ओर रूख किया तो डा. फरहत अली की कुर्सी खाली दिखी। पूछने पर पता चला कही निकले हैं। अचानक नजर भर्ती वार्ड पर फिर पडी, जहां मरीज तो कई थे मगर गर्मी और उमस से परेशान थे। वहां लगे पंखे चल ही नहीं रहे थे। कुछ मरीजों के बेड पर चादर ही नहीं थे और जिन पर थे गन्दे पडे.थे। मरीजों की बेबसी यह साफ बंया कर रही थी कि अगर उनकी आर्थिक हालात ठीक होती तो शायद वो भी इलाज कराने के लिए निजी अस्पतालों की ओर रूख कर चुके होते। रात ड्यूटी में तैनात फार्मासिस्ट अश्वनी मिश्रा मौजूद मिले।


मरीजों का इलाज करते डा. यूनुस

### सीएमओ बोले

सीएमओ डा. अवधेश कुमार यादव ने कहा कि सीएचसी पर डाक्टर हमेशा रहते हैं। रात में भी इमरजेंसी स्टाफ ड्यूटी पर रहता है। अगर डाक्टर या स्टाफ ड्यूटी के दौरान मौजूद नहीं रहते और लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


वार्ड के बगल गंदा पड़ा शौचालय।

### नदारद रहे अधीक्षक

सीएचसी अधीक्षक डा. संजय गुप्ता से जब बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में बात करने के लिये कार्यालय समय पर सीएचसी आइये। सीएचसी पहुंचा तो पता चला कि अधीक्षक फिर नदारद हैं।

### रात्रि ड्यूटी में नदारत मिले चिकित्सक

रविवार रात्रि करीब दस बजे सीएचसी टिकैतनगर फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा था। इमरजेंसी ड्यूटी में लगे डाक्टर सीएससी से नदारद मिले। तीन महिला चिकित्सक होने के बावजूद कोई भी महिला चिकित्सक सीएचसी में मौजूद नहीं दिखी। ऐसे में अचानक प्रेगनेंसी के दर्द से जूझ रही कोई भी महिला और उनके परिजन सीएससी पहुंचे तो उन्हें महिला चिकित्सक नदारद मिलेगी। यही कारण है कि सीएससी टिकैतनगर की जगह मरीज निजी अस्पतालों या झोलाछाप डाक्टरों के पास जाने के लिए मजबूर हैं।

### 80 गांव को स्वास्थ्य सुविधाएं देने का वादा खोखला

सबको निशुल्क बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का दावा करने वाली सीएचसी टिकैतनगर शासन-प्रशासन के मंसूबों पर पानी फेर रही है। बड़ी उम्मीद के साथ मरीज चिकित्सकों को भगवान समझ कर यहां पहुंचते हैं कि उन्हें योग्य चिकित्सकों द्वारा निशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एक ही छत के नीचे मुहैय्या हो सकेंगी। पर जब मरीज यहां आता है तो सरकारी दावे बेमानी साबित होते हैं। सीएचसी में अधिकतर डाक्टर देर से आकर जल्दी चले जाते हैं। रात में कोई बडा.हादसा होने पर मरीजों को सीएचसी के बजाय निजी नर्सिंग होम की तरफ भागना पड़ता है।

## एक नजर

### नौतपा में रामलला को दही व फलों के जूस का लग रहा भोग



अयोध्या कार्यालय। नौतपा के चलते रामनगरी का तापमान 42 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। ऐसे में अयोध्या के मठ मंदिर में भगवान के दिनचर्या में बदलाव किया गया है। राम मंदिर में विराजमान बाल स्वरूप भगवान रामलला के भोग में भी बदलाव कर दिया गया है। हर दिन दही और फलों का जूस दिया जा रहा है और सूती वस्त्र पहनाये जा रहे हैं। राम मंदिर में विराजमान रामलला पांच वर्षीय बालक स्वरूप हैं। इसलिए उनके रहन-सहन में भी मौसम के अनुसार बदलाव किया जा रहा है। जनवरी में प्रतिष्ठा के दौरान ठंड का मौसम था। अब गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है इसलिए प्रतिदिन जलाभिषेक के बाद सूती वस्त्र धारण कराए जा रहे हैं। श्रृंगार के बाद फूलों से सजी थाली में दीपक जलाकर आरती होती है। सुबह और शाम दही का भोग लगाया जा रहा है। इसके अलावा फलों का जूस, लस्सी भी भोग में शामिल किया गया है।

### भाकियू की महापंचायत छह जून को

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन सोहावल के पदाधिकारियों की पंचायत हनुमान मंदिर अरकुना बाजार में हुई। छह जून को जिला मुख्यालय पर आयोजित महापंचायत की तैयारी पर चर्चा की गई। पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि जिले के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। किसान, मजदूरों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसीलिए जिला मुख्यालय पर किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में निर्णय लिया गया कि महापंचायत में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे। पंचायत को जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य, मंडल सचिव दशरथ सिंह, देवी प्रसाद वर्मा, राकेश वर्मा, इंद्रजीत निषाद आदि ने संबोधित किया।

# एक के पीछे एक ई-रिक्शा, कैसे सुचारु हो यातायात और आवागमन

▸▸ मार्ग पर रहता है जाम वसूल रहे मनमाना किराया

## पर्यटक व श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के साथ आ गई ई-रिक्शा की बाढ़

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जुड़वाँ शहर अयोध्या और फ़ैज़ाबाद के लिए ई-रिक्शा लाइलाज बीमारी बन गया है। शहरी क्षेत्र में ई रिक्शा की बाढ़ से अक्सर जाम के हालत पैदा हो रहे हैं और यातायात और आवागमन में बड़ी बाधा खड़ी हो रही है। अयोध्या आने वाले पर्यटक व श्रद्धालुओं से मनमाना किराया वसूली की शिकायतें आम हो गई हैं। पुलिस-प्रशासन की ओर से किए गए इंतजाम नाकाफी और अप्रभावी साबित हो रहे हैं। जिसके चलते बाहर से आने वाले श्रद्धालु ही नहीं स्थानीय लोग भी परेशान-हैरान हैं। ई-रिक्शा की बाढ़ के चलते मुख्य मार्गों पर तो थोड़ी गनीमत है लेकिन विभिन्न गलियों में आवागमन दुरूह हो गया है। आरटीओ विभाग जिले में लगभग 7 हजार ई-रिक्शा पंजीकृत होने के बात कहता है, वहीं यातायात पुलिस हजार से ज्यादा अन्य जिलों में पंजीकृत रिक्शों के संचालन होने का दावा करता है।

राम नगरी में बेतहाशा बढ़े ई-रिक्शा और चालकों के मनमानेपन से अयोध्या धाम और रामपथ की सूरत बिगड़ रही है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक किराया वसूला जा रहा है और उनसे झूठे दावे किए जा रहे हैं। सुबह होते ही राम पथ पर बड़ी संख्या में ई-रिक्शा दौड़ने लगता है सवारियों को बैठने के लिए चौराहों पर ई-रिक्शा का जमघट लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर रहा है। ऐसा नहीं है कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से कोई कवायद नहीं की गई। रामलला के दर्शनार्थियों की सुविधा और सहूलियत तथा जाम की समस्या से निपटने और हादसों को रोकने के लिए टेढ़ी बाजार से श्रृंगारहाट तक रामपथ पर टैम्पो- टैक्सी के साथ ई रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित किया गया है। ई रिक्शा की भीड़ पर लगाम के लिए प्रत्येक ई-रिक्शे पर अभियान चलाकर नंबरिंग कराई गई थी और किराया सूची भी जारी हुई थी। इतना ही नहीं सभी के चालकों और संचालकों का कागजात तथा ब्यौरा एकत्र कर नाबालिक से ई-रिक्शा न चलवाने और यातायात नियमों का पालन करने तथा अयोध्या की गरिमा के अनुरूप श्रद्धालुओं से व्यवहार की हिदायत दी गई थी, लेकिन कवायद कार्रवाई न होने के चलते अंजाम तक नहीं पहुंच सकी।




हनुमानगढ़ी के निकट बेतरतीब तरीके से दौड़ते ई-रिक्शे। अमृत विचार

### सूची दिखावा, वसूला जा रहा मनमाना किराया

■ मार्च माह में प्रशासन की ओर से अलग-अलग स्थान के लिए किराया सूची जारी की गई थी। बाबजूद इसके मनमाना किराया वसूली का सिलसिला रुक नहीं रहा है। अयोध्या क्षेत्र में ई रिक्शा चालक श्रद्धालुओं व यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। गोरखपुर निवासी सुधीर राय ने बताया कि टेढ़ी बाजार चौराहे से राम मंदिर गेट तक मात्र 600 मीटर दूरी पहुंचाने के लिए प्रति व्यक्ति 50 रुपया लिया गया। विरोध करने पर लड़ने के लिए उतारू हो जाते हैं।

■ उन्नाव से अपने परिवार के साथ अयोध्या दर्शन करने पहुंचे संतोष सिंह ने बताया कि सुबह लखनऊ से अयोध्या पहुंचने पर हाईवे पर एक ई रिक्शा चालक ने होटल तक पहुँचाने और दर्शन कराने के लिए 500 रुपये तय किया। पहले एक गेस्ट हाउस पहुँचाया और फिर काफी देर बाद वहां पहुंचा तथा राम मंदिर से लगभग 1 किलोमीटर पहले ही उतार दिया। जिसके चलते परिवार को आगे का रास्ता पैदल करना पड़ा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए, बंदिशों की पहले से जानकारी देनी चाहिए।

> जनपद में लगभग 7000 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। जिनका जिले के विभिन्न मार्गों पर संचालन हो रहा है। - **ऋतू सिंह, आरटीओ प्रशासन, अयोध्या**

> ई -रिक्शा के खिलाफ अभियान प्रस्तावित है। चुनाव ड्यूटी, आए दिन के वीआईपी दौरे आदि के चलते अभी अभियान शुरू नहीं हो पाया है। जल्द ही अभियान शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संचालकों और चालकों के लिए किराया सूची तथा मार्ग का निर्धारण किया गया है। यातायात के नियमों का उललंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराई जाएगी। - **एपी सिंह, एसपी ट्रैफिक, अयोध्या**

### गलियों में भी लगता है रेला

रामपथ पर लता चौक से लेकर श्रृंगार हाट चौराहा तक सड़क और उसके किनारे ई-रिक्शा का जमावड़ा हो रहा है। पुराना डाकखाना चौराहा, दंतधावन कुंड तिराहा आदि जगहों पर ई रिक्शे मनमाने ढंग से खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं रामपथ की ओर आने वाली सभी गलियों व मार्गों रेलवे स्टेशन रोड, जैन मंदिर चौराहा, नजर बाग, जानकी महल मार्ग, टेढ़ी बाजार मार्ग, कार्यशाला के निकट रामघाट चौराहा अदि पर ई रिक्शा का अक्सर रेला नजर आता है।

### शहर में कम, अयोध्या में ज्यादा है मारामारी

जनपद में ई-रिक्शा की तादात तेजी से बढ़ी है। मुख्य मार्ग ही नहीं बल्कि गलियों तक में ई रिक्शा दौड़ रहे हैं। रामनगरी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आमद बढ़ने के साथ जिले में पंजीकृत ई रिक्शे के साथ आसपास के कई जनपदों के रिक्शा चालक और संचालक भी अयोध्या में सक्रिय हो गए हैं। ई रिक्शा की बाढ़ के चलते फैजाबाद शहर में शहर में तो अपेक्षाकृत गनीमत है लेकिन अयोध्या में हाल बदतर हो गया है।

# ज्येष्ठ माह का पहला मंगलवार आज हनुमानजी का फूलों से होगा श्रृंगार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को सिद्ध पीठ अयोध्या हनुमानगढ़ी में सुबह चार बजे से भव्य श्रृंगार में हनुमानजी का दर्शन प्राप्त होगा। इसको लेकर हनुमान गढ़ी पर खास तैयारियां की गई हैं। वहीं श्रद्धालुओं को सकुशल दर्शन कराने के भी खास इंतजाम किए गए हैं।

ज्येष्ठ माह का मंगलवार भगवान हनुमान जी महाराज का दिन माना जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम की 14 वर्ष वनवास के दौरान ज्येष्ठ माह में ही हनुमानजी से पहली मुलाकात हुई थी। यही वजह है कि ज्येष्ठ के महीने में पड़ने वाले मंगलवार का बड़ा महत्व होता है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच दर्शन-पूजन करते हैं। पुजारी रमेश दास बताते हैं कि ज्येष्ठ के पहले मंगलवार को हनुमान जी महाराज का विशेष रूप से अभिषेक और श्रृंगार होगा। सुबह तीन बजे भगवान के गर्भगृह के पट खुल जाएगा। सरयू जल व पंचामृत से स्नान के बाद वस्त्र और गहनों को पहनाए जाने के बाद फूलों से भी भव्य श्रृंगार किया जाएगा। चार बजे श्रृंगार आरती के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन का क्रम भी प्रारंभ हो जाएगा।



गर्भगृह में विराजमान हनुमानजी की मूर्ति।

# गैर इरादतन हत्या में दो दोषियों को 10 साल की सजा व जुर्माना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** पान मसाला खरीदने के विवाद में किशोर की पीट कर हत्या कर देने के मामले में दो आरोपियों को को दस-दस साल के कारावास और प्रत्येक को 60 हजार के जुर्माने की सजा से दंडित किया गया है। फैसला अपर जिला जज अमर सिंह की अदालत से हुआ। एडीजीसी सुधाकर मिश्रा ने बताया कि घटना 18 मई 2013 की रात 9:30 बजे की है।

रौनाही थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव निवासी सुनील कुमार का भाई गुड्डू कहार पान मसाला लेने मोहम्मद वसीम की परचून की दुकान पर गए थे। वहां दुकान बंद थी और पान मसाला को लेकर विवाद हो गया, जिस पर मोहम्मद वसीम, एक अपचारी, जावेद और निजाम ने मिलकर उसे लाठी डंडा से मारा पीटा। घर पहुंच कर गुड्डू ने घटना अपने भाई से बताई इसके बाद सो गया। सुबह उसकी मृत्यु हो गई थी। इसकी रिपोर्ट सुनील कुमार ने लिखाई थी सुनवाई के बाद कोर्ट ने मोहम्मद वसीम व मोहम्मद निजाम को सजा दी।

# जन्म से कटे होंठ व तालू के ऑपरेशन पंजीकरण को ब्लॉकों पर लगेगा शिविर

▸▸ आज से पंजीकरण शिविर की शुरुआत रुदौली ब्लॉक से होगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जन्मजात कटे होंठ एवं तालू के मरीजों के ऑपरेशन और उपचार के लिए पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित स्माइल ट्रेन परियोजना के तहत जिले के ब्लॉक मुख्यालयों पर पंजीकरण शिविर आयोजित होगा। पंजीकरण शिविर की शुरुआत मंगलवार को रुदौली ब्लाक से होगी।

बताया गया कि मरीजों के ऑपरेशन और उपचार के लिए मंगलवार 28 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पर आयोजित पंजीकरण शिविर में विकासखंड रुदौली, मवई एवं खण्डासा के रोगियों का सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पंजीकरण होगा। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पर बुधवार 29 मई को आयोजित शिविर में विकास खंड मिल्कीपुर, हैरिंग्टनगंज एवं तारुन, जिला चिकित्सालय पुरुष पर गुरुवार 30 मई को आयोजित शिविर में ब्लॉक मसौधा, सोहावल, बीकापुर, मयाबाजार एवं पूराबाज़ार के मरीजों का पंजीकरण किया गया।

यह जानकारी देते हुए स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रभारी नीरज कुमार शर्मा ने सोमवार को बताया कि पंजीकरण से छोटे किसी भी विकास खंड के मरीज आपरेशन और उपचार के लिए 31 मई को जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में पंजीकरण करवा सकते हैं।

# साकेत के शिक्षकों ने प्रदर्शन कर की परीक्षा के बहिष्कार की घोषणा

▸▸ कहा-प्राचार्यों के विरोध के बावजूद परीक्षा तिथि घोषित करना हठधर्मिता

अयोध्या कायार्लय

**अमृत विचार :** कामता प्रसाद सुदंर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों ने विश्वविद्यालयीय परीक्षाओं के बहिष्कार की घोषणा की है। कहा कि भीषण गर्मी में परीक्षा का आयोजन घोर अवमानवीय और संवेदनहीन निर्णय है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 31 मई से प्रस्तावित है। शिक्षकों ने महाविद्यालय में प्रदर्शन भी किया।

महाविद्यालय के मुख्य नियन्ता कार्यालय में मुख्य नियंता ने सभी शिक्षकों की मौजूदगी में प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसकी घोषणा की। मुख्य नियंता प्रो. अनिल सिंह के नेतृत्व में सभी शिक्षकों ने एक स्वर से 31 मई से शुरू होने वाली विश्वविद्यालयीय परीक्षाओं का विरोध किया। मुख्य नियन्ता ने कहा कि एक ओर विश्वविद्यालय ने 23 मई से ग्रीष्मावकाश घोषित किया है। दूसरी ओर 31 मई से परीक्षाओं की घोषणा कर दी। कॉलेज के अधिकांश शिक्षक छुट्टियों में बाहर जा चुके हैं। ऐसे में परीक्षाओं का सुचारू संचालन बहुत मुश्किल होगा। कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक में प्राचार्यों ने इसका विरोध किया। बावजूद इसके हठधर्मिता का परिचय देते हुए परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई। विवि अपने ही शैक्षणिक कैलेण्डर का पालन करने में अक्षम रहा है। जून की भीषण गर्मी में परीक्षाओं का आयोजन घोर अवमानवीय और संवेदनहीन निर्णय है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुलपति न तो शिक्षकों से मिलती हैं और न ही कोई संवाद करती हैं। विवि अब तक पिछले सेमेस्टर का रिजल्ट तक नहीं दे पाया। पिछले तीन साल से हाल यही है। भीषण गर्मी और सर्दी में विवि की परीक्षाओं में शिक्षकों ने सहयोग किया। नियमित मिलने वाले शीतावकाश और ग्रीष्मावकाश में भी परीक्षाओं का संचालन किया गया। कहा कि विश्वविद्यालय हर बार प्रतिकर अवकाश की बात करता है, लेकिन कभी उसका पालन नहीं किया जाता। इस मौसम में छात्र-छात्राएं और शिक्षक बीमार होकर बेहोश होते हैं तो कॉलेज प्रशासन अपने संसाधनों से उन्हें अस्पताल पहुंचाता है। विश्वविद्यालय कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है, ऐसे में परीक्षा बहिष्कार के अतिरिक्त प्राध्यापकों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है। कहा कि साकेत महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने आम सहमति से परीक्षा बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस स्थिति में यदि कोई घटना घटित होती है तो उसके लिए विवि प्रशासन जिम्मेदार होगा।



साकेत महाविद्यालय में प्रदर्शन करते शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### परीक्षा जुलाई में कराने का दिया सुझाव

शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं से कहा कि भविष्य में परीक्षा संबंधी किसी भी जानकारी के लिए विवि प्रशासन से ही संपर्क करें। शिक्षकों ने सुझाव भी रखा कहा कि अब परीक्षा माह जुलाई में कराई जाए। सभी शिक्षक परीक्षा में सहयोग करेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य नियंता के साथ छात्र कल्याण अधिकारी प्रो. बीडी द्विदी, शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश यादव, महामंत्री प्रो. आशीष, डॉ. जन्मेजय तिवारी, उपाध्यक्ष आक्टा डॉ. संतोष कुमार, आक्टा के संयुक्त मंत्री डॉ. संत लाल, प्रो. सत्य प्रकाश, प्रो. कविता, प्रो. आशुतोष सहित अन्य लोग थे।

# अवैध खनन में दो लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने रविवार रात अवैध मिट्टी खनन के दो लोडर और दो ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद किए हैं। अवैध खनन करने वाले वाहनों को पुलिस ने सीज किया है। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की रात खनन निरीक्षक के साथ संयुक्त छापेमारी में गोडखरा और शारदा सहायक नहर के निकट मिट्टी की खोदाई करने वाली दो लोडर मशीन समेत दो ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा गया हैं। खनन निरीक्षक चंद्रशेखर पाठक ने बताया कि काफी समय से अवैध मिट्टी खनन की शिकायत मिल रही थी। गोड़खरा के निटक एक स्क्रैपर लोडर मशीन व शारदा सहायक नहर के निटक एक ट्रैक्टर ट्रॉली और भौली के पास एक स्क्रैपर लोडर मशीन व एक ट्रैक्टर को खनन निरीक्षक ने पकड़ा है। पकड़े गए ट्रैक्टर ट्रॉली और मशीन को रात्रि में ही रुदौली कोतवाली लाया गया। अवैध खनन करते पकड़े गए वाहनों की सूचना भेजी जिलाधिकारी को भेजी जा रही है। जिलाधिकारी की अनुमति के बाद मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# 38 लाख पौधे रोपकर हरियाली लाएंगे 26 विभाग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले को हरा-भरा बनाने के लिए एक बार फिर से पौधों को रोपने का लक्ष्य तैयार कर लिया गया है। इस बार तकरीबन 38 लाख के करीब पौधों को रोपा जाएगा। इसके लिए वन विभाग सहित अन्य विभाग भी जुट गए हैं। सरकार का जोर वायु को शुद्ध करके स्वच्छ ऑक्सीजन देने वाले फलदार और औषधीय गुण वाले पौधों को लगाने पर है।

प्रदेश सरकार विकास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रख रही है। अयोध्या की हवा को सुधारने के लिए सरकार पौधरोपण अभियान चलाने की तैयारी कर रही है। इससे वायुमण्डल में ऑक्सीजन की शुद्ध मात्रा को बढ़ाने व वातावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। पौधरोपण के दौरान सहजन, पीपल, पाकड़, बरगद, अर्जुन, जामुन, आंवला, अमरूद, आम, सागौन, शीशम आदि के ज्यादा से ज्यादा पौधों के रोपण की तैयारी है। अभियान में वन विभाग के अलावा 26 अन्य विभाग भाग लेंगे। किस विभाग को कितने पौधे लगाने का लक्ष्य है, उसकी सूची भी वन विभाग ने बना ली है। जनता की सहभागिता के लिए पौधे लगाने की इच्छुक को भी पौधे देने की योजना बनाई जा रही है। हर घर एक पौधा देने की तैयारी है, जिससे अधिक से अधिक पौधरोपण हो सके और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिले।



अभियान में औषधीय और फलदार पौधों की होगी सर्वाधिक संख्या

### श्रम व परिवहन विभाग लगाएंगे सबसे कम पौधे

| विभाग | पौधों की संख्या | विभाग | पौधों की संख्या | विभाग | पौधों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम्य विकास विभाग | 13.78 लाख | सिंचाई विभाग | 13 हजार | उच्च शिक्षा | 19 हजार |
| वन एंव वन्य जीव विभाग | 13.10 लाख | कृषि विभाग | 2.76 लाख | श्रम विभाग | 3700 |
| राजस्व विभाग | 1.15 लाख | पशुपालन विभाग | सात हजार | स्वास्थ्य विभाग | 10 हजार |
| पंचायती राज विभाग | 1.39 लाख | सहकारिता विभाग | 6160 | परिवहन विभाग | 3000 |
| आवास विकास विभाग | छह हजार | उद्योग विभाग | 10 हजार | रेलवे विभाग | 12 हजार |
| औद्योगिक विकास | सात हजार | विद्युत विभाग | 5040 | रक्षा विभाग | आठ हजार |
| नगर विकास | 23 हजार | माध्यमिक शिक्षा | आठ हजार | उद्यान विभाग | 1.69 लाख |
| लोक निर्माण विभाग | 13 हजार | बेसिक शिक्षा | 14 हजार | पुलिस विभाग | 7280 |
| | | प्राविधिक शिक्षा | पांच हजार | पर्यावरण विभाग | 2.48 लाख |

> फलदार व ऑक्सीजन देने वाले पौधों को अधिक संख्या में लगाने की योजना है। सभी विभागों को लक्ष्य दिया गया है। -**प्रणव जैन, जिला वन अधिकारी**

## सार-संक्षेप



बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते अधिवक्ता।

### बार एसोसिएशन के चुनाव को 17 नामांकन पत्र दाखिल

**रुदौली, अयोध्या :** बार एसोसिएशन तहसील रुदौली के चुनाव के लिए पहले दिन विभिन्न पदों के लिए 17 नामांकन पत्र दाखिल हुए। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन साहब शरण वर्मा ने बताया की सोमवार को नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए राममिलन यादव, उपाध्यक्ष प्रथम के लिए राजकुमार मौर्य व राजकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष द्वितीय पद के लिए रामकुमार, रामेश्वर उर्फ पिंटू व अखंड प्रताप सिंह, महामंत्री पद के लिए रविन्द्र तिवारी व अमर सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशासन पद के लिए अमरेन्द्र नाथ मिश्रा व सीताराम कौशल, संयुक्त मंत्री प्रकाशन के लिए लालमणि यादव, कोषाध्यक्ष पद के लिए नंदकिशोर यादव, गवर्निंग काउंसिल सीनियर पद के लिए राम महेश, सुरेश कुमार शुक्ला, रमेश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार पांडेय, गवर्नर काउंसिल जूनियर पद के लिए लाल जी लोधी ने अपना-अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के सदस्य रामनरेश यादव, कमलेश कुमार मिश्रा, राम सुख वर्मा व सीताराम वर्मा मौजूद रहे।

### श्रीराम ने गुरु का आशीर्वाद ले तोड़ा था शिव धनुष



सीता विवाह के दौरान पुष्प वर्षा करते विधायक रामचंद्र यादव।

**रुदौली। अयोध्या :** काशीपुर स्थित मां काली मंदिर में चल रही श्री राम कथा के छठे दिन मां कामाख्या धाम के आचार्य कथा व्यास मनोज मिश्रा ने कहा कि सीता स्वयंवर में गुरु विश्वामित्र के साथ गए श्रीराम ने गुरु के आदेश के बाद भगवान शिव के धनुष को तोड़ दिया। गुरु शिष्य परंपरा का पालन करने वाले राम का हर काम अपने आप में अनूठा और आदर्श परंपरा का उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि सीता स्वयंवर में सभी राजा, राजकुमार धनुष तोड़ने के लिए अपने बल का जहां बखान कर रहे थे वहीं श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण के साथ गुरु के सान्निध्य में बैठकर सीता स्वयंवर को देख रहे थे। इसके पहले जनकपुर भ्रमण के दौरान शहर में दोनों भाइयों के आगमन को लेकर उल्लास का वातावरण रहा। रावण और बाणासुर जैसे महारथी धनुष तोड़े बिना चले गए। सीता स्वयंवर के प्रसंग के दौरान विधायक रामचंद्र यादव ने पुष्प वर्षा की।

**गर्मी का असर** — जायद की फसलों के सूखने का भी किसानों को डर, केवल हीट वेव से पीड़ित मरीज ही आ रहे हैं सीएचसी

# नेशनल हाईवे पर दिखा सन्नाटा, ओपीडी में घटे मरीज

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** पारा 42 और 43 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी का असर साफ दिखने लगा है। दोपहर में नेशनल हाइवे पर सन्नाटा पसरने लगा है तो स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी में मरीजों की संख्या भी कम हो गई है। सामान्य बीमारी के मरीजों की जगह केवल हीट वेव से पीड़ित मरीज ही सीएचसी आ रहे हैं। जायद की फसलों के सूखने का खतरा मंडरा रहा है।

गर्मी का प्रकोप अब आम जनमानस को प्रभावित कर रहा है। लोगों की आम दिनचर्या बदल चुकी है। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक घरों से बाहर निकलना खतरे की घंटी माना जा रहा है। लोगों के घरों में दुबकने के साथ हाईवे पर चलने वाले वाहन चालक भी अब दोपहर में कहीं ना कहीं छाया देखकर खड़े होने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे हाईवे पर सन्नाटा दिखने लगा। स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी के मरीजों में भारी कमी आई है।

सीएचसी सोहावल प्रभारी डॉ. प्रेमचंद कहते हैं गर्मी से बचने के लिए समान रोगों के रोगी आसपास स्थापित निजी चिकित्सकों के यहां से इलाज करा ले रहे हैं। हीट वेव के शिकार रोगी ही पहुंच रहे हैं। जायद की फसल लगाकर बैठे किसान परेशान हैं। मंगलसी के किसान राम सिंह, राम गणेश वर्मा कहते हैं कि सब्जी की फसल टमाटर, लौकी, तरोई, करेला, कद्दू आदि की फसल रोज पानी देने के बावजूद बचा पाना मुस्किल हो रहा है।



भीषण तपिश में छाता, गमछा और टोपी से सिर ढ़ककर जाते लोग।




तहसीनपुर टोल प्लाजा पर दोपहर में पसरा दिखा सन्नाटा।

### बैंक में बीमार पड़ गया उपभोक्ता

**रुदौली। अमृत विचार :** बैंक आफ इंडिया की शाखा भेलसर में सोमवार को जमा निकासी करने वालों की भारी भीड़ जुटी। अंदर से बाहर तक खचाखच भीड़ में बैंक के पंखे नाकाफी साबित हुए। परिसर में लगे छह एसी खराब हैं। बेहाल उपभोक्ता व कर्मचारी पसीने में तर बतर दिखे। उपभोक्ता रमेश ने बताया कि बैंक में उमस से तबियत खराब हो गई। भेलसर के उमेर ने बताया कि बैंक में पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं। शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि छुट्टी के बाद बैंक खुलने से भीड़ बढ़ गई। बैंक के पंखे चल रहे हैं। बैंक में लगे छह एसी खराब हैं। जल्द ही सही कराए जाएंगे। बैंक में किसी के बीमार होने से इंकार किया।

# पेशी पर नहीं आए सांसद राहुल गांधी, फिर टली सुनवाई

## मामले में अब सात जून को नियत की गई तारीख, प्रेसवार्ता के दौरान गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेसवार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में सोमवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। उनके वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने राहुल गांधी के चुनाव में व्यस्तता का हवाला देते हुए हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में दिया। वहीं, परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध दर्ज कराते हुए अदालत में बयान



दीवानी न्यायालय का मुख्य गेट।

न दर्ज करने के लिए राहुल गांधी पर वारंट जारी करने की मांग कोर्ट से की। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए अंतिम अवसर देते हुए 7 जून की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें सोमवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।

### जिला कृषि अधिकारी कोर्ट में तलब

**सुलतानपुर :** कूटरचित दस्तावेज के सहारे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाये जाने के मामले में न्यायाधीश संतोष कुमार ने जिला कृषि अधिकारी को कोर्ट में बुधवार को व्यक्तिगत रूप से अभिलेखों के साथ तलब किया है। धम्मौर थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी दलसिंगार सिंह ने गांव की इंदुबाला सिंह उर्फ इंदु सिंह, कमला सिंह व कमला देवी पर बिना कोई कृषि भूमि के कूटरचित दस्तावेज के सहारे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को गबन करने का आरोप लगाते हुए बीते साल कोर्ट के जरिये केस दर्ज कराया था। कोर्ट से आरोपी इन्दुबाला सिंह की अंतरिम जमानत मंजूर की जा चुकी है। नियमित जमानत पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने तथ्यों की स्पष्ट जानकारी के लिए जिला कृषि अधिकारी को 29 मई को दस्तावेज के साथ तलब किया है।

### जेल में निरुद्ध आरोपी को कोर्ट से राहत

स्मैक की बरामदगी के मामले में जेल में बंद आरोपी सैय्यद नट की जमानत न्यायाधीश संतोष कुमार ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कमरौली के दरोगा रवींद्र प्रताप सिंह ने आरोपी को नालापुलिया से बनभरिया मोड़ कमरौली के पास 25 ग्राम स्मैक बरामदगी दिखाकर बीती 28 मार्च को जेल भेज दिया था। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

### वारंट पर कोर्ट में हाजिर हुए सांसद संजय सिंह, वारंट रिकॉल

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर :** सजा के खिलाफ दायर अपील में जारी वारंट पर सांसद संजय सिंह सोमवार को अदालत पहुंचे। न्यायाधीश एकता वर्मा ने वारंट निरस्त कर मामले की सुनवाई 28 मई को नियत की है। बिजली-पानी की समस्या को लेकर सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत चार को लोअर कोर्ट ने तीन माह की सजा सुनाई थी, जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई है। सजा पर सेशन कोर्ट ने रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान हाजिर नहीं आ रहे सांसद संजय सिंह पर कोर्ट ने वारंट जारी किया था। सोमवार को अपने अधिवक्ता मदन सिंह के जरिए कोर्ट में हाजिर हुए। कोर्ट ने उनका वारंट रिकॉल कर लिया। मामले में पूर्व से मंगलवार को सुनवाई नियत है, जिनमें पूर्व विधायक अनूप संडा व दो अन्य शामिल है। बसपा सरकार के समय सुलतानपुर शहर में बिजली कटौती और पानी की समस्या के विरोध में सब्जी मंडी के निकट ओवरब्रिज के उत्तरी छोर पर 19 जून 2001 को सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया था।

## एक नजर

### रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक घायल, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट में एक व्यक्ति को चोट आई। कोतवाली के दौलतपुर गांव के अजय कुमार की विपक्षियों से रंजिश थी। आरोप है कि रविवार की शाम को विपक्षीगढ़ उसके गांव में जाकर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारा पीटा। जिससे अजय को चोटे आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को भूवरपुर गांव के मोहित एवं राजकुमार के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बेटे की पिटाई से टूटी मां के कंधे की हड्डी, मामला दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कलयुगी बेटे ने झगड़े के दौरान अपनी ही मां पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनके कंधे की हड्डी टूट गई। धम्मौर थाना क्षेत्र के नरही गांव निवासी रमेश चंद्र शर्मा ने थाने पर तहरीर दी है। उसने बताया कि उसके बड़े भाई राकेश चंद्र शर्मा ने झगड़े के दौरान डंडे से मां पर हमला कर दिया। जिससे उनकी कंधे की हड्डी टूट गई है। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी है। धम्मौर थानाध्यक्ष ने आरोपी बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तीन दिवसीय श्रीराम कथा आज से

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बझना गांव में तीन दिनों तक राम कथा रूपी अमृत वर्षा होगी। 38 वां राम चरित मानस सम्मेलन में अयोध्या धाम के मधुसूदन शास्त्री, वाराणसी के डॉ अनिल पांडेय, वृंदावन से कुमारी शांति किशोरी, मिर्जापुर से शीतल जी महाराज मौजूद श्रोताओं को राम कथा का रसपान कराएंगे। आयोजक पंडित प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया शाम सात बजे से रात्रि 11 बजे तक राम कथा का रसपान विद्वान कराएंगे।

# गर्मी में भीषण कटौती, बिलबिला उठे लोग

- तेज धूप से पारा पहुंचा 42 के पार कूलर पंखा नहीं कर रहे काम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मई के अन्त में भयंकर गर्मी पड़ने से लोग बिलबिला उठे हैं। पक्के मकान भपकने लगे हैं। जिससे कूलर व पंखा काम ही नहीं कर रहे। करौंदिया समेत कई मोहल्लों में रविवार की रात भर बिजली गुल रही। केएनआई फीडर का बुरा हाल है।

जिले में दो दिन से तेज धूप व गर्मी से आसमान से आग बरसने लगी है। घर व बाहर रहना मुश्किल हो गया है। पंखा व कूलर भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रहे हैं। बाजार में एसी की बिक्री बढ़ गई है। जिससे लो-वोल्टेज के साथ बिजली कटौती भी होने लगी है। विद्युत उपकरण पर क्षमता से अधिक भार पड़ने के कारण केबल व ट्रांसफार्मर भी खराब होने लगे हैं। रात में भी गर्मी से राहत नहीं है। गर्मी के तापमान के साथ एसी से निकलने वाली गर्मी से तापमान और बढ़ जाता है। तालाब में पानी नहीं होने से पशु-पक्षी पानी के लिए भटक रहे है। लाइन फाल्ट के कारण करौंदिया मोहल्ले की बिजली आधी रात को गुल हो गई। रात भर फाल्ट दूर नहीं होने से दर्जनों उपभोक्ता गर्मी से बिलबिला उठे। सुबह फाल्ट दूर होने के बाद सप्लाई चालू हो सकी। ट्रांसफार्मर भी गरम होने लगे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने की संख्या बढ़ी है।

अवर अभियंता नगर ने बताया कि बिजली उपकरण गरम होने लगे हैं, लेकिन अभी कोई असर नहीं है। एसी लगाने वाले उपभोक्ताओं की चेकिंग शुरू कर दी गई है। अभी तक 400 एसी लगाने वाले उपभोक्ताओं का भार बढ़ाया जा चुका है।

### अभी नहीं मिलेगी राहत

जिले में तेज धूप व गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो गया है। रात व दिन का तापमान काफी बढ़ा गया है। जिससे रात में भी गर्मी अधिक पड़ रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29 .5 डिग्री सेल्सियस हो गया है। जिससे आर्द्रता अधिकतम 68 व न्यूनतम 34 फीसदी रिकार्ड की गई। मौसम विभाग की मानें तो अभी तेज गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। हवा सामान्य गति से दक्षिण-पूर्वी चलने के आसार हैं।

# हेडमास्टर समेत चार शिक्षकों का वेतन रोका

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में प्रशिक्षण के बावजूद पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के दौरान अनुपस्थित मिले एक प्रधानाध्यापक व तीन सहायक अध्यापकों का वेतन बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने रोकने का आदेश दिया है। शनिवार को प्रशिक्षण के बावजूद शिक्षा क्षेत्र लंभुआ की प्रधानाध्यापिका मधुबाला सिंह, जयसिंहपुर की श्रद्धा सिंह, धनपतगंज के अखंड प्रताप व सुनील यादव तो कूरेभार के मिथुन कुमार मतदान ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। जिस पर सीडीओ ने वेतन रोकने का आरेश दिया था। इस क्रम में बीएसए ने एक प्रधानाध्यापिका व सहायक अध्यापकों का वेतन बाधित किया है।

# आग से भाई-बहन झुलसे, गृहस्थी राख

- सोमवार को था तिलकोत्सव कार्यक्रम, टेंट का सामान भी जला, हल्का लेखपाल ने किया क्षति का आकलन

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के बेलहरी के नटवा गांव में बीती रात आवासीय छप्पर में अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन भाइयों का गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से भाई बहन झुलस गए। हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया है।

थाना क्षेत्र के बेलहरी नटवा निवासी मनोज के बेटे रवि का सोमवार को तिलकोत्सव कार्यक्रम था। इसकी तैयारी घर पर चल रही थी। रविवार रात भोजन के बाद परिजन रिस्तेदारों के साथ बाहर सोने की तैयारी कर रहे थे। रात करीब साढ़े दस बजे अज्ञात कारणों से रामदास के आवासीय छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने मनोज और राम कुमार के घर को अपनी चपेट में ले लिया। परिजन ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। घंटो बाद कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह



आग से जली गृहस्थी के बीच बैठा पीड़ित। अमृत विचार

आग पर काबू पाया जा सका। इस बीच बकरी बचाने के चक्कर में आग की चपेट में आने से भाई-बहन रवि (25) कुसुम (12) झुलस गए थे। इनका निजी चिकित्सालय में इलाज करवाया गया। अग्निकांड में एक बाइक, चार साइकिल, एक ट्राई साइकिल, टेंट सहित गृहस्थी के लाखों का नुकसान हुआ है। क्षेत्रीय लेखपाल राम मिलन मौर्य ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेरित की है। ब्लाक प्रमुख राहुल चन्द्रशेखर शुक्ला ने अधिकारियों से बातकर पीड़ितों को आर्थिक मदद दिलवाने की बात कही है।

# विश्व भर में प्रासंगिक है बुद्ध का धम्म

- बुद्ध पूर्णिमा पर भदैंया के मिश्रपुर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम बहादुर बौद्ध ने कहा कि तथागत बुद्ध ने दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश दिया। प्रेम और दया का भाव दिखा कर जीवन जीने की कला सबको सिखाई। संपूर्ण विश्व में तथागत बुद्ध का धम्म प्रासंगिक है।

वह भदैंया ब्लॉक के मिश्रपुर पुरैना गांव में बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। त्रिविध पावनी पूर्णिमा (बुद्ध पूर्णिमा) कार्यक्रम का शुभारंभ भंते शीलांकर ने बुद्ध वंदना एवं त्रिशरण पंचशील के वाचन के साथ किया।



बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

उन्होंने बुद्ध की करुणा, मैत्री आदि शिक्षाओं को लोगों को बताया। कहा कि बुद्ध ने दुनिया को शांति का संदेश दिया। उपस्थित उपासक एवं उपासिकाओं ने तथागत बुद्ध एवं बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे एक चौनल के संपादक नीरज पटेल ने विस्तार से तथागत बुद्ध का जीवन परिचय सुनाते हुए उनके धम्म पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहाकि बुद्ध की शिक्षाओं से अपनी ज़िन्दगी में एक सकारातमक परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्रम को सुरेश बौद्ध आयकर अधिकारी फैजाबाद, शैलेंद्र भीम, दयाराम बौद्ध प्रांतीय महासचिव, जिलाध्यक्ष धर्मराज बौद्ध, शिवनाथ बौद्ध, आयोजक पंचशील बौद्ध (पांचू बौद्ध) आदि ने संबोधित किया।

# स्व. हरिश्चंद्र को दी गई श्रद्धांजलि

- व्यापार मंडल ने राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रेरणा दिवस को भव्यता से मनाया

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय ने कहा कि व्यापारी हित एवं सामाजिक हित हेतु सदैव अग्रसर रहने वाला उनका संगठन है। लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के बावजूद संगठन ने अपने राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रेरणा दिवस को भव्यता पूर्वक एक मैरिज लॉन में मनाया।

उन्होंने बताया कि 26 मई 1979 में अमीनाबाद लखनऊ में व्यावसायिक हितों के लिए प्रदर्शन करते वक्त हरीश चंद्र अग्रवाल पुलिस की गोली का शिकार हो गए थे। इसी वजह से संगठन हर वर्ष स्व. हरिश्चंद्र



कार्यक्रम में व्यापारियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

अग्रवाल के शहादत दिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाता है। आज यहां कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 21 व्यवसाइयों को सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मनीष साहू ने किया। यहां संगठन के क्षेत्रीय प्रभारी अवध क्षेत्र अमर बहादुर सिंह, जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया, जिला वरिष्ठ महामंत्री अम्बरीश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश पांडेय, जिला संगठन महामंत्री राकेश अग्रहरि, जिला मंत्री अरविंद पांडेय व चंद्रदेव मिश्रा, नगर अध्यक्ष परितोष गुप्ता, नगर महामंत्री दीपक जायसवाल, जिला युवा महामंत्री अंकित अग्रहरि, नगर उपाध्यक्ष आदित्य अग्रहरि, नगर युवा महामंत्री रोहित चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार देवर-भाभी गंभीर, रेफर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कार के टक्कर मार देने से बाइक से जा रहे देवर भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने देवर को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सोमवार को प्रतापगढ़ जिले के देवसरा गांव के सत्यम (25) अपनी भाभी साधना (34) के साथ बाइक से लामा गांव से अपने घर जा रहे थे। वह जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के लेडुआ गांव के पास पहुंचे। तभी सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद देवर सत्यम को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार एवं चालक को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए चालक की पहचान छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी अमन बरनवाल के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया की तहरीर मिलते ही विधि कार्यवाही की जाएगी।

### सपा की बैठक में बूथ वार की गई समीक्षा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक भगेलू राम के आवास पर सपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई। सोमवार को आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव में पार्टी की स्थिति का आकलन करते हुए बूथ वार समीक्षा की गई। पूर्व विधायक भगेलू राम ने क्षेत्र में संपन्न हुए शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता तथा प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ की गई बूथ वार समीक्षा के बाद हम लोकसभा चुनाव जीतने के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त है। अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रंजीत कुमार यादव, सीताराम यादव, राकेश रंजन, रामसूरत, अनीस अहमद, नंदलाल गौतम, सचिन यादव, अनिल यादव, बालकृष्ण आदि मौजूद रहे।

### डीएम आवास के बगल लगा नल है खराब

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी घर से बाहर निकलने वालो के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। बाहर निकले लोगों के गले भी प्यास से सूख रहे हैं। प्यास बुझाने के लिए लोगों को पानी ख़रीदना पड़ रहा है। ख़राब हुए हैंडपंपों को भी ठीक कराना अधिकारी मुनासिब नहीं समझ रहें हैं। डीएम आवास के बगल लगा इंडिया मार्का हैण्डपम्प महीनों से खराब पड़ा है। लेकिन इसे ठीक कराना अधिकारी मुनासिब नहीं समझ रहें हैं।



डीएम आवास के पास खराब पड़ा हैंडपंप।

### किशोरी को बहला कर भगा ले गया गांव का युवक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बंधुआकला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर दी है। महिला ने बताया कि रविवार की रात उसकी बेटी को गांव का युवक बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है। खोजबीन के बाद भी कहीं पर उन लोगों का पता नहीं चल रहा है। युवक उसकी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना न कर दे। बंधुआकला थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिली है जांच-पड़ताल की जा रही है।

# सड़क हादसे में दवाखाने से घर जा रहे युवक की मौत

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** दवाखाने से घर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घायल युवक को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

लंभुआ थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव निवासी डा. लालमणि उपाध्याय पांडे बाबा में लखनऊ बलिया राजमार्ग पर क्लीनिक खोल रखा है। साथ ही बाजार में घर बनवा निवास करते हैं। क्लीनिक पर देखभाल के लिए उनका भतीजा मोहित उपाध्याय (27) पुत्र राजकुमार उपाध्याय रहता है। रविवार की रात दवाखाने से करीब साढ़े आठ बजे बाइक से वह पांडे बाबा स्थित घर जा रहा था। तभी कादीपुर से सुलतानपुर की तरफ जा रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार उसकी बाइक में ठोकर मार दी। जिसमें बाइक तो क्षतिग्रस्त हुई साथ ही युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। निजी वाहन से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष ज्ञान चंद्र शुक्ला ने बताया युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# एक साल पूरा होने पर चेयरमैन ने गिनाईं उपलब्धियां

- कार्यालय में प्रेसवार्ता कर दी आगे की योजनाओं की जानकारी

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कस्बे को आदर्श नगर पंचायत बनाने की दिशा में हम काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत अध्यक्षों की कार्यशाला में नगर को स्वच्छ बनाने एवं स्वच्छता की उपलब्धता तथा की स्ट्रीट लाइट लगाए जाने पर फोकस किया था। हमारे नगर पंचायत में इन कार्यों को बखूबी किया जा रहा है।

यह बातें नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कही। वे सोमवार को अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर नगर पंचायत सभागार में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संसाधनों के अभाव



एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर चेयरमैन किया गया सम्मान। अमृत विचार

के बावजूद हमने नगर में प्रकाश की व्यवस्था कराई। नालियों की हेड से लेकर टेल तक सफाई किया गया। जल शक्ति योजना के अंतर्गत नगर में 1200 फीट गहरी तीन बोरिंग कराई गई। जल निगम की पादपों से हो रहे लीकेज को बंद कराने के लिए पाइप के जॉइंट ठीक कराए गए। आगामी डेढ़ माह में कस्बे वासियों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का कार्य पूरा हो जाएगा। गुड़िया तालाब का बजट आ गया है। चुनाव के बाद तत्काल कार्य शुरू कर दिया जाएगा। कस्बे के दोस्तपुर मार्ग एवं बस स्टेशन के पास नालों का निर्माण तथा नालियों को बनवाया गया। महिला शौचालय को व्यवस्थित कराया गया। नगर पंचायत में चार टैंकर की व्यवस्था की गई। सड़कों का निर्माण कराया गया। नीचे दबे 25 सेंट पंपों को ऊंचा कर उसकी चौकी बनवाई गई। बंदन योजना के अंतर्गत लाइट लगवाई गई। स्वच्छ भारत योजना के अंतर्गत हर घर में डस्टबिन वितरित किया गया।

जल योजना के अंतर्गत एक करोड़ 50 लाख का बजट आया है। निराला नगर में इसी योजना के अंतर्गत एक नाले का निर्माण स्वीकृत कराया जाएगा। कस्बे में जगह-जगह प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। नगर पंचायत में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह, सभासद ब्रजेश बहादुर सिंह, शिवमंगल सिंह, रणवीर सिंह, सूर्य लाल गुप्ता, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, दिनेश कुमार शुक्ल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**परेशानी** रोटरी क्लब की ओर से लगे वाटर कूलर से भी पानी गायब, यात्री खरीद कर पीने को मजबूर

# मॉडल बस स्टेशन आएं तो पानी साथ लाएं

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बस स्टेशन से हज़ारों की संख्या में यात्रा करने वाले यात्री पानी के लिए भीषण गर्मी में सोमवार को भटकते दिखे। वही महकमा सब कुछ जानते हुए अंजान बना रहा। यात्रियों ने दुकान से पानी खरीद भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाई। यहां रोटरी क्लब की ओर से लगा वाटर कूलर ही पीने के पानी का सहारा है। उसकी भी देखरेख परिवहन महकमा नहीं कर पा रहा है। सूचना पर समय-समय पर क्लब के लोग पहुंचकर इसकी मरम्मत कराकर व्यवस्था बहाल करते है।

जिला मुख्यालय पर संचालित रोडवेज स्टेशन पर यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए रोटरी क्लब द्वारा शीतल जल की टोटिया लगाई गई है। सोमवार को शीतल जल की टोटियों




सूखा पड़ा बस स्टेशन पर लगा वाटर कूलर।

से पानी निकलना बंद हो गया। दूर दराज से सफर तय कर आने वाले यात्री जब शीतल जल के लिए जाते तो निराश हो वापस चले जाते। भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए उन्हें बोतल का पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है।

बताते चलें कि रोडवेज बस स्टेशन पर निगम की 56 बसें तो 60 अनुबंधित बसें संचालित है। साथ ही आस पास के जनपदों की बसें भी आती है। जिसके चलते रोडवेज बस स्टेशन से हजारों की संख्या में यात्री प्रति दिन सफर करते हैं। प्रयागराज के श्रद्धालुओं का एक जत्था अयोध्या से सुलतानपुर पहुंचा तो पानी पीने के लिए शीतल जल की टोटियो की तरफ गए तो पानी नहीं मिला। निराश होकर स्टेशन के बाहर से पानी की दस बोतल खरीदे। टोली नायक राम कुमार ने बताया कि हम 14 लोग हैं, खरीदा गया पानी सिर्फ एक बार ही प्यास बुझा पाएगा। जाते समय अभी और पानी लेना पड़ेगा। साथ ही अन्य यात्रियों को भी पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा।

> विद्युत आपूर्ति रात से ही बाधित है, जिससे पानी की समस्या उत्पन्न हुई है। आपूर्ति बहाल होते ही पानी की किल्लत दूर होगी।
> -एनआर सरोज, बस स्टेशन इंचार्ज

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर अमृत विचार।** हलियापुर थाना क्षेत्र के कांपा गांव में सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रविवार की देर रात हलियापुर थाना क्षेत्र के कांपा निवासी बदलू (65) व उनके चचेरे भाई बुद्धिराम (75) ने साथ में नशा किया। परिवार वालों के अनुसार सुबह नशे में धुत बदलू सोख्ता के बने गड्ढे के ढक्कन पर घायल अवस्था में पाये गये। उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस बुलाई गई, लेकिन तब तक उनकी मौत होगई। थानाध्यक्ष ने बताया कि अब तक किसी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# यहां फर्श पर बैठकर यात्री करते हैं इंतजार

- मॉडल रेलवे स्टेशन पर बदइंतजामी के चलते यात्रियों को उठानी पड़ रही परेशानी, जिम्मेदारों ने साधा मौन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन को माडल रेलवे स्टेशन का दर्जा मिल चुका है, लेकिन यहां भीषण गर्मी की तपती दुपहरी में यात्रियों के बैठने तक के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। तेज धूप के बीच सूर्य देवता आग उगल रहे हैं, इसी बीच टिन शेड के नीचे यात्री फर्श पर बैठकर ट्रेनों का इंतजार करने को मजबूर हैं। ट्रेनों की इंतज़ार में रेलवे स्टेशन पर बेंच न मिलने पर वे लोग फर्श पर बैठकर थकान मिटा रहे है। जैसे ही यात्रियों की ट्रेन रेलवे स्टेशन पर आती है वैसे ही लोग



रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के पास फर्श पर बैठे यात्री। अमृत विचार

अपना सामान लेकर ट्रेन के कोच में बैठने के लिए चले जाते है। तब तक खाली जगह पर दूसरी ट्रेनों के यात्री बैठ जाते है। भीषण गर्मी की के चलते यात्री पसीने से तर-बतर दिख रहे हैं।

> सुलतानपुर रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जंक्शन का कायाकल्प कराया जा रहा है। उच्चीकरण का कार्य पूरा होने के बाद बैठने की पर्याप्त व्यवस्था होगी। -बीएस मीना, स्टेशन अधीक्षक सुलतानपुर

एक नजर

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, तीन घायल

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार। कोतवाली अंतर्गत मनीपुर राघव गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान विवाद बढ़ने पर एक पक्ष में दूसरे पक्ष के तीन लोगों को बुरी तरह लाठी डंडों से पीट दिया मारपीट की घटना में एक विपक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मनीपुर राघव गांव में राहुल पुत्र लालजी और राममिलन के परिवार के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट में दूसरे पक्ष से रविंद्र कुमार पुत्र लाल जी माता राजकुमारी और राहुल को गंभीर चोटे आई हैं सभी की हालत गंभीर है सीएचसी के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया है।

### ड्रेन के बाईपास पुल पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

अमेठी, अमृत विचार। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा सेमरौता के निकट इन्हौना मार्ग पर निर्माणाधीन गुमिया ड्रेन पुल के पास एक सीमेंट लदी ट्रैक्टर ट्राली पलट गयी गनीमत रही कि दुर्घटना में जान माल का नुकसान नही हुआ है। थाना क्षेत्र के कस्बा सेमरौता के निकट गुमिया ड्रेन (नैया नाले) पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके चलते सभी वाहन बगल से बनाये गये मानक विहीन बाई पास से होकर निकलते हैं। सोमवार को रायबरेली जनपद के महराजगंज थाना क्षेत्र के दुसौती गांव निवासी लवलेश सिंह अपने ट्रैक्टर से सीमेंट लादकर क्षेत्र के कस्बा अहोरवा भवानी स्थित मिश्रा ट्रेडर्स पर गिराने जा रहा था तभी सेमरौता कस्बे के निकट गुमिया ड्रेन पर निर्माणाधीन पुल के बाई पास पर ट्रैक्टर चढ़ाते समय अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। ट्रैक्टर चालक लवलेश सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर पर सवार दो मजदूरों को पहले ही नीचे उतार दिया था जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बची।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में सुबह 8 बजे होगी मतगणना

## विजयी प्रत्याशी नहीं निकालेंगे जुलूस, मतगणना स्थल पर नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल या कोई हथियार

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मतदान की मतगणना 4 जून को जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय, सैंठा रोड गौरीगंज में प्रातः 8 बजे से शुरू होगी। इनमें 178-तिलोई, 184-जगदीशपुर अनु०जा० 185-गौरीगंज एवं 186-अमेठी के क्षेत्र शामिल हैं। जबकि 181-सलोन विधानसभा की मतगणना आईटीआई गोरा बाजार, रायबरेली में सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी ने यह सूचना अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग-अलग मतगणना हालों में ईवीएम की मतगणना के लिए 14 टेबल निर्धारित की गई हैं, जिन पर मतगणना करायी जायेगी। जिसमें जगदीशपुर विधानसभा की मतगणना एमपी हाल में, गौरीगंज विधानसभा की मतगणना होल्डिंग हाउस में, अमेठी व तिलोई विधानसभा की मतगणना क्रमशः ब्यॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल में करायी जायेगी। पोस्टल बैलेट की मतगणना एमपी हाल में 12 टेबल पर निर्धारित किया गया है एवं ईटीपीवीएस की स्कैनिंग एमपी हाल से लगे कक्ष में 8 टेबल पर करायी जायेगी तथा इस प्रकार जनपद की चारों विधानसभाओं की ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट की मतगणना कुल 68 टेबल पर कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार प्रत्येक मतगणना एवं स्कैनिंग टेबल पर अपना एक-एक मतगणना अभिकर्ता एवं आरओ टेबल पर टैबुलेशन कार्य के निरीक्षण हेतु एक अतिरिक्त मतगणना अभिकर्ता की नियुक्त कर सकते है, इसके अतिरिक्त 01 मतगणना अभिकर्ता प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए खानपान की व्यवस्था किये जाने हेतु नियुक्त कर सकते हैं।

नियुक्त किये गये अभिकर्ता मतगणना दिवस पर मतगणना हेतु निर्धारित समय प्रातः 8 बजे से एक घण्टा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।


जिलाधिकारी निशा अनंत

मतगणना के लिए क्षेत्रवार लगेंगी टेबलें

### अभिकर्ताओं के जरूरी निर्देश

जिलाधिकारी ने बताया कि मतगणना अभिकर्ता अपने साथ प्रारूप-18, आईडी कार्ड, किस टेबल के लिए नियुक्त है, के अंकन वाला बैज पास लेकर व लगाकर ही मतगणना हाल में प्रवेश पा सकेंगे। मतगणना अभिकर्ता को अपने साथ पेन, पेन्सिल, सादा कागज, नोटपैड एवं 17ग की डुप्लीकेट प्रति ले जाने की अनुमति होगी, अन्य कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी अभ्यर्थी, गणना अभिकर्ता अपने साथ कोई आग्नेयास्त्र एवं मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर मतगणना हाल में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### मतगणना स्थल से 200 मीटर दूर रहेंगे समर्थक

डीएम ने बताया कि मतगणना परिणाम लाउडस्पीकर से घोषित किया जायेगा, मतगणना केन्द्र से 200 मीटर की परिधि के भीतर उम्मीदवारों, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता मतगणना कार्मिक, सुरक्षा कर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य सभी का प्रवेश वर्जित होगा। उन्होंने बताया कि मतगणना परिणाम की घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकाला जाएगा, संपूर्ण जनपद में पूर्व से ही धारा 144 प्रभावी है।

### मतगणना स्थल पर बनेगा मीडिया सेंटर

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार। लोक सभा चुनाव में मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की निगरानी और मतगणना की तैयारी का काम साथ साथ चल रहा है। चार जून को पहली बार जवाहर नवोदय विद्यालय में मतगणना सम्पन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त आब्जर्वर की निगरानी में मतगणना कराने के लिए जिला प्रशासन तैयारी में लगा हुआ है। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबल लगाए जायेंगे। एआरओ टेबल और आरओ टेबल पर मतों की गिनती का विवरण उपलब्ध रहेगा। प्रत्येक काउंटिंग टेबल पर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ गणना सहायक, गणना पर्यवेक्षक और माइक्रो आब्जर्वर सहित कुल चार कर्मी तैनात किए जाएंगे। जगदीशपुर, गौरीगंज, अमेठी और तिलोई विधानसभा क्षेत्र की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय में और सलोन विधानसभा की मतगणना रायबरेली में होगी।

### मतगणना कार्मिकों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

अमेठी अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को लेकर आज जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिशिर सक्सेना द्वारा किया गया। बताते चलें कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना 4 जून को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में होगी, जिसको लेकर मतगणना कार्य में लगने वाले कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन आज किया गया। मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण 29 मई को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में दिया जाएगा तथा द्वितीय प्रशिक्षण 3 जून को दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बरात में आए वाहन से कुचलकर महिला की मौत

जामो, अमेठी। क्षेत्र के वर्रा गांव में आई बरात के एक वाहन के चालक की लापरवाही के चलते महिला घायल हो गयी। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मातादीन मजरे वर्रा निवासी निर्मला (50) पत्नी अरविन्द प्रसाद पाण्डेय रविवार की शाम अपने दरवाजे के सामने बैठी थी। उधर उसके घर के बगल मुमताज के दरवाजे पर बरात आयी थी। विदाई के समय चालक वाहन को पीछे ले जा रहा था, तभी निर्मला वाहन की चपेट में आ गई। घायल अवस्था में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वर्तमान युग की समस्याओं का समाधान प्रज्ञा पुराण कथा में

संवाददाता, तिलोई, अमेठी

अमृत विचार। हनुमान गढ़ी तिलोई पर 26 मई से 30 मई तक आयोजित पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ आहुति दी।

सोमवार की सुबह देव पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभी यज्ञ कुण्डों पर मुख्य यजमान के रूप में सपत्नीक उपस्थित जोड़ो ने पूजन कार्यक्रम पूरे विधि विधान के साथ किया। इसके बाद गायत्री मंत्र के साथ सभी ने यज्ञाहुति दी। इसके पूर्व रविवार की शाम को कथा श्रवण संकल्प एवं पूजन का कार्यक्रम कथा वाचिका सुषमा तिवारी के द्वारा संपन्न कराया गया। सुषमा तिवारी ने कथा श्रवण संकल्प कार्यक्रम में बोलते हुए बताया कि यह भारतीय अध्यात्म की विशेषता है की कथा के माध्यम से मानव जीवन के सम्मुख आने वाली अग्रणी समस्याओं का समाधान उसमें बड़ी कुशलता पूर्वक पिरो दिए गए हैं। वर्तमान युग की समस्त समस्याओं का सरल समाधान परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के साहित्य में समाया है। उनके द्वारा रचित पावन प्रज्ञा पुराण की कथा एवं गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम इस क्षेत्र के लोगों के लिए कल्याणकारी एवं मंगल कारी होगा।

## घायल वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार। कोरारी गिरधरशाह गांव में पीपल की डाल गिरने से रविवार को दो महिलाएं घायल हो गई थी। जिसमें वृद्ध महिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को क्षेत्र में बूंदाबांदी हो रही थी तभी कोरारी गिरधरशाह गांव की तुल्ला बानो तथा अफसाना छत पर रखे अनाज को हटाने गई थीं। इसी दौरान वहां स्थित पीपल के पेड़ की डाल टूटकर उन पर गिर गई। परिजन एंबुलेंस से दोनों को लेकर सीएचसी अमेठी गए थे। जहां से डॉक्टर तुल्ला बानो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरी महिला का इलाज चल रहा है।

## ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए डाल रहे पानी

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। भीषण गर्मी और ओवरलोडिंग की वजह से विद्युत उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मर तेजी से हीट हो रहे हैं। ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए हर आधे घंटे में संविदा लाइनमैन जान जोखिम में डालकर पानी से ठंडा करने में जुटे हुए हैं। जामो बिजली उपकेंद्र पर लगे ट्रांसफार्मर पर लाइनमैन द्वारा पानी डालकर ठंडा करने का वीडियो सामने आया है।

दरअसल जनपद में भीषण गर्मी और ओवरलोडिंग की वजह से बिजली उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मर तेजी से हीट हो रहे हैं। हीट होने से ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने और बिजली आपूर्ति भी ठप होने का खतरा बना हुआ है। ट्रांसफार्मर को हीटिंग से बचाने के लिए ट्रांसफार्मरों को पानी से ठंडा किया जा रहा है। जामो विद्युत उपकेंद्र पर विद्युत आपूर्ति के दौरान जान जोखिम में डालकर ट्रांसफार्मर को पानी से ठंडा करने का संविदा कर्मी का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो पर जामो उपकेंद्र पर तैनात जेई पीसी कुशवाहा ने बताया कि ओवरलोडिंग की वजह से ट्रांसफार्मर हीट हो रहे हैं, जिसको ठंडा करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। वहीं इस ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए कई महीना पहले ही अधिकारियों को पत्र भेजा गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### बिल जमा न होने पर काटा गया कनेक्शन

संवाददाता, सिंहपुर, अमेठी अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र मे अहोरवा भवानी में इंदिरागांधी कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का 50 हजार से ज्यादा बिल बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया गया। कार्रवाई के लिए पहुंची बिजली विभाग की टीम को मौके पर प्रशिक्षण केन्द्र का संचालक नहीं मिला। अधिकारियों ने कम्प्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से फोन पर संचालक को कार्रवाई की सूचना दी। उपकेन्द्र सेमरौता पावर हाउस सब डिविजन क्षेत्र में बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जेई सरोज राजभर, सहायक अभियंता बीरेन्द्र राजभर, राकेश कुमार, गुरु बरदान, संदीप, राम चन्दर, जगदेव कार्यपालक अभियंता सरोज राजभर मौजूद रहे।


इंदिरागांधी कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र। विद्युत कनेक्शन कटने के बाद

## सिलेंडर में विस्फोट के बाद छप्पर में लगी आग

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। पीपरपुर थाना क्षेत्र के मल्लेपुर मजरे भोजपुरी में रविवार देर शाम खाना बनाते समय सिलेंडर में विस्फोट हो गया। जिसके बाद छप्पर में आग लगने से वहां रखा एक लाख रुपये नकद और घर का अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के समय मौके पर कोई मौजूद न होने के कारण जनहानि नहीं हुई। सोमवार को हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया है।

भादर विकास खण्ड के मल्लेपुर मजरे भोजपुर में रविवार को मक्खन यादव के छप्पर और झोपड़ी से बने घर खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से विस्फोट हो गया। देखते ही देखते छप्पर के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। गैस सिलेंडर में आग लगने व विस्फोट के समय छप्पर के अन्दर परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं थी। इसलिए परिवार के सभी सदस्य तो बाल-बाल बच गए लेकिन छप्पर के अंदर रखा एक लाख रुपये नगद, सोने-चांदी के जेवरात, कपड़े व राशन के साथ गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार के नवनिर्मित मकान पर लिंटर डालने के लिए सेटरिंग हुआ था जिससे छप्पर के अंदर गृहस्थी का सारा सामान रखा था। सोमवार को हल्का लेखपाल प्रदीप कुमार ने मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लेते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।


सिलेंडर में विस्फोट के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

## सफर के बीच बिगड़ी बस के चालक की तबियत, मौत

संवाददाता बिछिया उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव डिपो की खाली बस लेकर वापस लौटते समय रोडवेज बस चालक की हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया।

बारासगवर थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी निर्मलेश (55) पुत्र रामबिहारी परिवहन विभाग में चालक पद पर कार्यरत है। रविवार शाम को वह उन्नाव डिपो की बस परिचालक आशीष के साथ गया था। फेरे पूरे होने पर वह सोमवार को बस खड़ी करने वर्कशाप डिपो जा रहा था। तभी दही थाना क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाईवे से वर्कशाप मोड़ के पास हालत बिगड़ गई और अचेत हो गया। बस जब वर्कशाप के अंदर नहीं मुड़ी तो परिचालक दौड़ कर चालक की सीट पर पहुंचा और किसी तरह बस रोकी। एआरएम को इसकी जानकारी दी। इस पर चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एआरएम जीसी वर्मा ने बताया चालक को जिला अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी मौत हो गई।

सार-संक्षेप

### किसान पर किया फायर, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार। उन्नाव जिले के हसनगंज कोतवाली अंतर्गत मीरखेड़ा में फसल की रखवाली कर रहे किसान पर अज्ञात हमलावरों ने फायर कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बच गया। जान बचाकर भागे किसान के शोर मचाने पर हमलावर भाग निकले। सूचना पर एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और जांच की वहां उन्हे एक खोखा भी पड़ा मिला। हालांकि पूछताछ में किसान ने फायरिंग से इंकार किया है लेकिन घटना स्थल पर साक्ष्य मिलने से पुलिस जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र मीरखेड़ा निवासी छोटेलाल पुत्र दुर्गादीन किसान हैं। उसने बताया कि अन्ना मवेशियों से फसल की रखवाली करने के लिए वह रविवार रात खेत पर मौजूद था और खेतों की रखवाली कर रहा था, तभी मध्य रात्रि लगभग डेढ़ बजे खेत के दूसरे छोर पर उसे कुछ लोग संदिग्ध हालात में खड़े दिखाई दिये। उसके ललकारने पर उन लोगों ने छोटेलाल पर फायर झोंक दिया। जिससे वह बाल बाल बच गया और जान बचाकर शोर मचाते हुए गांव की ओर भागा। शोर सुन कर पास खेतों में सो रहे किसान दौड़े, यह देख हमलावर भी मौके से भाग निकले। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र व चौकी इंचार्ज दीपक कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस को घटनास्थल पर एक कारतूस का खोखा मिला है।


मौके पर मिला कारतूस का खोखा।

### आग से गृहस्थी समेत दुकान का सामान जलकर राख

अमेठी। अमृत विचार। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत टढेई के गांव कैथनपुरवा में अज्ञात कारणों से लगी आग में घर की गृहस्थी समेत दुकान का सामान भी जल गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। क्षेत्र के गांव कैथन पुरवा मजरे टढ़ेई निवासी कुलदीप श्रीवास्तव ने अपने घर पर छोटी सी परचून की दुकान खोल रखी थी। रविवार को उनके घर में अज्ञात कारणों से आग लग गयी जिससे उनका गृहस्थी का सामान एव दुकान में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे हल्का लेखपाल सुदर्शन बौद्ध ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी गयी है।

### चोरी की दो बाइकों के साथ एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान बांगरमऊ पुलिस ने एक वाहन चोर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। जहां उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो बाइकें बरामद करते हुये उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। दरोगा जिब्राइल शेख हमराहियों के साथ सोमवार को गशत पर थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम घनौती थाना कटिया जिला गोपालगंज (बिहार) हाल पता दूलम सिंह महाविद्यालय जगतनगर थाना बांगरमऊ निवासी बऊका यादव उर्फ छोटू पुत्र जोधा यादव को भुड्डा चौराहे से गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की और उसकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइकें बरामद की। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए कोर्ट भेजा है।

### बकाया मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। सीमेंट का बकाया रुपया मांगने पर दो सगे भाइयों ने रुपया देने से इंकार करते हुए व्यापारी को जान से मारने की धमकी दी। फर्म मालिक की तहरीर पर बेहटा मुजावर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योली इस्लामाबाद निवासी सर्वेश कुमार गुप्ता पुत्र दुर्गा प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि उसकी शौर्य ट्रेडर्स नाम की फर्म है। जिसमें में थोक में सीमेंट बिक्री का कारोबार करता है। बताया कि थाना फतेहपुर चौरासी अंतर्गत ग्राम सकरौली निवासी दुर्गेश व मुनेंद्र यादव पुत्रगण शिवनाथ यादव से सीमेंट बिक्री का लेन-देन करता रहा है। उसे दोनों भाइयों करीब 80 हजार बकाया है। उसने जब अपना रुपया मांगा तो उन्होंने देने इंकार कर दिया।

### मुआवजा से वंचित किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंच सुनाई पीड़ा

उन्नाव, अमृत विचार। गंगा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि का कुछ किसानों को अब तक मुआवजा की धनराशि का भुगतान नहीं हो सका है। निर्माण एजेंसी यूपीडा के नाम रजिस्ट्री कर चुके मुआवजा से वंचित किसानों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम गौरांग राठी से शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का शिकायती पत्र लेकर एसडीएम ने एसएलओ से वार्ता कर उन्हें 15 दिन में भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया है। शासन के निर्देश पर तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे ने राजस्व अमले से यूपीडा अधिकारियों की देखरेख में कृषि भूमि की नापजोख कराई थी। किसानों ने राजस्व अधिकारियों द्वारा चिन्हित जमीनों की नाप के बाद यूपीडा के नाम रजिस्ट्री भी कर दी थी। लगभग 90 फीसदी किसानों को अधिग्रहीत भूमि की मुआवजा की धनराशि भेजी गई है।

## टहलते समय ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर अजगैन रेलवे स्टेशन के पास एक अधेड़ ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई। दूसरा हादसा इसी रेलमार्ग पर जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास हुआ। इसमें एक सीमेंट फैक्ट्री के श्रमिक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

अजगैन कस्बा निवासी अशोक (49) पुत्र शिव प्रसाद दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी कर अपना परिवार पालते थे। रविवार रात को खाना खाने के बाद वह घर से टहलने निकले। अजगैन रेलवे स्टेशन के पास रेलवे क्रासिंग पार करते समय वह ट्रेन से टकरा गंभीर घायल हो गए। हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया। जिस पर परिजन घायल को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डाक्टरों ने जवाब दे दिया। परिजन फिर जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक मौत हो गई।

## हाईवे पर खराब हुई बस, परेशान रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ से कानपुर जा रही आजाद नगर डिपो की रोडवेज बस दोपहर दो बजे दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित यूपीएसआरटीसी वर्कशाप के पास खराब होकर खड़ी हो गई। चालक-परिचालक गाड़ी स्टार्ट करने का प्रयास करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इस पर उन्होंने लखनऊ से कानपुर जा रही दूसरी बस को रुकवाकर सवारियों को गंतव्य के लिए रवाना किया।

चारबाग लखनऊ से 25 सवारियां बैठकर बस कानपुर के लिए रवाना हुई थी। यहां दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित निगम की वर्कशाप से आगे बढ़ते ही अचानक गाड़ी का इंजन बंद हो गया। चालक व परिचालक ने मिलकर गाड़ी स्टार्ट करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। इस पर उन्होंने डिपो को बस खराब होने की सूचना देते हुए लखनऊ से आने वाली दूसरी बस रुकवा कर यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए रवाना कर दिया। दोपहर के समय बस खराब होने पर आधे घंटे से अधिक समय तक यात्रियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। इस दौरान सबसे अधिक परेशान बस में माता-पिता के साथ यात्रा करने वाले छोटे बच्चे बेहाल हो गए। हालांकि गर्मी के मौसम में अधिकांश बसें खाली ही दौड़ानी पड़ रही हैं। इससे सवारियां स्थानांतरित करने में खराब हुई बस के कंडेक्टर का बहुत अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।


दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र में खड़ी बस। अमृत विचार

जागरूकता — अग्निशमन सेवा अमेठी की ओर से अग्नि सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

## कुकिंग गैस लीक हो तो तुरंत जलती वस्तु बुझा दें

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में फायर सर्विस विभाग द्वारा सोमवार को मेसर्स-जाप्फा कोमफिड इण्डिया प्रा.लिमिटेड, औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। आग लगने के कारण व आग बुझाने के तरीकों के संबंध में जानकारी दी गयी। अग्निशमन उपकरणों के रखरखाव व उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं मॉक ड्रिल कराया गया। मॉकड्रिल में ओमप्रकाश सिंह अग्निशमन द्वितीय अधिकारी जगदीशपुर व फायर मैन पवन सिंह, आशीष कुमार सिंह एवं दीपेन्द्र कुमार तथा फैक्ट्री के एचआर मैनेजर अजीत सिंह यादव सहित सौ से अधिक अधि. कर्मचारी सम्मिलित रहे। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मोमबत्ती, चिराग, अंगीठी का अगर इस्तेमाल करना पड़े तो उसे सुरक्षित स्थान पर करें। कुकिंग गैस सिलेण्डर में लीकेज का आभास होते ही पास-पड़ोस की अन्य जलती हुई वस्तुओं को तुरन्त बुझा दें। जब तक घर का वायुमण्डल शुद्ध न हो जाये दियासलाई मत जलायें। लीक करने वाले सिलेण्डरों को तुरन्त घर के बाहर खुले स्थान पर निकाल कर रख दें और गैस कम्पनी को सूचित कर साथ ही साथ गैस लीकेज बन्द करने का प्रयत्न करें। रात्रि में सोने से पहले गैस सिलेण्डर का वाल्व बन्द करना न भूलिए। गैस का सिलेण्डर सदैव खड़ा रखें। उपकरणों की खराबी के संबंध में जल संस्थान और अग्निशमन केन्द्र को तुरन्त शिकायत करें। आग लगने पर फायर बिग्रेड को टेलीफोन करके अवश्य बुलवाएं, इसकी सेवायें हर समय निःशुल्क उपलब्ध हैं।


आग से बचाव की जानकारी देते विभागीय अधिकारी।

## पेड़ काटने की पुष्टि के बाद चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

अमृत विचार। हसनगंज तहसील के हाजीपुर तरेहा ग्राम प्रधान ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए ग्राम सभा की जमीन पर लाखों रुपये कीमत के पेड़ चोरी से काटने का आरोप चार लोगो पर लगाया था। एसडीएम के निर्देश पर एक जांच टीम बनाई गई। जिसने जांच में आरोप सही पाए गए। इस पर लेखपाल ने चार लोगो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दे हाजीपुर तरेहा गांव के बाहर भूलईहा तालाब के किनारे करीब 500 यूकेलिप्टस के पेड़ लगे थे। इनको गांव के कुछ लोगों ने चोरी से काट कर बेंच डाला। इनमें 150 पेड़ कुछ माह पहले व 350 पेड़ हाल में ही काटे गए। ग्राम प्रधान सरोज ने एसडीएम हसनगंज से शिकायत की थी। उनके निर्देश पर नायब तहसीलदार अमित त्रिपाठी, लेखपाल प्रियंका सिंह व वन विभाग डिप्टी रेंजर श्रीकांत त्रिवेदी ने गांव जाकर जांच की थी। इसमें पेड़ो के काटे जाने की पुष्टि हुई है। वन विभाग ने काटे गए पेड़ो की 7.40 लाख आंकी है। एसडीएम के आदेश पर लेखपाल प्रियंका सिंह ने हाजीपुर तरेहा निवासी सुजीत पुत्र राधेलाल, भूरे, पप्पू, व पच्चू पुत्रगण बाबू के कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि शिकायत जांच कराई गई। आरोप सही मिलने तीन भाइयों सहित चार पर कार्रवाई की गई है।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# एक बड़ी जीत

बौद्धिक संपदा, आनुवंशिक संसाधनों (जीआर) और संबंधित पारंपरिक ज्ञान (एटीके) पर विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) की संधि, वैश्विक दक्षिण के देशों और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है। यह संधि सामूहिक विकास हासिल करने और स्थायी भविष्य का वादा पूरा करने की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, जिसका भारत ने सदियों से समर्थन किया है। यह संधि न केवल जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण करेगी, बल्कि पेटेंट प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाएगी और नवाचार को मजबूत करेगी। यह संधि भारतीय आनुवंशिक संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगी। हालांकि ये वर्तमान में भारत में संरक्षित हैं, लेकिन उन देशों में इनके दुरुपयोग की संभावना है, जहां प्रकटीकरण दायित्व नहीं हैं। वर्तमान पेटेंट कानून में ऐसा कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं है जिसके तहत पेटेंट आवेदकों से उस स्थिति में उत्पत्ति के देश या स्रोत का खुलासा करने की अपेक्षा की जाती हो जहां आविष्कार आनुवंशिक संसाधनों पर आधारित हो। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस संधि के लिए विकसित देशों सहित अनुबंध करने वाले पक्षों को पेटेंट आवेदकों पर मूल दायित्वों के प्रकटीकरण को लागू करने के लिए अपने मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव लाने की जरूरत होगी। गौरतलब है कि डब्ल्यूआईपीओ एक संयुक्त राष्ट्र विशेष एजेंसी है जिसे 1967 में बौद्धिक संपदा (आईपी) संरक्षण को बढ़ावा देने और दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया था। डब्ल्यूआईपीओ मूल रूप से आईपी नीति, सेवाओं, सूचना और सहयोग के लिए एक वैश्विक मंच है।

भारत 1975 में डब्ल्यूआईपीओ में शामिल हुआ। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक रैंकिंग (जीआईआई) में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है। हाल के वर्षों में भारत ने जीआईआई में छलांग लगाई है। 2019 जीआईआई में भारत 52वें स्थान पर था। जीआईआई दुनिया भर की सरकारों के लिए अपने-अपने देशों में नवाचार-आधारित सामाजिक और आर्थिक बदलावों का आकलन करने का एक विश्वसनीय साधन है। जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार का श्रेय अपार ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत काम को जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीतिगत उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की ओर भारत की यात्रा में सहयोग कर रहा है। वास्तव में यह संधि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है, जो पारंपरिक ज्ञान और बुद्धिमत्ता की प्रचुरता के साथ जैव विविधता वाले केंद्रों का केंद्र है।

# क्लिक कल्चर के प्रतिवाद में पंडित नेहरू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है।

> नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है ' 'शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है। वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं।

नई डिजिटल कल्चर 'क्लिक कल्चर' है। 'क्विक' कल्चर है। इसने 'पुसबटन' और इमेज को महान और लोकतांत्रिक मूल्यों और विचारों को खोखला और निरर्थक बनाया है। संप्रति टीवी से लेकर फेसबुक तक अनेक संगठन और नेता इसके शैतान खिलाड़ी के रुप में खेल रहे हैं और भारत की मासूम युवा पीढ़ी को इमेजों के जरिए दिग्भ्रमित करने में लगे हैं। 'क्लिक कल्चर' ने युवाओं के विवेक पर सीधे हमला बोला हुआ है। कहा जा रहा है 'क्लिक' इमेज ही सत्य है, विचार तो बकबास होते हैं, बोर करते हैं, कमाना मूल्यवान काम है, सोचना फालतू चीज है, व्यवहारवादी बनो, जनवादी मत बनो, धर्मनिरपेक्षता फालतू चीज़ है, लोकतंत्र में रहो लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के बिना। लोकतांत्रिक मूल्य तो बोझा हैं, वोट दो, लेकिन विवेकवाद के आधार पर सोचो मत, सार्थक है सिर्फ चुनाव जीतना। इस 'क्लिक कल्चर' के नायक इन दिनों पंडित नेहरू का भी 'क्लिक संस्कार' करने में मशगूल हैं।

उल्लेखनीय है पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के सामान्य प्रधानमंत्री नहीं थे, वे सामान्य राजनेता भी नहीं थे। आमतौर पर लोकतंत्र में नेता आते हैं और जाते हैं। औसत नेता ही लोकतंत्र की संपदा के रुप में नजर आते हैं, भारत में अनेक औसत नेता प्रधानमंत्री बने, लेकिन आधुनिक विचारवान विरल प्रधानमंत्री तो एकमात्र पंडितजी ही थे। वे ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनके पास आधुनिक भारत का विज़न था, आधुनिक विचार थे, आधुनिक जीवन शैली थी और इन सबसे बढ़कर अपने विचारों के लिए जोखिम उठाने का साहस था।

नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है। नेहरू 'क्लिक कल्चर' की देन नहीं थे, वे तो संस्कृति की देन थे। नेहरू को पाने के लिए भारत की संस्कृति के पास जाना होगा। संस्कृति का मार्ग बेहद जटिल और जोखिम भरा है, वह फेसबुक की वॉल पर लिखी 'क्विक' इबारत नहीं है, नेहरू कोई किताब नहीं है, कोई कुर्सी नहीं है या मूर्ति नहीं है जिसके साथ खड़े होकर फोटो क्लिक करो और नेहरू की पंक्ति में शामिल हो जाओ! नेहरू कुर्सी नहीं बल्कि देश का आधुनिक विज़न हैं। नेहरू के आधुनिक विज़न को सचेत रुप से अर्जित करना होगा तब ही सही मायने में नेहरू की रुह को स्पर्श किया जा सकता है। महसूस किया जा सकता है।

नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है "शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है। वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं। जबकि नेहरू में ये चीजें एकदम नहीं थीं। नेहरू ने लिखा है, 'मजहब में- जिस रुप में मैं विचारशील लोगों को भी उसे बरतते और मानते हुए देखता था, चाहे वह हिन्दू-धर्म, चाहे इस्लाम या बौद्ध-मत या ईसाई-मत-मेरे लिए कोई कशिश न थी। अंध-विश्वास और हठवाद से उनका गहरा ताल्लुक था और जिंदगी के मसलों पर ग़ौर करने का उनका तरीक़ा यक़ीनी तौर पर विज्ञान का तरीक़ा न था। उनमें एक अंश जादू-टोने का था और बिना समझे-बूझे यकीन कर लेने और चमत्कारों पर भरोसा करने की प्रवृत्ति थी।'

'फिर भी यह एक जाहिर-सी बात है कि मज़हब ने आदमी की प्रकृति की कुछ गहराई के साथ महसूस की हुई जरुरतों को पूरा किया है और सारी दुनिया में, बहुत ज्यादा कसरत में, लोग बिना मज़हबी अकीदे के रह नहीं सकते। इसने बहुत-ऊंचे किस्म के मर्दों और औरतों को पैदा किया है, और साथ ही तंग-नज़र और ज़ालिम लोगों को भी। इसने इन्सानी ज़िन्दगी को कुछ निश्चित आंकें दी हैं और अगरचे इन आंकों में से कुछ आज के ज़माने पर लागू नहीं हैं, बल्कि उसके लिए नुकसानदेह भी हैं, दूसरी ऐसी भी हैं, जो अख़लाक़ और अच्छे व्यवहार लिए बुनियादी हैं।'

नेहरू ने लिखा है "असल में मेरी दिलचस्पी इस दुनिया में और इस जिंदगी में है, किसी दूसरी दुनिया या आनेवाली जिंदगी में नहीं।" पंडितजी पुनर्जन्म की धारणा में यकीन नहीं करते थे, अंधविश्वासों के विरोधी थे। दिमागी अटकलबाजी में यकीन नहीं करते थे। वे चीजों, घटनाओं, व्यक्तियों, समुदाय और वस्तुओं को वैज्ञानिक नजरिए से देखने में विश्वास करते थे। उन्होंने माना "मार्क्स और लेनिन की रचनाओं के अध्ययन का मुझ पर गहरा असर पड़ा और इसने इतिहास और मौजूदा जमाने के मामलों को एक नई रोशनी में देखने में बड़ी मदद पहुंचाई इतिहास और समाज के विकास के लंबे सिलसिले में एक मतलब और आपस का रिश्ता जान पड़ा और भविष्य का धुंधलापन कुछ कम हो गया।'

1964 में 27 मई को मौत के बाद जवाहरलाल नेहरू का यश इतिहास की थाती है। उनका अनोखापन बेमिसाल है। नेहरू में दोष भी ढूंढ़े जा सकते हैं। नेहरू विस्मृति के अंधेरे में भी जुगनू की तरह दमकते ही रहते हैं वे अकेले हैं जो दक्षिणपंथ के हमले का शिकार हैं। आजाद़ी की जद्दोजहद में तिलक, गांधी, नेहरू और सुभाष उत्तरोत्तर पड़ाव हैं। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बाद नेहरू ने गांधी का सम्मान करते भी उनकी आदर्शवादिता को अव्यावहारिकता कहकर ठुकरा दिया। उन्हें कठोर पत्र भी लिखे। उन्होंने गांधी की मुखालफत करते भगतसिंह के पक्ष में करीब आधी कांग्रेस को खड़ा भी किया। सुभाष बोस के साथ भगतसिंह के मुकदमे की पैरवी की।

नेहरू में कवि और दार्शनिक था। उनकी इतिहास दृष्टि में नदियां, हवाएं और तरंगें बहती हैं। नेहरू की गंगा सुदूर अतीत से भविष्य के महासागर तक संस्कारों का सैलाब लिए अनंतकाल तक बहती रहेगी। उनकी गंगा वसीयत से बेहतर वसीयत संसार में कहीं नहीं है। असाधारण बौद्धिक सांसद हीरेन मुखर्जी ने कहा था। मैं ऐसी वसीयत लिखने वाले की हर गलती माफ कर सकता हूं। यहां तक कि खराब सरकार को भी।

## प्रसंगवश

# इस बार का चुनाव

मैं यह क्या सुन रहा हूं? इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश के कई निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों ने इस डर से कि भाजपा सरकार यदि फिर से आई तो संविधान बदल दिया जाएगा, साईकिल पर मुहर लगाई है। यह मात्र अफवाह भी हो सकता है। असली स्थिति तो नतीजों के बाद ही स्पष्ट होगी। अब भला लोगों को यह कहां गवारा होगा कि 'कोई बाबा साहब का बनाया संविधान' बदल दे। उनके लिए तो बाबा साहब आराध्यदेव हैं। वे ऐसा न होने देने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं और इन्हें बरगलाना भी आसान है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

संप्रति वोटों का जो सामाजिक समीकरण चल रहा है उसमें हाथी अनुसूचित जाति की ओर साईकिल निर्विवाद एम वाई फैक्टर की है। मगर दोनों में बड़ी दूरी रही है। यहां तक कि एकदा बहन जी के साईकिल का साथ देने के बावजूद अनुसूचित जातियों के वोट साईकिल को ट्रांसफर नहीं हो पाए थे। और साईकिल पंचर हो गई थी। क्या इस बार संविधान बदलने के चुनावी ब्रह्मास्त्र ने एक असंभव सी बात को संभव कर दिखाया है? सहज विश्वास नहीं होता। मगर खबरें ऐसी ही आ रही हैं। और सचमुच यदि ऐसा हुआ है तो कई लोकसभा क्षेत्रों के अनपेक्षित परिणाम आएंगे। बयानबाजों ने फिजां बदल दी-यही मानना होगा। यह अफवाह कुछ चतुर चालाकों ने फैलाई और भाजपा के तमाम खंडन के बाद भी वातावरण में फैलती रही। चुनाव प्रारंभ होने तक सत्ता विपक्षी दल जहां अस्त पस्त था, मतदान के बढ़ते चरणों के साथ झूठ मूठ के दावे और अफवाहों का सहारा लेकर मजबूती पाता गया दिखा है। साईकिल वाले नेता जी जहां जहां जनसभाओं में गए हैं, संविधान बदलने वाली बात को पुरजोर तरीके से उठाया। मतदान का आखिरी चरण अब आ पहुंचा है। इस बार का लोकसभा का सामान्य निर्वाचन अनेक छल कपट और झूठ प्रपंच के लिए जाना जाएगा। वाला तीर सही निशाने पर लगा तो हाथी वाली पार्टी का समूल सफाया तय है और कमल भी कुम्हलाएगा। साईकिल और सरपट निकलेगी।

# मिजोरम सीमा को सील करने पर बढ़ा बवाल



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

> मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी।

म्यांमार के साथ मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने के केंद्र के फैसले के बीच मिजोरम सरकार ने घोषणा की है कि 1,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी म्यांमार सेना से जुड़े सशस्त्र संघर्ष से भागकर सीमा पार कर आ गए हैं। इस आमद ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है क्योंकि मिजोरम सरकार ने म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्रीय गृह मंत्रालय के कदम का विरोध किया है।

40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और युद्धग्रस्त पड़ोसी देश के साथ एफएमआर समझौते को समाप्त करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ एक सर्वसम्मत प्रस्ताव अपनाया है। एफएमआर समझौता दोनों देशों के बीच 1,643 किलोमीटर की सीमा पर निवासियों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक यात्रा करने और सीमित अवधि के लिए रहने की अनुमति देता है।

अधिकारियों ने कहा कि नवीनतम आमद के साथ पूर्वोत्तर राज्य में शरणार्थियों की संख्या 36,500 से अधिक हो गई है। मिजोरम में शरण लेने वाले म्यांमार के नागरिक ज्यादातर चिन समुदायों से हैं, जो मिज़ो के साथ जातीय संबंध साझा करते हैं।

मुख्यमंत्री लालदुहावमा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य अधिकारियों के साथ पूर्व परामर्श के बिना म्यांमार और मिजोरम के बीच मैत्री पुल को एकतरफा बंद करने के बारे में म्यांमार सीमा की रक्षा करने वाले असम राइफल्स के समक्ष चिंता जताई है। मिजोरम के चम्फाई, सियाहा, लांग्टलाई, हनाथियाल, सेरछिप और सैतुअल जिले-म्यांमार के चिन राज्य के साथ 510 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं।

5 मई के बाद से 2,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी मिजोरम में प्रवेश कर चुके हैं। अधिकांश राहत शिविरों के बाहर, रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ या किराए के मकानों में रह रहे हैं, जबकि अन्य सात जिलों में 149 राहत शिविरों में रहते हैं।

भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को मिजोरम में कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही समझौते को रद करने के भारत सरकार के कदम के खिलाफ रैलियों के लिए मिजोरम में हजारों लोग एकत्र हुए।

ज़ो री-यूनिफिकेशन ऑर्गनाइजेशन (ज़ोरो) द्वारा आयोजित, चम्फाई जिले के ज़ोखावथर और वाफई गांवों में शांतिपूर्ण रैलियां हुईं, जो म्यांमार के साथ सीमा साझा करती है। एक ज़ोरो नेता के अनुसार, म्यांमार के प्रतिनिधियों ने भी इन रैलियों में भाग लिया। ज़ोरो एक मिज़ो समूह है जो भारत, बांग्लादेश और म्यांमार में विभिन्न जनजातियों को एक ही प्रशासन के तहत पुनः एकीकृत करने की वकालत करता है।

यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि मिजोरम के मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने भी हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ इस मुद्दे को उठाया है और उनसे निर्णय वापस लेने का आग्रह किया है।

फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार के चिन राज्य के 34,000 से अधिक लोग वर्तमान में मिजोरम के विभिन्न हिस्सों में शरण ले रहे हैं। मिजोरम विधानसभा ने 28 फरवरी को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें भारत-म्यांमार सीमा बाड़ और एफएमआर उन्मूलन के संबंध में केंद्र के फैसले का विरोध किया गया।

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस चिंता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाया था और उनसे एफएमआर को रद न करने का आग्रह किया था।

मिजोरम सरकार, नागरिक समाज संगठनों और छात्र निकायों के साथ, दोनों देशों के जातीय समुदायों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के डर से, केंद्र की योजनाओं का कड़ा विरोध करती है।

## सोशल फोरम

# खखरी और पोचा

सुजला, सुफला, शस्यश्यामला। पता नहीं, कवि (बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, आनंदमठ में) ने सुदूर विगतकाल का वर्णन किया था, या तत्कालीन स्थिति का वर्णन किया था, या वर्णित स्थिति के भविष्य में आने की कामना की थी। एक सौ चालीस वर्ष गुजर गए आनंदमठ के। तब क्या होता था, कौन बतलाए? हां, जो कवि ने दर्शाया है वह बंगाल का दुर्भिक्ष काल था, कवि ने माता के उस रूप की कल्पना की होगी जो बेड़ियों के कटने के बाद होगी, या बेड़ियों के लगने के पहले की होगी। मेरे परदादे का जमाना-बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का जमाना। वन्दे मातरम।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मैं, बंकिमचंद्र का परपोता, क्या देख रहा हूं? पृथ्वीमाता के अनगिनत परपोतों, प्रपरपोतों की भीड़-बेरोज़गार बच्चों की भीड़, ख़ानदान की परंपरा और इज्ज़त को तार-तार करने के लिए हुहुआती भीड़, किसको कहां और कैसे लूट लें का मौक़ा ढूंढती भीड़, माता की गरिमा पर कीचड़ उछालने को उत्सुक भीड़, अपनी संस्कृति को लतियाती भीड़, भेड़ियों की भीड़, भेड़ों की भीड़, दलालों की भीड़, कंगालों की भीड़, फटे-हालों की भीड़। धान के पौधे पला गए। पुआल ही पुआल-दाने नहीं लगे। बुद्धिमान लोग चारा खा सकते हैं, उन्हें पुआल की जरूरत है, पुआल-पोचा फ़सल बेशकीमती है—जहां चाहेंगे लगा देंगे - एक जून का खाना देकर-जय बोलेंगे, प्रदर्शन करेंगे, धरना देंगे, लाठी खाएंगे, टांग तुड़वा कर घर लौट आएंगे, इंकलाब करते हुए खेत आएंगे, ख़ून की खाद दे देंगे। खखरी - केवल भूसा, दाना नहीं। ओसाओ, फटको तो सब उड़ जाएंगे। हां, तब भी काम में आएंगे-चूल्हे-भाड़ में झोंकने के काम आएंगे-गाय-गोरू को खिलाने के काम आएंगे। भारतमाता की औलाद - खखरी। डिग्री भी देते हैं और अनइम्प्लॉयेबल (निकम्मा, रोज़गार के अयोग्य) भी कहेंगे। कुछ खखरी अपने को बुद्धिजीवी कहने लगे हैं। खखरी, पोचा। दादा बंकिमचंद्र जी, आपके परपोते और उनकी औलाद खर-पतवार हैं।

-फेसबुक वॉल से

# रिटायरमेंट के बाद



अनूप शुक्ल
कानपुर

> इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

25 दिन हो गए सरकारी सेवा से रिटायर हुए। तमाम काम सोचे थे करने के लिए कि ये करेंगे, वो करेंगे। बस एक बार रिटायर भर हो जाएं। सारे के सारे काम, सिवाय निठल्लेगीरी के, उलाहना दे रहे हैं कि हम पर अमल नहीं हुआ, हमारे साथ 'इरादाखिलाफ़ी' हुई। कोई-कोई तो यह भी कह रहा है कि तुम भी बदल गए। हमें तुम से ये उम्मीद नहीं थी।

काम जो सोचे थे उनमें से एक था घूमने का। सोचा तो यह था कि रिटायर होते ही कहीं घूमने निकल जाएंगे। भूटान, बांगलादेश, श्रीलंका, यूरोप मतलब कहीं भी। देश में भी तमाम जगहें हमारे घूमने की लिस्ट में हैं। लेकिन कहीं निकलना हुआ नहीं। इस मामले में नूर साहब के शेर बहुत सहारा देते हैं :
मैं रोज़ मील के पत्थर शुमार (गिनती) करता था,/
मगर सफ़र न कभी एख्तियार (शुरू) करता था।

तमाम काम अधूरे पड़े रहे मेरे/ मैं ज़िंदगी पर बहुत ऐतबार (भरोसा) करता था।

पिछले दिनों मेरा बेटा अपने कजाकिस्तान गया था। वहां के किस्से, फ़ोटो, विडीयो लगाए अपने यहां तो किया कि फ़ौरन निकल लें। पहुंच जाएं कजाकिस्तान। घूमें आसपास। बग़ल में समरकंद है जहां से बाबर आए थे। लेकिन फिर आलस्य ने और बगलिया के रोक लिया। सोचा जाएंगे तसल्ली से। कौन समरकंद और कजाकिस्तान कहीं भागे जा रहे हैं।

पढ़ने के लिए तमाम किताबें सोची थीं कि एक-एक कर पढ़ी जाएंगी। अभी तक शुरुआत नहीं हुई है। रिटायरमेंट पर तमाम दोस्तों ने किताबें भेंट की हैं। कुछ पहले की पढ़ी, कुछ नई, कुछ पसंदीदा। कुछ मित्रों ने मुझे रामायण, गीता भी भेंट की। कई प्रतियां हों गईं। उन दोस्तों की शायद सलाह यही होगी कि लोक की बात ख़त्म हुई, अब परलोक सुधारने के प्रयास किया जाए।

इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

लिखाई-पढ़ाई के तमाम छूटे हुए काम तय किए थे पूरे करने के लिए। अमेरिकी यात्रा के संस्मरण पर किताब 'कनपुरिया कोलंबस' फ़ाइनल कई बार चुके हैं। अब बस छपानी है। अलावा इसके कश्मीर, लेह-लद्धाख और दीगर घुमक्कड़ी के किस्से छांटकर/लिखकर छपाने का इरादा है। 'व्यंग्य की जुगलबंदी' के सिलसिले में लिखे गए तमाम दोस्तों के लेख भी छांटकर प्रकाशित करने का मन बनता है अक्सर। सबको इकट्ठा करना भी बड़ा काम है। देखते हैं कितना हो पाता है। किताब छपाने के तमाम हसीन लफड़े होते हैं। उनसे गुजरना भी रोचक अनुभव होता है।

अपने सेवाकाल के अनुभव भी लिखने के मन है। जिन लोगों के साथ काम किया उनके बारे में लिखने का विचार है। इस विचार पर अमल करने में हिचक भी है। पता नहीं कौन अपनी 'तारीफ़' पर ख़फ़ा हो जाए। समाज सेवा में भी कुछ योगदान करने का मन है। कैसे कर पाते हैं, कितना कर पाते हैं -समय बताएगा।

सरकारी सेवा से रिटायर भले हो गए हैं लेकिन जड़त्व के नियम के हिसाब से सेवा की मनःस्थिति से अलगाव पाने में समय लगेगा। विनोद श्रीवास्तव जी की कविता याद आती हैः जैसे तुम सोच रहे साथी,/ वैसे आज़ाद नहीं हैं हम/ पिंजड़े जैसी इस दुनिया में / पंछी जैसा ही रहना है/भरपेट मिले दाना-पानी/ लेकिन मन ही मन दहना है।/जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे संवाद नहीं हैं हम/ जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे आज़ाद नाहीं हैं हम।

सरकारी सेवा में 36 साल बिताने के बाद पिंजड़ा खुल गया है लेकिन आदतन अभी भी मन उसी हिसाब से बना हुआ है। सोच के स्तर पर उससे मुक्त होने में कुछ समय लगेगा। लेकिन यह तय है कि सेवाकाल पूरा करने की बहुत ख़ुशी है। आने वाले समय में तमाम नए काम काम करने की तमन्ना है। ज़िंदगी जितनी हसीन अभी तक रही, आगे की उससे भी खूबसूरत होगी ऐसा मुझे लगता है।

रिटायरमेंट के मौक़े पर हुई विदाई पार्टी के विडियो हमने यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। इनमें हमारे कुछ मित्रों के और हमारे परिवार के लोगों और अपन के भी उद्‌गार हैं।

# मेहनतकश अब अपना हिस्सा मांगेंगे

अभी कुछ ही दिन पहले एक राजनीतिक पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में आर्थिक असमानता दूर करने के लिए बड़े पूंजीपतियों से धन ले कर गरीबों को से देने की बात कही थी जिस पर काफी दिनों तक विवाद बना रहा, आर्थिक असमानता को ले कर टीवी चैनलो पर भी काफी चर्चा हुई है और अखबारों में भी बराबर छपता रहता है। यह असमानता पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ी है जहा हमारे देश में रू 6000 प्रति माह पर गुजर करने वाले 72 करोड़ लोग है, तो वही धन संचय कर नए अरबपति बढ़ रहे हैं देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मात्र 1 प्रतिशत, पूंजीपतियों के पास है जाने माने अर्थशास्त्री थॉमस पी केटी ने एक रिसर्च पेपर के द्वारा सुझाया है कि 10 करोड़ से अधिक के मालिकों पर भारत में 2प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स तथा 33प्रतिशत नियमित कर लगाया जाना उचित होगा। ऐसा सुझाव देने के पीछे उनकी मंशा बढ़ती आर्थिक असमानता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

"प्रपोजल फोर ए वेल्थ टैक्स पैकेज टू टेकेल एकस्टीम इनइक्वल्टीज इन इंडिया" नाम इस पेपर में अति बड़े घरानों से संबंधित टेक्स प्लान का सुझाव है। फिलहाल अमीरी गरीबी की बढ़ती असमानता पर चर्चा शुरू हो चुकी है, लेबर लॉस,जीएसटी और महंगाई बेरोजगारी की सबसे ज्यादा मार झेलने वाला गरीब है और वही सरकार से तमाम तरह से लाभ और राहत उठा कर, बढ़ रहा अमीर है, देखना यह है की निकट भविष्य में गरीबों को क्या मिलता है, वरना वो दिन दूर नही जब मेहनतकश समाज से अपना हिस्सा मांगने लगे यह मेहनतकश भी उसी समाज का हिस्सा हैं जहा पूंजीपति बढ़ रहे हैं,क्योंकि क्रोनी केपिटालिजम को ही विकास नही माना जा सकता।

# यमुना नदी में डूबने से दो की मौत, एक को बचाया

## नहाने गये थे तीनों दोस्त, पानी में तेज बहाव की वजह से डूबे दोनों

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** शहर के दरियाबाद मोहल्ले में तीन दोस्त एक साथ यमुना में नहाने के लिए गये थे। जहां दो दोस्त नहाते समय गहरे पानी में समा गये। पानी की धारा में जाने से दोनों की मौत हो गयी। शोर मचाने पर मौजूद गोताखोरों ने एक को डूबने से बचा लिया। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोग भी रोते बिलखते पहुंच गये। जिनका रो-रोकर बरा हाल है।

खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला इलाके का रहने वाला रोमान (15) अपने दोस्त सैफ (18) और बबलू के साथ दरियाबाद स्थित जोगीघाट पर यमुना स्नान करने गया हुआ था। दोस्त को एक साथ घाट के किनारे पर नहा रहे थे। इसी बीच सैफ और रोमान नहाते हुए आगे बढ़ गये और गहरे पानी में समाने लगे। दोनों को डूबता देख आस-पास रहे लोगो ने शोर मचाया तो मौके पर शोर सुनकर स्थानीय गोताखोर पानी में दोनों को बचाने के लिए कूद गये। पानी में बहाव अधिक होने के कारण दोनों डूब गये, वहीं, गोताखोरों बबलू को बचा लिया। युवकों के डूबने की सूचना अतरसुइया पुलिस को दी गयी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर शवों को तलाशने का कम शुरु करा दिया। काफी देर के बाद दोनों के शवों को पानी से बाहर निकाला गया। सूचना घरवालों को मिली तो वह घाट पर ही बिलखते हुए पहुंच गये। पुलिस ने रोमान और सैफ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

**▶▶ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** लालगंज थाना क्षेत्र के विजयपुर मोड़ पर रविवार की देर शाम बाइक सवार महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने महिला के शव को घर लाकर पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा राजा गांव निवासी कल्लू माली अपनी 30 वर्षीय पत्नी अंजू को बाइक से अपने रिश्तेदारी विजयपुर गया था कि रिश्तेदारी से बाइक से वापस लौट रहा था कि जैसे ही विजयपुर मोड़ पर पंहुचा कि अचानक बाइक सवार महिला बाइक से नीचे गिर पड़ी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आये जहां पर उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई है।

# बाढ़ और भारी बारिश से बचाव को लेकर बैठक

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचारः** सम्भावित बाढ़ एवं अतिवृष्टि की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी ने एक समीक्षा बैठक की। बैठक में बांध एवं स्लूज गेट की मरम्मत, तटबंधों, कटान वाले क्षेत्र में बालू की बोरियों की व्यवस्था, नालों सीवर-जलभराव एवं जल निकासी की व्यवस्था सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा की।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को बताया कि बाढ एवं अतिवृष्टि की समस्या से निबटने की जानकारी दी। समीक्षा बैठक में बांध एवं स्लूज गेटो की मरम्मत, तटबंधों/कटान वाले क्षेत्रो में बालू की बोरियों की व्यवस्था, नालों, सीवर, जलभराव एवं जल निकासी की व्यवस्था, बाढ प्रभावित क्षेत्रो में खाद्यान्न की व्यवस्था, नाव मोटरबोटों की व्यवस्था, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस पैट्रोलिंग और एण्टी लारवा की पर्याप्त मात्रा की उपलब्धता के बारे में चर्चा की गयी। बैठक में विनय कुमार सिह, अपर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, जिला मलेरिया अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता बाढ कार्य खण्ड, जिला अग्निशमन अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायतीराज विभाग, नगर निगम विभाग आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### मतगणना के लिए आज प्रशिक्षित किये जायेंगे मास्टर ट्रेनर



मतगणना प्रशिक्षण को लेकर मास्टर ट्रेनर के साथ बैठक करते डीडीओ राकेश प्रसाद।

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के नेतृत्व में आगामी 04 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना की जाएगी। इसके लिए मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित करने के लिये जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक राकेश प्रसाद ने अपने कार्यालय में बैठक की। उन्होने बताया कि मतगणना कार्य को लेकर 50 मास्टर ट्रेनरों को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विकास भवन सभागार में 28 मई को प्रशिक्षण दिया जायेगा। सभी मास्टर ट्रेनरो को निर्देशित किया कि 28 मई को विकास भवन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, प्रकरण निर्वाचन का है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाये। इस दौरान राज्य स्तरीय सुपर मास्टर ट्रेनर डा. मो. अनीस, एआरपी धर्मेन्द्र ओझा आदि मौजूद रहे।

### चुनाव बाद एआरटीओ कार्यालय लाइसेंस के लिए लगी भीड़

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में परिवहन विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी के कारण एआरटीओ कार्यालय पपंच दिन बंद रहा। सोमवार को कार्यालय खुलने पर स्थायी लाइसेंस के लिए कार्यालय में फोटो,बायोमेट्रिक कराने आए आवेदकों व वाहन स्वामियों की भीड़ रही। एआरटीओ प्रशासन विनय कुमार सिंह ने बताया कि पोलिंग पार्टियों को वाहन उपलब्ध कराने के लिए कार्यालय के समस्त कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई थी। इस कारण से कार्यालय बंद किया गया था। जिन लाइसेंस आवेदकों की स्लाट डेट थी उनके स्लॉट को दूसरी डेट पर निर्धारित किया गया था। जिसके कारण लाइसेंस आवेदकों की भीड़ लग गई है। सभी आवेदकों की फोटो बायोमेट्रिक कराया गया।

### मामूली बात पर घर पर किया पथराव, तोड़फोड़

**संवाददाता, नैनी, अमृत विचार :** कोतवाली नैनी अंतर्गत तिगनौता मोहल्ले में रविवार देर रात एक घर पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इससे घर के सीसे टूट गए। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी घर में बम फेंकने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक मतदान वाले दिन तिगनौता मोहल्ले में मोहम्मद राशिद का मोहल्ले के एक युवक से विवाद हो गया। आरोप है कि उसके सिर पर तमंचे की बात से प्रहार कर घायल कर दिया गया। मामले में दूसरे दिन नैनी कोतवाली में लिखापढ़ी कराई गई थी। रविवार देर रात राशिद के घर विपक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पथराव कर दिया। इससे खिड़की का सीसा टूट गया। इतना ही नहीं घर में घुसकर सारा सामान बिखेर दिया। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। एक महिला के गहने भी के जाने का आरोप लगाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर दूसरे पक्ष ने भी उनके घर में बमबाजी का आरोप लगाया है। इस संबंध में पुलिस का कहना दोनो पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। उनको गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### चुनाव में अधिग्रहित भारी वाहन किये जायेंगे अवमुक्त

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में परिवहन विभाग द्वारा भारी एवं छोटे वाहनों का अधिग्रहण किया गया था। मतदान संपन्न होने के बाद 27 से 31 मई तक अधिग्रहित भारी वाहनों को एआरटीओ कार्यालय में अवमुक्त किया जाएगा। चुनाव में प्रयुक्त होने वाले वाहनों को विधानसभा वार और अवमुक्त आदेश प्राप्त करने के लिए एआरटीओ कार्यालय में 27 से 31 मई तक मीटिंग हॉल में अवमुक्त आदेश निर्गत किया जाएगा। इसके पहले भारी वाहन स्वामियों को अपना बैंक खाता, आईएफएससी कोड के साथ कार्यालय में लाना होगा। जिससे संबंधित वाहन का भुगतान सीधे वाहन स्वामी के खाते में भेजा जा सकेगा। अवमुक्त आदेश की कॉपी की रिपोर्ट एक जून तक निर्वाचन कार्यालय को भेज दिया जाएगा। चुनाव ड्यूटी में लगे भारी वाहनों में स्कूली वाहनों के प्रबंधकों,संचालकों, प्रधानाचार्यों और निजी वाहन स्वामियों से एआरटीओ प्रशासन विनय कुमार सिंह ने अपील करते हुए कहा कि 27 से 31 के बीच में सभी भारी वाहन स्वामी अपना लॉगबुक कार्यालय में जमा करें और अवमुक्त आदेश की कॉपी एआरटीओ कार्यालय से प्राप्त कर ले। जिससे वाहनों का भुगतान समय से खाते में भेजा जा सके और निर्वाचन कार्यालय को भेजी जाने वाली एक जून की सूचना में आपका नाम ना छूटे।

### समर कैंप : प्रतिभागी बच्चों में दिखा खासा उत्साह



समर कैंप में मस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

**संवाददाता, शाहगंज, जौनपुर। अमृत विचार :** 5 दिवसीय समर कैंप का आयोजन बीते रविवार को नगर के तुलसी उद्यान पार्क में प्रारंभ हुआ। कैंप का उद्घाटन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह ने किया। वहीं सोमवार को दूसरे दिन का आयोजन भी सफल रहा। हरे-भरे माहौल में बच्चों ने खेलकूद के माध्यम से जनरल नॉलेज के साथ विभिन्न एक्टिविटी भी सीखी और खूब लुफ्त उठाया। आयोजक संगीता अग्रहरि, नीरज अग्रहरि और संयोजक मुक्ता जायसवाल, स्वाती अग्रहरि व रानी अग्रहरि हैं। खुशनुमा 5 दिवसीय कैंप के आयोजन के पहले दिन ही प्रतिभागी बच्चों में खासा उत्साह दिखा। लगभग 100 से अधिक बच्चों ने पंजीयन कराया। दोनों ही दिन दीप प्रज्वलन, गायत्री मंत्र, प्रार्थना व जयकारा, स्वागत ताल, वार्म अप योगा-पीटी के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। पहले दिन स्वागत ताल, धनवावाद ताल, वेरी गुड ताल, विशेष ताल आदि सिखाया और उनसे होने वाले लाभ भी बताए गए। वहीं, दूसरे दिन दीप प्रज्वलन, ओम जाप, गायत्री मंत्र, प्रातः स्मरण और संस्कार के बाद क्राफ्ट आर्ट में कागज के विभिन्न हस्त कलाकृतियां बनाना सिखाया गया। अंत में उल्टा- पुल्टा, रस्सा-कस्सी आदि खेलों के साथ ही दूसरे दिन का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर निषाकांत गुप्ता, बलराम अग्रहरि अतुल जायसवाल, प्रीति जायसवाल, प्रियंका अग्रहरि, अमित जायसवाल, पंकज अग्रहरि, धीरज पाटिल, सीमा अग्रहरि, कुशुम जायसवाल, सपना अग्रहरि, अमिता अग्रहरि, पूजा अग्रहरि, रिया अग्रहरि, रौनक अग्रहरि, शिवम अग्रहरी, चन्दन अग्रहरि, नमन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### बाण सागर नहर में गिरने से बालक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के कोठी गांव में सोमवार की सुबह बाणसागर के नहर में स्नान के दौरान एक बालक बाणसागर नहर के पानी में डूब गया .सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पानी में डूबे बालक के शव को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान मृत्यु घोषित कर दिया . बताया जा रहा है कोठी गांव के रहने वाले गोविंद का 10 वर्षीय बेटा सनी छोटे भाई कल्लू के साथ बाणसागर स्नान करने गया था इस दौरान हादसा हो गया . पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुटी।

### ट्रक ने दूसरे ट्रक चालक को कुचला, मौत

**संवाददाता, अहरौरा (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** क्षेत्र के कंचनपुर धुरिया पहाड़ पर सड़क किनारे खराब हो गई ट्रक का चक्का खोलकर सो रहे चालक को एक दूसरी ट्रक के चालक ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह लगभग छह बजे की बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया की ट्रक चालक छोटेलाल(48) पुत्र मोनू निवासी रीवा थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर अपना ट्रक लेकर कंचन पुर धुरिया स्थित एक क्रेशर प्लांट पर गिट्टी लोड करने के लिए गया हुआ था। ट्रक के चक्के में कुछ खराबी आने के कारण चक्का खोलकर फिर बगल में आराम करने लगा। इसी बीच उसने सो रहे ट्रक चालक छोटेलाल को कुचल दिया जिससे छोटेलाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की जिस ट्रक ने चालक को कुचला उसको कब्जे में ले लिया गया है। वहीं, आरोपी ट्रक चालक फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

### कार्मिकों को योग्य प्रशिक्षकों ने किया प्रशिक्षित

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** मतगणना कार्मिकों का प्रथम रैंडमाइजेशन जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। मतगणना में लगाए जाने वाले मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 29 मई और 30 मई को टीडी इंटर कॉलेज जौनपुर में आयोजित किया गया। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मतगणना में लगाए जाने वाले कार्मिकों को योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षण के उपरांत उनकी कुशलता व क्षमता का आकलन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, जिला विकास अधिकारी वी.के. यादव, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी श्रीकेश राय, निखिल राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने व्यापारी शहीद दिवस पर साथियों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, जौनपुर।

**अमृत विचारः** नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित व्यापारी शहीद दिवस पर एक सभा अहियापुर मोड़ पर स्थित रामजानकी मंदिर पर जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन की अध्यक्षता में हुई। जहां जिलाध्यक्ष ने शहीद दिवस पर शहीद हुए व्यापारियों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके द्वारा किए गए व्यापारी हित की बातों को विस्तृत रूप से बताया।

नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने शहीद व्यापारियों को श्रद्धांजलि देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में कुल 14 व्यापारी अभी तक शहीद हुए हैं, जिनकों हम लोग 26 मई को याद करते हैं। आप सभी ने व्यापारी समस्याओं का निवारण करते-करते अपने प्राणों की आहूति दे दिये, जिसमें अपने जनपद के मुफ्तीगंज से अशोक राय का भी नाम शामिल है। प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष अग्रहरि ने व्यापारियों को एकजुट रखकर सभी समस्याओं का निवारण का आह्वान करते हुये व्यापारी लड़ाई में हमेशा आगे रहकर सहयोग की बात कही। इसी क्रम में प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर, युवा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष संतोष अग्रहरि, जिला संरक्षक राजदेव यादव, जिला महामंत्री रामकुमार साहू, नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि, यशवन्त साहू, अनिल वर्मा, लोकेश साहू, डी.के. अग्रहरि, संतोष साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर तीर्थराज गुप्ता, रामकुमार जायसवाल, जागेश्वर केसरवानी, अरविन्द जायसवाल, नीरज शाह, विकास जायसवाल, नर्वदेश्वर केसरवानी, राकेश जायसवाल, अभिषेक सेठ, राम आसरे साहू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर उपाध्यक्ष संतोष साहू ने किया। अन्त में नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# समाज में अप्रतिम योगदान के लिए याद किये जायेंगे स्व. बृजेशचंद्र : प्रमोद तिवारी

संवाददाता, लखनऊ/प्रतापगढ़



स्व.पं.बीसी मिश्र की स्मृति सभा में नमन करते राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा व परिजन। अमृत विचार

**▶▶ कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता के ससुर स्व. बृजेशचंद्र मिश्र के निधन पर आयोजित हुई स्मृति सभा**

**अमृत विचार :** समाजसेवी एवं लखनऊ के अम्बालिका इंस्टीटयूट एण्ड मैनेजमेंट टेक्नालॉजी के संस्थापक रहे स्व. बृजेशचंद्र मिश्र के निधन पर सोमवार को हुई स्मृति सभा में बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध वर्ग व राजनीतिक लोग जुटे और पुष्पांजलि अर्पित की।

लखनऊ कैंट में स्मृति सभा का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने स्व. पं. बीसी मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं अम्बालिका के निदेशक अम्बिका मिश्र ने स्व.मिश्र के चित्र के समक्ष उनकी स्मृति में दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम में लखनऊ,प्रतापगढ़, रायबरेली, प्रयागराज समेत कई जिलों के समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। स्व. बृजेशचंद्र मिश्र रामपुर खास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के ससुर व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के समधी भी थे।प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्व. मिश्र ने तकनीकी शिक्षा, शोध प्रबन्धन तथा पर्यावरण एवं वन्य जीव जन्तुओं के संरक्षण के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान दिया है। उन्होनें युवाओं के शैक्षिक कैरियर के निर्माण में अपना प्रभावी मार्गदर्शन दिया,इसके लिए वह सदैव याद किये जायेंगे।प्रारम्भ में स्व. बीसी मिश्र के पुत्र एवं अम्बालिका के निदेशक एवं पर्यावरणविद अम्बिका मिश्र ने अपने पिता स्व. बीसी मिश्र के सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में योगदान की कार्यवृत्ति पर प्रकाश डाला। संयोजिका विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्व. बीसी मिश्र की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि वह आधुनिक समाज के लिए सेवा क्षेत्र के अमूल्य प्रेरणा थे। पौत्र राघव मिश्र ने उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## ट्रक खलासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : सोमवार की सुबह में आंध्र प्रदेश निवासी ट्रक चालक खलासी का शव लेकर लालगंज थाने पहुंच गया। सूचना ट्रक चालक ने यह दिया कि खलासी अतरैला टोल प्लाजा के पास जागने पर मृत पाया गया। आंध्र प्रदेश से कच्चा नारियल लेकर ट्रक चालक ईश्वरप्पा (50) बिहार सासाराम जा रहा था। उसके साथ एक खलासी उसी के गांव का था। दोनों मध्यप्रदेश के रास्ते में कहीं खाना भी खाकर हनुमना से आगे यूपी मिर्जापुर के लालगंज अतरैला टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो ट्रक चालक टोल प्लाजा पर खलासी को किसी काम से जगाने लगा। जब उसकी नींद नहीं खुली तो उसने टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों को बुलाया। लोगों ने देखा तो वह मृत हो गया था। इसकी सूचना ट्रक मालिक को दी। मालिक ने ड्राइवर से कहा कि थाने लेकर जाकर पुलिस को सूचित करो। पुलिस ने घटना के जानकारी के बारे में पूछताछ की। ट्रक चालक ने यह भी बताया कि खलासी रास्ते में अपने घर की कहानी भी बताई थी। उसके दो बच्चे हैं। पत्नी मायके गई हुई है। लेकिन ट्रक चालक खलासी का नाम नहीं बता पाया। इसके बारे में थाना अध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव ने बताया कि पता आधार कार्ड से स्पष्ट हो जाएगा। मामले को दर्ज कर जांच की जाएगी।



कलश यात्रा में सिर पर आस्था का कलश लिए महिलाएं। अमृत विचार

## श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व धूमधाम से निकली कलश यात्रा

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** विकासखण्ड मानधाता के बाबूपुर गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुभारंभ से पूर्व धूमधाम से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। मुख्य यजमान अनन्त प्रसाद सिंह, सावित्री सिंह,राधा सिंह ने कलश और वेदी पूजन किया। महिलाओं व युवतियों ने सिर पर आस्था का कलश रखकर यात्रा निकाली। भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान ढोल मंजीरे के साथ महिलायें मंगलगीत गाते हुए चल रही थी। इस दौरान इंद्रजीत सिंह,मालती सिंह, आर.पी. सिंह,आशा सिंह,धीरेंद्र प्रताप सिंह, निशा सिंह,देवेंद्र प्रताप सिंह, निधि सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह,पूजा सिंह, सत्येंद्र प्रताप सिंह,श्रद्धा सिंह अनिल सिंह,अंतिमा सिंह सहित श्रद्धालु शामिल हुए।

## प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विवि से संबद्ध कॉलेजों को हाइटेक करने की तैयारी

**संवाददाता,नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार :** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों को हाइटेक करने की तैयारी शुरु कर दी गयी है। इन कॉलेजों में समर्थ पोर्टल एक्टिव होने जा रहा है मंडल के 703 ऐसे कॉलेज की हैं जिनमें अब समर्थ पोर्टल के जरिए कार्य किया जायेगा। छात्रों को एक क्लिक पर कॉलेज की सारी जानकारी मिले। इसी पोर्टल के जरिए एडमिशन की भी प्रक्रिया शुरू होगी। जानकारी के मुताबिक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इसके लिए सभी कॉलेजों को पत्र भी भेजा गया है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें स्वयं समर्थ पोर्टल पर अकाउंट तैयार करना होगा। कॉलेजों से स्थायी ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर भी मांगे गए हैं। इस आईडी और मोबाइल नंबर पर ओटीपी भी मिलेंगे। बताया जाता है कि वर्ष 2024-25 में महाविद्यालयों से संबंधित सभी काम समर्थ पोर्टल के जरिए शुरू हो जाएगा। इससे एक तरफ जहां कॉलेज संबंधित जानकारियां इसी पोर्टल पर मिल जाया करेंगी। इसके आलावा कॉलेज के काम भी आसानी से हो जाएग। जो छात्रों के लिए विशेष महत्वपूर्ण होगा। इस तकनीकी में छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया से लेकर परीक्षा और परिणाम तक की पूरी डिटेल इस समर्थ पोर्टल से मिल सकेगी।

# छात्र-छात्राओं को ट्राफी व नकद देकर किया पुरस्कृत



बच्चों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

संवाददाता, खेतासराय, जौनपुर।

**अमृत विचार :** सोमवार को नगर के मदरसा एजाजुल उलूम परिसर में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ कुरआन की तेलावत तथा हम्द पाक से हुआ। कार्यक्रम में मदरसे की छात्रा हलीमा बानो, नूर सबा, गौसिया बानो, जारा फातिमा, उमरा खानम, फिज़ा खां ,मन्तशा , जोया अंजुम, तस्कीन ने नातिया कलाम तथा तकरीर और अंग्रेजी अरबी संवाद पेश किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों कारी जलालुद्दीनबरकाती, हसनैन खां, आफाक खान, सरफराज अहमद, अफ़जाल ख़ान, इब्राहीम हबीबी आदि द्वारा छात्र-छात्राओं को नगद इनाम व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मदरसा एजाजुल उलूम की वार्षिक परीक्षा में एलकेजी में प्रथम उम्मे कुलसुम तथा दितीय आएरा शफकत यूकेजी में प्रथम तूबा बानों द्वितीयमुहम्मद अली, कक्षा एक में जारा बानों को प्रथम, द्वितीय नूर सबा को, कक्षा दो में सिद्दिक अहमद को प्रथम, द्वितीय शाहीन बानों को कक्षा 3 में प्रथम यासिर, द्वितीय हलीमा बानों, कक्षा 4 में प्रथम तस्मिया, द्वितीय नुजहत, कक्षा 5 में प्रथम अलीजा, द्वितीय नूर फातिमा, गर्ल्स सेक्शन में कक्षा 6 प्रथम सलमा बानो, द्वितीय इकरा परवीन, कक्षा 7 में प्रथम आयशा,द्वितीय हलीमा , तथा कक्षा 8 में जोया खां ने प्रथम तथा दितीय स्थान अंजुम आदि। छात्राओं ने ट्राफी तथा नकद पुरस्कार अतिथियों के हाथों प्राप्त किया। इसके अलावा मदरसा की छात्रा सादिया रफीक, शारिब, ओसामा, तसकीन , उमरा खानम, कुलसुम को उनकी विद्यालय में लगातार उपस्थिति के लिए भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को मुफ्ती अवेस मिस्बाही, कारी इमरान, कारी मेराज ने संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन कार्यक्रम सयोजक सैयद तारिक ने तथा अध्यक्षता सैयद ताहिर ने किया। इस अवसर मुख्य रूप से हेड मास्टर नूर हसन, संतोष कुमार, आलिमा नूर फातमा , जोया खां, हाफिज जुबैर, हाफिज शफीक आदि उपस्थित रहे ।

# बेल्हा में स्टार पैथ लैब एंड डायग्नोस्टिक पर होंगी आधुनिक जांचें

संवाददाता, प्रतापगढ़



स्टार पैथ लैब एंड डायग्नोस्टिक का फीता काटकर शुभारंभ करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, साथ में डा.मो. अकवन सिद्दीकी। अमृत विचार

अमृत विचार : शहर के राजापाल टंकी चौराहे पर सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने स्टार पैथ लैब एंड डायग्नोस्टिक का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अत्याधुनिक मशीनों से युक्त लैब के खुलने से मरीजों को सहूलियत मिलेगी,उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। संचालक एमडी पैथालॉजी डा.मो. अकवन सिद्दीकी ने बताया कि आईबीपी, एचएसजी, बैरियम स्वालो, आरजीयू,एमसीयू ईसीजी रिपोर्ट के साथ कैंसर की जांच,ब्लड कैंसर की जांच,सभी हार्मोन्स की जांच, सीमेन, पीसीआर आदि की जांच आसानी से होगी। यह भी बताया की ब्लड काउंट,लिवर फंक्शन टेस्ट,किडनी फंक्शन टेस्ट या कोई और जांच करानी हो तो सामान्य लैब में मरीज के ब्लड से चार-पांच सैंपल लेने पड़ते हैं। मरीज को स्मार्ट लैब से राहत मिलेगी। इस लैब से प्रतिदिन 10 हजार मरीजों की रिपोर्ट तैयार हो सकती है। लैब में रोबोटिक मशीनें लगी हैं, जो एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। हर मशीन में अलग-अलग मार्कर की जांच होती है। हर सैंपल पर बार कोड होता है, इसके माध्यम से मशीन को यह पता चलता है कि मरीज के सैंपल से कितने तरह की जांच होनी है। सैंपल लगाने के बाद पहली मशीन अपने हिस्से की जांच करने के बाद सैंपल को दूसरे मशीन में स्वयं स्थानांतरित कर देती है। दूसरी मशीन में निर्धारित मार्कर की जांच के बाद सैंपल तीसरे, चौथे, पांचवें और फिर छठे मशीन में पहुंच जाता है। इस दौरान डा.अतुल शुक्ला, डा.मो.अफहम, डा.आरपी चौबे, डा. घनश्याम अग्रवाल,डा. इसरार,डा. आरपी पांडेय,डा. एसएस गुप्ता,डा.शांतनु अग्रवाल, मो.अफहम,मो.अकसम,मो. अशहम,धीरेन्द्र ओझा,जितेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# पं.नेहरू ने विज्ञान व तकनीक में देश को बनाया आत्मनिर्भर : डॉ. नीरज




पं.जवाहर लाल नेहरु की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

संवाददाता, प्रतापगढ़,

**अमृत विचार :** भारत रत्न, देश के प्रथम प्रधान मंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि नेहरू ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाया। संचालन इरफान अली ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी.के.सिंह,पीसीसी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल,वेदान्त तिवारी, प्रशान्त सिंह प्रिंशु, वीण द्विवेदी, ज्योति कुमार तिवारी गल्ली, मो.असलम आदि रहे। लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ पं. नेहरू की पुण्यतिथि मनाई। अध्यक्षता केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह,अनिल, विकास, डॉ. अरूण, कुलभूषण, आईपीआदि रहे।

# भीषण गर्मी में दिखा लॉकडाउन का असर

**▶▶ करीब 46 डिग्री पहुंचा पारा, एसी-कूलर और पंखे रहे बेअसर**

संवाददाता, प्रयागराज।



प्रयागराज में भीषण गर्मी में छाता लेकर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी और धूप से लोग बेहाल हो चुके है। सोमवार को पारा 46 डिग्री के पास रहा। मौसम विभाग की माने तो गर्मी का प्रकोप इसी तरह से लगातार अभी जारी रहेगा।

प्रयागराज जनपद मे गर्मी का कहर बदस्तूर जारी है। सोमवार को 46 डिग्री सेल्सियस पारा दर्ज किया गया। पूरे दिन गर्म हवाओं से लोग परेशान रहे। गर्मी के कारण लोग घरो के अंदर ही रहे। लेकिन ऐसी कूलर और पंखे भी इस गर्मी मे काम नही कर रहे है। ऊपर से बिजली कटौती ने लोगों को परेशान कर रखा है।

## गर्मी ने दिखाये तेवर, बिजली विभाग ने भी दिया धोखा

**कोरांव/नैनी, अमृत विचार :** जहां एक तरफ आसमान से आग बरस रही है, वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग की ओर से भी लोगों को धोखा मिलना शुरू हो गया। बार-बार बिजली कट जा रही है। इसके कारण लोगों को भीषण गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही जहां नगर पंचायत में वर्तमान समय में 14 से 15 घंटे बिजली मुहैया हो रही है वहीं तहसील कोराव के अन्य देहात फिडरो पर तो 8 से 10 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पा रही है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ से बात करने पर उनका मोबाइल स्विच ऑफ रहा और ऑफिस में भी मौजूद नहीं रहे।

## महीनों से फूंका ट्रांसफार्मर

**कोरांव/नैनी, अमृत विचार :** जनपद प्रयागराज के विकास खंड कोरांव के मैलहा आदिवासी बस्ती का ट्रांसफार्मर एक महीने से जला है। 25 केवी का ट्रांसफार्मर एक महीने से आकर रखा है लेकिन लगाया नहीं गया। एक महीने से अँधेरे मे लोग भीषण उमस भरी गर्मी मे रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियो का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। इस संदर्भ मे एक्सईएन से वार्ता किया गया तो उन्होंने कहा कि मै बात करता हूं।

## एक नजर

### 61 गांवों में चल रहा जलाशयों का निर्माण कार्य

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मनरेगा के तहत ब्लाक की 61 ग्राम पंचायतों में जलाशय सुंदरीकरण और मिट्टी पटाई का कार्य चल रहा है। मनरेगा के एपीओ राजेश कुमार सोनी ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में मनरेगा का कार्य नहीं चल रहा है। उन ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों व रोजगार सेवकों से शीघ्र ही मांग पत्र ब्लॉक मुख्यालय को उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया है।

### शिविर में की 124 नेत्र रोगियों की जांच

**रुपईडीह, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न गांवों को मिलाकर 124 नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की गई। जांच के बाद 17 नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए अयोध्या भेजा गया।

### सड़क किनारे से मिट्टी हटाने की मांग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** घर-घर जल पहुंचने के लिए सड़क के किनारे पाइप डालने के लिए जल निगम विभाग ने खुदाई की है। मिट्टी सड़क पर ही रख दी गई है। जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मिट्टी को सड़क से हटाने की मांग प्रशासन से की है। विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत भटवलिया गांव से तिवारी पुरवा को जाने वाली पिच रोड के किनारे पानी की आपूर्ति के लिए जल निगम ने गड्ढे की खुदाई की थी। गड्ढे में पाइप डाल दी गई। ग्रामीणों में सुनील, अनिल, श्याम बाबू, राधेश्याम, मनीष विक्रम, अमित, विकास, आदि लोगों ने सड़क पर पड़ी मिट्टी हटवाने की मांग प्रशासन से की है।

# ग्राम पंचायत पिपरा अदाई में सरकारी स्कूल नदारद

## वर्ष 2016 में हुआ था प्रस्ताव, धूल फांक रही स्कूल निर्माण की फाइल

**संवाददाता, बभनजोत**

**अमृत विचार:** जिले के बभनजोत ब्लाक में एक ग्राम पंचायत ऐसी हैं जहां अभी तक स्कूल नहीं है। स्कूल न होने से यहां के बच्चों को दो किमी दूर स्थित दूसरे गांव के स्कूल में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है। इस समस्या के चलते गांव के अधिकतर बच्चे बुनियादी शिक्षा से वंचित हैं।

छह वर्ष से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा बुनियादी शिक्षा से छूट न जाए इसके लिए अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू है। सरकार सर्वे कराकर इन बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराती है। नामांकन के लिए बाकायदा अभियान चलाया जाता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद से प्रत्येक ग्राम पंचायत में सरकारी स्कूल खोले गए हैं लेकिन जिले के बभनजोत ब्लाक का पिपरा अदाई ऐसा गांव हैं जो शिक्षा की रोशनी से वंचित है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी इस गांव में सरकारी स्कूल नहीं मिल सका है। स्कूल न होने से अधिकतर बच्चों को बुनियादी शिक्षा भी नहीं मयस्सर हो रही है। कुछ बच्चे हैं जो दो किमी दूर दूसरे गांव में स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए जाते हैं लेकिन अधिकतर परिवारों के बच्चे गरीबी और मुफलिसी के कारण स्कूली शिक्षा से दूर हैं। ऐसा नहीं है कि जिस गांव में स्कूल बनाने का प्रयास नहीं हुआ। वर्ष 2016 में तत्कालीन ग्राम प्रधान ने स्कूल निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार किया था लेकिन यह प्रस्ताव शिक्षा विभाग के अफसरों ने कूड़ेदान में फेंक दिया।




पिपरा अदाई गांव में बना आंगनबाड़ी केंद्र। अमृत विचार

### सड़क किनारे बसा है पिपरा अदाई, दस हजार है आबादी

पिपरा अदाई गांव सड़क किनारे बसा हुआ है। इस गांव की आबादी 10 हजार के करीब है। गौरा चौकी बाजार से चंद्रदीप घाट और गौरा चौकी बभनान मार्ग पर लोग अधिक बसे हुए हैं। गौरा चौकी बाजार इसी गांव में है। सरकारी स्कूल छोड़कर इस गांव में अन्य सरकारी भवनों की भरमार है। गौरा पुलिस चौकी, पशु चिकित्सालय बभनजोत, प्रथम यूपी ग्रामीण बैंक और यूनानी अस्पताल इसी गांव में है। पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए दो आंगनबाड़ी केंद्र भी गांव में बना है।

### गांव में बने सरकारी स्कूल तो सुधरे शिक्षा का स्तर

बभनजोत के ग्राम पंचायत पिपरा अदाई में ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय बनाए जाने की मांग की है। गांव के नेबुलाल, रामकुमार, राजू यादव, मोतीलाल बिफई, राहुल अग्रहरि, पंकज अग्रहरि, रामसागर अग्रहरि, विपुल, दीपक, दुर्गा प्रसाद, दुर्गेश प्रसाद, पुष्पा देवी, कुमारी देवी, रुक्मणी, चंद्रा देवी समेत अन्य का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय न होने के कारण बच्चों को पठन-पाठन की व्यवस्था लचर है। गरीब परिवारों के बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं। ग्राम प्रधान बनारसी गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2016 में स्कूल निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। ग्राम पंचायत में विद्यालय की जमीन भी उपलब्ध है, लेकिन अफसरों की अनदेखी से यह प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो सका।

> पिपरा अदाई गांव में स्कूल है या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है। जांच करायी जायेगी और यदि सभी मानक पूरे होते हैं तो संबंधित गांव में स्कूल निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जायेगा।
>
> **-प्रेमचंद यादव,** बीएसए

## प्रयोगात्मक परीक्षाएं 29 से

**परसपुर, अमृत विचारः** नगर पंचायत स्थित महाकवि तुलसीदास पीजी कॉलेज में बीए चतुर्थ सेमेस्टर समाजशास्त्र की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 मई दिन बुधवार को सुबह दस बजे से संपन्न होगी। उक्त जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीना सिंह व प्राध्यापक डॉ एसपी ने देते हुए बताया कि महाविद्यालय की एमए द्वितीय सेमेस्टर पॉलीटिकल साइंस तथा एमए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर समाजशास्त्र की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 मई दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगी। बीएससी चतुर्थ व छठवें सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 मई को नौ बजे होगी। इसमें सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

# मनकापुर में खेत में लगे बाड़ में उतरे करंट से वृद्ध किसान की गई जान

**संवाददाता, मनकापुर**



घटना के बाद खेत में लगे बाड़ के किनारे जुटे ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जानवरों के बचाव के लिए खेत में लगे झटका तार के करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गयी। पुत्र की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है।

मामला दतौली चौकी क्षेत्र के ग्राम अगया दतौली का है। यहां के निवासी पंचम ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि अपने गांव के मकसूद पुत्र गफ्फार का खेत बटाई पर लेकर उसमें गन्ने की फसल को लगा रखा है। जिसको सोमवार सुबह करीब 6 बजे पिता बिक्रम चौहान गन्ने के गोड़ाई करने खेत में गए थे। फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत के चारों तरफ झटका देने वाले तारों को लगा रखा था जिसमें 220 बोल्ट का करंट प्रवाह होता है। खेत की गोड़ाई करते हुए तार के संपर्क में आने से करंट लग गया जिससे पिता विक्रम चौहान की मौके पर मौत हो गयी। वहीं चौकी प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि पुत्र की सूचना पर मौके से शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे नेहरूः प्रमोद

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर मनाई देश के प्रथम प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि

**गोंडा कार्यालय**



पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने कहा कि नेहरू जी आधुनिक भारत के निर्माता थे, आज अगर देश विश्व गुरु बनने का दावा करता है तो यह नेहरू जी द्वारा किए गए कार्यों का परिणाम है। जिस देश में आजादी के बाद 33 करोड़ लोगों का पेट भरना चुनौती थी वहां एम्स, आईआईटी आईआईएम, इसरो भाखड़ा नांगल बांध और सरदार सरोवर जैसी परियोजना और संस्थानों की स्थापना होने की बुलंद भारत की नींव रखी। आज परिणाम सबके सामने है। सेवादल के अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला और अल्पसंख्यक अध्यक्ष सगीर खान ने कहा कि आजादी आंदोलन में 11 साल जेल में रहने अपनी संपूर्ण संपत्ति देश को दान कर देने वाला अपने राजनीतिक विरोधियों को भी अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर एक मिसाल नेहरू जी ने कायम की थी। महासचिव अरविंद शुक्ला ने कहा कि जिस बुलंद भारत पर आज लोग इतरा रहे हैं वह नेहरू जी की सोच का परिणाम है। गुट निरपेक्ष आंदोलन की अगुवाई कर नेहरु जी ने पूरे विश्व में भारत का डंका बजाया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अविनाश मिश्रा, चांद खान, सभासद शाहिद अली कुरैशी, राम बदल चतुर्वेदी, अब्दुल सलीम, हसन रैनी, सोनू श्रीराम पांडेय, शशांक मिश्रा, हरिराम वर्मा, विनोद कुमार, जानकी देवी, अबसार अहमद सहित तमाम कांग्रेसजनों ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की।

## धर्म दर्शन

# परम पुनीता सरयू नदी



**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यह एक पौराणिक ऐतिहासिक सत्य है कि भारत ही नहीं वरन् विश्व के करोड़ों राम भक्तों की दृष्टि में आधुनिक अयोध्या नगरी सहसा अत्यंत आकर्षण का केंद्र बन गई है। अयोध्या पुरी की सुसंपन्नता और सुरक्षा में पुण्यतोया सरयू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। निम्नलिखित पंक्तियों में सरयू नदी के सांस्कृतिक-साहित्यिक इतिहास का अति संक्षिप्त रेखांकन वर्णित है-

ऋग्वेद (4/13/18) में देवराज इन्द्र द्वारा सरयू के तट पर अपने दो प्रतिद्वंद्वियों के वध का उल्लेख है। ऋग्वेद(4/30/18; 5/53/9 तथा 5/53/9) इसका नाम आया है। यदु और तुर्वसु के द्वारा इस नदी को पार करने का उल्लेख हुआ है। पाणिनि की अष्टाध्यायी (6/4/174) में भी इसका उल्लेख हुआ है। यों तो भौगोलिक दृष्टि से इसके सरयू, शारदा, काली, घाघरा कई नाम हैं, किंतु प्रारम्भ और अंत का 'सरयू' नाम ही अधिक लोक श्रुति है। हमारे प्राचीन साहित्य में सरयू नाम ही बहुप्रचलित या प्रयुक्त हुआ है। हिमालय की उपत्यका में आधुनिक उत्तरांचल के बागेश्वर जनपद में इसका उद्गम स्थल है। बाद में उत्तर प्रदेश से कटकर उत्तरांचल राज्य बनने के बाद पिथौरागढ़ में ही उसके अतिरिक्त बागेश्वर और चंपावत दो और नए जनपद बन गए हैं। बागेश्वर से निकलकर उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया में गंगा नदी में विलीन हो जाने वाली लगभग 350 किलो मीटर लंबी इस नदी के तटवर्ती उत्तर प्रदेश के बहराइच, सीतापुर, गोंडा, अयोध्या, सुल्तानपुर, दोहरीघाट तथा बलिया जनपद या शहर स्थित हैं। अचिरवती अथवा राप्ती नदी इसकी प्रमुख सहायक नदी है। यह नदी आधुनिक देवरिया जनपद के बरहज नामक स्थान पर स्वयं को सरयू में विलीन कर देती है। इसके पूर्व अचिरवती या राप्ती अपने में आमी और जाहन्वी नदियों को स्वयं में समाहित कर चुकी होती है। आदि महाकवि वाल्मीकि कृत रामायण में सरयू तीरे स्थित धन-धान्य (अन्न-धन) से सुसंपन्न, सुविस्तृत कोसल नामक महान जनपद की राजधानी अयोध्यानगरी को बसाने का श्रेय स्वयं मानवेन्द्र मनु महाराज को दिया गया हैः 'कोसलोनाम मुदितः स्फीतो जनपदो महान,

निविष्टः सरयू तीरे प्रभूत धन-धान्यवान्।
अयोध्या नाम नगरी तत्र सील्लोक विश्रुता,
मनुना मानवेद्रेण या पुरी निर्मिता स्वयम्।।
(वाल्मीकि रामायण, 5.19)

वाल्मीकि रामायण (अयोध्या कांड 63,20-21-36) में ही अयोध्या के निकटवर्ती वन में शिकार खेलने गए राजा दशरथ के द्वारा भ्रम वश अंधे माता-पिता के लिए सरयू जल लाने गए, मातृ-पितृभक्त श्रवण कुमार के वध और शापित होने का वर्णन है। संस्कृत साहित्य के महाकवि कालिदास के 'रघुवंश' महाकाव्य (13/63) में भगवान श्रीराम, सरयू नदी को अपनी जन्मदात्री मां के समान पूजनीय मानते हैं। काल की गति विचित्र होने के साथ ही सर्वव्यापी एवं सर्वशक्तिमान तथा सतत परिवर्तनशील है। कतिपय भू वैज्ञानिकों की मान्यता है कि यदि समय रहते विशेष ध्यान नहीं दिया गया तो सरयू नदी का अस्तित्व ही खतरे में है।

# आत्म- बोध



सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः प्रतिधीयते।
अथास्यायमितर आत्मा कृतकृत्यो वयोगतः प्रैति। स इतः प्रयन्नेव पुनर्जायते तदस्य तृतीयं जन्म।।

पुत्र पिता का ही आत्मस्वरूप होता है। यह पुत्र जब कार्य करने योग्य हो जाता है, तब पिता उसको अपना प्रतिनिधि बना देता है। गृहस्थी का पूरा दायित्व उस पर छोड़ कर अपने को कृतकृत्य समझता है। तदनंतर इसका यही पितृरूप आत्मा वृद्धावस्था मे पहुंचकर शरीर छोड़कर विदा होता है। इसके बाद वह कर्मानुसार जहां जिस योनि मे जन्म लेता है, वह इसका तीसरा जन्म है।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इस प्रकार संसरण करता हुआ अर्थात् संसार मे उत्पन्न होता हुआ, जन्म मरण रूप परंपरा पर आरूढ़ हुआ, जन्म-जन्मांतर मे जिस समय जिस किसी अवस्था मे वह अपनी आत्मा को जान लेता है, उसी समय वह संसार के संपूर्ण बंधनों से मुक्त होकर कृतकृत्य हो जाता है।

यही बात ऋषि ने भी कही है। ऋषि वामदेव को गर्भ मे रहते हुए माता के उदर मे ही यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो गया था। उन्होंने वहीं कहा था, अहो! कितने आश्चर्य और आनंद की बात है कि गर्भ मे रहते रहते मैंने इन अंतः करण और इंद्रिय रूप देवताओं के अनेक जन्मों का रहस्य भलीभांति जान लिया। मैंने इस बात को भी जान लिया कि यह जन्म वाक् एवं अग्नि आदि इंद्रिय और अंतः करण के ही होते हैं, आत्मा के नहीं। इस रहस्य को समझने के पहले मुझे लोहे के समान सैकड़ों कठोर शरीरों ने अवरुद्ध कर रखा था। इन शरीरों मे मेरी ऐसी अहंता हो गई थी कि शरीर बोध से छूटना मेरे लिए कठिन हो रहा था। अब मैं जाल को काटकर वेग से उड़ जाने वाले बाज पक्षी के समान आत्मज्ञान जनित सामर्थ्य के द्वारा उस शरीर बोध से निकलकर बाहर आया हूं। वामदेव ऋषि ने गर्भ मे शयन करते समय ऐसा ही कहा था।

## वर्ग पहेली-83

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बांधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता,पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।
5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| ■ | ■ | 4 | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ | ■ |
| 6 | | | ■ | 7 | | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 8 | | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -82 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वे | ■ | 2 अ | 3 प | क | र् | ष |
| शा | ■ | ■ | रि | ■ | ■ | ■ |
| 4 ख | ट | रा | ग | ■ | ■ | 5 ना |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | ■ | ■ | क |
| श | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | ■ | र |

## सुडोकू -162

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 6 | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | 7 | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 4 |
| | 9 | | 2 | | | | 7 | |

### सुडोकू -161 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 15 .23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 09 .33 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। नया काम शुरू करने का उत्साह रहेगा। घर के कार्यों में भी आप विशेष रुचि लेंगे। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपको प्रशंसा मिल सकती है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को इच्छित स्थान पर स्थानान्तरण मिल सकता है।

**वृष** – आज आप कहीं घूमने के विचार में रहेंगे। कई दिनों का तनाव शांत होने से मानसिक प्रसन्न रहेगी। कृषि कार्य से जुड़े लोग कुछ परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपने उत्पादों की गुणवत्ता का ध्यान रखें। जीवनसाथी की सलाह आपको कार्यक्षेत्र में काफी सहायक होने वाली है।

**मिथुन** – आज निर्माण कार्यों में अचानक रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जिसको लेकर आपके पास पूरी सूचना नहीं है। आज आपको धैर्य और साहस का परिचय देना होगा। बवासीर और कब्ज के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**कर्क** – आज व्यवसाय में नई पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। आप अपनी तरफ से लोगों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी छवि काफी अच्छी हो सकती है। जो लोग आपसे नाखुश थे, वे भी आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं।

**सिंह** – आज पिछले सप्ताह की कई परेशानियों को आप आज सुलझा सकते हैं। काम का दबाव बढ़ने से आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं। आपके कुशल प्रबंधन और जिम्मेदारी लेने की प्रवृत्ति के कारण लोग आपकी काफी प्रशन्सा करेंगे।

**कन्या** – आज तनाव और थकान का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम करने का मन नही करेगा। आपको योग और ध्यान का सहारा लेना चाहिए। व्यवसाय में आप कुछ नई नीतियों पर काम करने का प्रयास करेंगे।

**तुला** – आज आप मस्ती के मूड में रहेंगे। भविष्य को लेकर लापरवाही पूर्ण रवैया अपना उचित नहीं है। बौद्धिक प्रकृति के लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर के उपकरणों का मेन्टीनेंस करवाते रहें।

**वृश्चिक** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। जिन कार्यों में आपको आनंद आता है, आप उसमें स्वयं को व्यस्त रखने का प्रयास करेंगे। स्वजनों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का भी आप प्रयास करेंगे।

**धनु** – आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। परिस्थितियां कुछ नकारात्मक सी रहेंगी। आप जो नहीं चाहते हैं उन कार्यों में भी आपको संलग्न होना पड़ सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। उधार लेन-देन आपको काफी नुकसान दे सकता है।

**मकर** – आज मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपके अनुकूल रहेंगे। घर का माहौल काफी अच्छा रहेगा। योग और जीवनशैली जैसे विषयों को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। गठिया रोगियों के दर्द का निवारण हो सकता है।

**कुंभ** – आज अनावश्यक विचारों से मन कुछ अशान्त हो सकता है। व्यवसायी लोग अपने अपनी दुकान या शोरूम आदि में अग्नि आदि से सुरक्षा के मानकों पर ध्यान दें। आज आपको काम से ज्यादा प्रबन्धन पर ध्यान होगा। यात्रा के दौरान सेहत कुछ गड़बड़ हो सकती है।

**मीन** – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिजन आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग आज घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिये आप कुछ महंगे उत्पादों पर धन निवेश कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
चाइना गेट – सुबह : 09 .47
जागृति – दोपहर : 02 .48

**&pictures**
बवाल – सुबह : 10 .47
बंगाल टाइगर – शाम : 04 .53

**SONY PIX**
जर्नी 2 – सुबह : 11 .09
जॉन रैम्बो – रात : 07 .26

**ZEE CINEMA**
हमारी अधुरी कहानी – सुबह : 10 .20
लाडला – रात : 07 .10

**colors CINEPLEX**
रंगीला – सुबह : 11 .39
ओम शांति ओम – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 10 .20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) – गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला– पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी– सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति– क्यों?
पत्नी – क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति– मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी– अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...



## अपना दल (एस) की अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जीत की हैट्रिक में कई चुनौतियों से पड़ रहा जूझना

# जाति-बिरादरी के जाल से वोट बैंक बचाने की चुनौती

- भाजपा से सपा में आए सांसद रमेश बिंद से मिल रही है कड़ी चुनौती तो बसपा ने भी लगा रखा है ब्राह्मण चेहरे पर दांव
- बहन पल्लवी पटेल अपने प्रत्याशी के जरिए कुर्मी वोटों में सेंध लगाने की कोशिश में, राजा भैया ने भी बढ़ा रखी है मुसीबत

**मिर्जापुर लोकसभा सीट**

मनोत्र त्रिपाठी

**अमृत विचार।** अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध मिर्जापुर संसदीय सीट पर अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के लिए इस बार जीत की हैट्रिक लगाना बहुत आसान नजर नहीं आ रहा है। इसकी वजह यह है कि मिर्जापुर में सबसे ज्यादा पटेल मतदाता हैं। इसके बाद ब्राह्मण और बिंद मतदाताओं की बहुलता है। अब हुआ यह है कि अनुप्रिया पटेल को यहां अपनी बहन के कारण अगर पटेल जाति के प्रत्याशी का सामना करना पड़ रहा है, तो सपा ने उनके सामने भाजपा के बिंद बिरादरी के सांसद को उतार दिया है। इन सबके बीच बसपा के ब्राह्मण जाति के उम्मीदवार ने वोटों का जातीय समीकरण और उलझा रखा है। ऐसे में माना जा रहा है कि मिर्जापुर में त्रिकोणीय और कई इलाकों में चतुष्कोणीय संघर्ष के बीच अनुप्रिया पटेल को इस बार मोदी और योगी के नाम और काम के सहारे जातीय बिसात के जाल से बाहर निकलने की चुनौती से जूझना पड़ रहा है।

मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद रमेश बिंद मिर्जापुर में सपा की साइकिल पर सवार होकर अनुप्रिया को चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने यहां ब्राह्मण मनीष तिवारी को उतार रखा है। इस लड़ाई में अनुप्रिया की विधायक बहन पल्लवी पटेल ने अपना दल कमेरावादी से दौलत सिंह पटेल पर दांव लगाकर पटेल वोटों में सेंध लगा दी है।

हालांकि अनुप्रिया के लिए राहत की बात यह है कि लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों विधानसभा सीटों पर एनडीए का कब्जा है। 2022 में मिर्जापुर सदर, चुनार और मड़िहान में भाजपा जीती थी। मझवां सीट निषाद पार्टी और छानबे सीट अपना दल के पास है। पिछले चुनाव में अनुप्रिया के साथ एनडीए का कोर वोट बैंक ब्राह्मण, क्षत्रिय और कुर्मी साथ था। लेकिन इस बार हर जगह ऐसा नहीं दिख रहा है। कुर्मी वोट बैंक में दौलत पटेल सेंध लगाने की दौड़भाग कर रहे हैं। ब्राह्मणों के एक वर्ग का रुख बसपा की तरफ झुकता नजर आ रहा है। राजा भैया पर बयान देने से क्षत्रिय मतदाताओं में नाराजगी है। मिर्जापुर में डेढ़ लाख से ज्यादा ब्राह्मण और एक लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। कुर्मी मतदाता पौने तीन लाख माने जाते हैं। इस वोट बैंक को संभालने में अनुप्रिया को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है।



रमेश बिंद।



अनुप्रिया पटेल।

### बहन की चुनौती पड़ रही भारी

- अनुप्रिया पटेल को पारिवारिक विरासत की जंग में अपनी बहन एवं अपना दल कमेरावादी की विधायक पल्लवी पटेल की चुनौती परेशान कर रही है। अनुप्रिया की हार के लिए पल्लवी पूरा जोर लगा रही हैं तो अनुप्रिया यह साबित करने में जुटी हैं कि पिता सोनेलाल पटेल की वास्तविक वारिस वही हैं। पल्लवी ने अपने पीडीएम फार्मूले के तहत ही यहां दौलत सिंह पटेल को मैदान में उतारा है। वे कुर्मी मतदाताओं में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

### 2019 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| अपना दल-एस | अनुप्रिया पटेल | 5,91,564 | 53.34 |
| सपा | राम चरित्र निषाद | 3,59,556 | 32.42 |
| कांग्रेस | ललितेश पति त्रिपाठी | 91,501 | 8.25 |

### 2014 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| अपनादल-एस | अनुप्रिया पटेल | 4,36,536 | 43.32 |
| बसपा | समुद्र बिंद | 2,17,457 | 21.58 |
| कांग्रेस | ललितेश पति त्रिपाठी | 1,52,666 | 15.15 |
| सपा | सुरेंद्र सिंह पटेल | 1,08,859 | 10.80 |

### कोल-भील और कुर्मी मतदाताओं के साथ मोदी-योगी के नाम का सहारा

2014 और 2019 में बड़े अंतर से जीतीं अनुप्रिया पटेल को बदले समीकरणों ने कठिन लड़ाई की तरफ धकेल दिया है। सपा ने पहले यहां राजेंद्र एस बिंद को उतारा था, लेकिन बाद में भदोही से भाजपा सांसद रमेश बिंद को चुनावी मैदान में उतार कर निषाद, केवट मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के साथ ही यादव, मुस्लिम समीकरण को मजबूत किया है। सपा और भाजपा गठबंधन के पिछड़ी जाति के दांव को फेल करने के लिए बसपा ने मनीष तिवारी के जरिए अगड़ी जाति का दांव खेला है। इससे पार पाने के लिए भाजपा ने बड़े ब्राह्मण नेताओं को यहां लगाया है। वैसे कुर्मी मतदाता अनुप्रियाके पक्ष में लामबंद नजर रहे हैं। इसके साथ ही जनजातीय श्रेणी में आने वाले कोल और भील मतदाताओं को भी वह अपने पाले में करने की कोशिश में कामयाब दिख रही हैं। वह यह बताने में जुटी हैं कि उन्होंने राबर्ट्सगंज से दूसरी बार कोल उम्मीदवार को मैदान में उतारकर उनका मान बढ़ाया है।

### राजपूत मतदाता सपा के लिए गोलबंद कर रहे राजा भैया

- अनुप्रिया पटेल को मोदी की गारंटी के सहारे जीत का भरोसा तो है पर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया की नाराजगी से पार पाना आसान नजर नहीं आ रहा है। राजा भइया जहां उनके विरुद्ध राजपूत बिरादरी के मतदाताओं को गोलबंद करके सपा के रमेश बिंद के पक्ष में करने को प्रयत्नशील नजर आ रहे हैं। अनुप्रिया पटेल की राजा भइया पर की गई टिप्पणी को भुनाने की सपा की कोशिश नाकाम करने के लिए भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य राजपूत नेताओं का सहारा लिया है।

# पहली बार महिला चेहरा उतार पुरानी लड़ाई दिलचस्प बनाई

**राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट**

दिग्विजय सिंह



रिंकी कोल।



छोटेलाल खरवार।

**अमृत विचार।** पहाड़ियों पर बसे उत्तर प्रदेश के अंतिम जिले सोनभद्र का मुख्यालय है राबर्ट्सगंज और इसी नाम से लोकसभा सीट है। कोयला, बालू और वन संपदा से समृद्ध इस जिले की पहचान खनन के साथ विद्युत उत्पादन को लेकर होती है। ऊर्जांचल के नाम से मशहूर यह प्रदेश का अकेला जिला है, जो चार राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड की सीमा से सटा है। राबर्ट्सगंज सुरक्षित लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा-कांग्रेस गठबंधन से सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा चुनावी मुकाबला देखने में आ रहा है। छोटेलाल खरवार साल 2014 में राबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा से चुनाव जीते थे, लेकिन 2019 में भाजपा द्वारा यह सीट समझौते में अपना दल (एस) को दे दिए जाने से चुनाव नहीं लड़ पाए थे। इस बार भी सीट अपना दल के खाते में ही रहने पर छोटेलाल भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। हालांकि दोनों गठबंधनों के बीच अपना दल (एस) और सपा प्रत्याशियों के सीधे संघर्ष में तीसरा कोण बसपा के प्रत्याशी धनेश्वर गौतम भी हैं। वह मिर्जापुर मंडल में बसपा के प्रभारी है और मिर्जापुर की ही छानबे विधानसभा सीट से 2017 और 2022 में चुनाव भी लड़ चुके हैं।

राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट पर यह पहला मौका है, जब किसी प्रमुख दल ने महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं। हालांकि पकौड़ी लाल का टिकट काटकर उनकी बहू को देने की घोषणा से परिवार में पहले खींचतान नजर आई थी। लेकिन अब यह शांत हो चुकी है। दरअसल, सांसद पकौड़ी लाल तीसरी बार स्वयं चुनाव लड़ने या अपने छोटे बेटे को टिकट दिलाने के इच्छुक थे, लेकिन अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, जो खुद बगल की मिर्जापुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं, ने जातीय समीकरणों के लिहाज से रिंकी कोल पर भरोसा जताया। रिंकी मिर्जापुर जिले की छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे अपने पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल ही उपचुनाव में विधायक चुनी गई थीं। उनका कोल जाति से होना ही प्रत्याशी चयन की प्रमुख वजह है। राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र में कोल जाति के करीब 80 हजार मतदाता हैं, मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र में कोल मतदाताओं की संख्या इससे अधिक मानी जाती है। हर चुनाव में यह निर्णायक भूमिका में भी रहते हैं।

रिंकी कोल को इस वर्ग में सहानुभूति का लाभ मिलने की भी उम्मीद है। यह सीट 2019 में रिंकी के ससुर पकौड़ी लाल कोल ने 54 हजार वोटों से जीती थी, 2014 में भाजपा से छोटेलाल खरवार, 2009 में सपा से लड़े पकौड़ी लाल कोल और 2004 में बसपा प्रत्याशी लाल चन्द्र कोल ने जीती थी।

- अपना दल (एस) ने सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू विधायक रिंकी कोल पर लगाया है दांव
- सपा ने 2014 में भाजपा से जीते छोटेलाल खरवार को उतार कर दिलचस्प बना दिया है चुनावी मुकाबला

### 2019 का जनादेश

| | | |
|---|---|---|
| अपना दल (एस) | पकौड़ी लाल कोल | 4,47,914 |
| सपा | भाई लाल | 3,93,578 |
| कांग्रेस | भगवती प्रसाद चौधरी | 35,269 |

### 2014 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | छोटेलाल | 3,78,211 |
| बसपा | शारदा प्रसाद | 1,87,725 |
| सपा | पकौड़ी लाल कोल | 1,35,966 |
| कांग्रेस | भगवती प्रसाद चौधरी | 86,235 |
| भाकपा | अशोक कुमार कनौजिया | 24,363 |

### 2009 का आंकड़ा

| | | |
|---|---|---|
| सपा | पकौड़ी लाल कोल | 2,16,478 |
| बसपा | रामचंद्र त्यागी | 1,66,219 |
| भाजपा | राम शकल | 1,04,411 |
| कांग्रेस | राम आधार | 55,809 |

### पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र राबर्ट्सगंज, ओबरा, दुद्धी, घोरावल, और चकिया हैं। इसमें चकिया विधानसभा सीट चंदौली जिले में है, और बाकी चारों विधानसभा सीटें सोनभद्र जिले का हिस्सा है। इन सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का कब्जा है।
- एक अनुमान के मुताबिक राबर्ट्सगंज में अनुसूचित जाति के करीब चार लाख, अनुसूचित जनजाति के 1.75 लाख मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या 1.25 लाख और ब्राह्मण 1.5 लाख हैं। एक लाख कुशवाहा, 80 हजार पटेल और इतने ही कोल मतदाताओं के अलावा 40 हजार राजपूत हैं। मुस्लिम मतदाता यहां करीब 60 हजार माने जाते हैं।



**हाथ का साथ** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश के चंबा क्षेत्र में मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से मुलाकात की और पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगा।



**मांगा समर्थन** कोलकाता नार्थ सीट से टीएमसी उम्मीदवार संदीप बंदोपाध्याय के समर्थन में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने के लिए संदीप को वोट दें।

# पंजाब में आधा दर्जन सीटों पर भाजपा ने लगाई उम्मीद

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पंजाब में भाजपा ने 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा तीन सीटें जीती थीं। लेकिन इस बार पार्टी अगर राज्य की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है, तो दूसरे दल भी बिना किसी गठबंधन के अपनी सियासी जमीन मजबूत करने के लिए अकेले ही ताल ठोंक रहे हैं। एक ओर जहां भाजपा और शिरोमणि अकाली दल की दशकों पुरानी जुगलबंदी टूट चुकी है, वहीं दिल्ली और हरियाणा में साथ-साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यहां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इस तरह अधिकतर सीटों पर मुकाबला चतुष्कोणीय है, लेकिन पांच सीटों पर बसपा और अन्य प्रत्याशियों के कारण संघर्ष बहुकोणीय भी हो रहा है। भाजपा ऐसे ही कड़े मुकाबले वाली जालंधर, संगरूर, बाठिंडा के अलावा आनंदपुर साहिब, खडूर साहिब जैसी सीटों पर अपनी जीत की राह तलाश रही है।

**राम मंदिर के सहारे हिंदुओं का समर्थन लेने की कोशिश:** भाजपा राज्य में इस बार शिरोमणि अकाली दल जिसे सिखों की पार्टी कहा जाता है, से अलग होकर अपनी हिंदुओं की पार्टी की छवि को चमकाने की रणनीति बनाई है। इस काम में पार्टी को राम मंदिर की स्थापना और शहरी क्षेत्र में पहले से ही मिलने वाले समर्थन से बड़ी उम्मीद है। राज्य में हिंदुओं की आबादी 39 प्रतिशत है। भाजपा इसी पर फोकस करने के साथ सिखों का दिल जीतने का भी भरसक प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए हम मौके पर खास प्रयास किए हैं। पार्टी ने तमाम कद्दावर सिख नेताओं को शामिल भी किया है।

### 2019 का वोट शेयर

| पार्टी | सीट | वोट % |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 40.1 |
| अकाली दल | 02 | 27.4 |
| भाजपा | 02 | 9.6 |
| आप | 01 | 7.4 |

- **राज्य में चतुष्कोणीय और बहुकोणीय संघर्ष के बीच जीत की राह तलाश रही पार्टी**

### जालंधर, लुधियाना, पटियाला और होशियारपुर में मजबूत चुनौती

- जालंधर में आम आदमी पार्टी के टिकट को धता बताकर सांसद सुशील रिंकू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं, तो लुधियाना में कांग्रेस के तीन बार के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भाजपा से चुनावी मैदान में हैं। इसी तरह चार बार की कांग्रेस सांसद परनीत कौर को भाजपा ने पटियाला के रण में उतार रखा है। अमृतसर में पार्टी ने अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह पर दांव लगा रखा है। होशियारपुर सीट भाजपा पिछले दो बार से जीत रही है, इस बार पार्टी ने यहां केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश की पत्नी अनिता सोम प्रकाश को उतारा है, जो भाजपा को तीसरी जीत दिलाने के लिए मेहनत कर रही हैं। उधर, अभिनेता विनोद खन्ना और सनी देओल के सहारे दो बार से गुरदासपुर में जीत रही भाजपा ने स्थानीय दिनेश सिंह बब्बू को उतारकर लोगों की नाराजगी साधने का प्रयास किया है।

# राजग गढ़ बचाने तो महागठबंधन किला ढहाने की जुगत में

**बिहार में अंतिम चरण**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** अंतिम चरण में एक जून को बिहार की आठ सीटों पर मतदान होना है। इस चरण की सभी सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) का कब्जा है। भाजपा और उसके सहयोगी दल जहां अपने गढ़ को बचाने में जुटे हुए हैं तो वहीं महागठबंधन में शामिल पार्टियां भाजपा और उसके सहयोगियों के किले को ढहाकर अपना झंडा बुलंद करने के लिए चक्रव्यूह को और मजबूत बनाने में जुटी हैं। जातीय गोलबंदी के साथ ही महंगाई और भ्रष्टाचार के साथ ही संविधान और आरक्षण बचाने के नाम पर मतदाताओं को गोलबंद करने का प्रयास उनके द्वारा किया जा रहा है। संविधान बचाने के नाम पर दलित मतदाताओं को ये अपने साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं।

पांच सीटों सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार मैदान में हैं तो नालंदा और जहानाबाद सीट पर जदयू लड़ रही है। काराकाट सीट जदयू ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के लिए छोड़ा है। इंडिया महागठबंधन से भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से प्रत्याशी दिया है। आरा सीट पर केंद्रीय मंत्री आरके सिंह हैट्रिक लगाने को आतुर दिख रहे हैं। उन्हें मोदी के नाम और अपने काम पर भरोसा है तो नालंद सीट पर जीत का चौका लगाने को जदयू के कौशलेंद्र ने पूरी ताकत झोक रखी है। जहानाबाद सीट को बचाने के लिए जदयू हरसंभव प्रयास कर रही है। पटना साहिब और सासाराम सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। पटना साहिब सीट पर दूसरी जीत के लिए उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहां कांग्रेस ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजित उम्मीदवार हैं।

कांग्रेस यहां दलित, मुस्लिम, यादव वोटों के सहारे रविशंकर प्रसाद को हराने का गणित लगा रही है। भाजपाई मोदी की गारंटी के सहारे जीत को पक्की मान रहे हैं। इस सीट पर कायस्थ मतदाता निर्णायक हैं। रविशंकर प्रसाद भी इसी जाति से आते हैं।



मुख्यमंत्री नितीशकुमार।



राजद नेता तेजस्वी यादव।

- अंतिम चरण की सभी आठ सीटें भाजपा गठबंधन के पास
- महागठबंधन के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं

### काराकाट में फंसे नजर आ रहे उपेंद्र कुशवाहा

- काराकाट सीट पिछली बार जदयू जीती थी। इस बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा राजग के उम्मीदवार हैं। उन्हें निर्दलीय भाजपा के बागी पवन सिंह से चुनौती मिल रही है। यही वजह है कि महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह को अपनी जीत सुनिश्चित नजर आ रही है।

### लगातार दो चुनाव हार चुकीं मीसा को जीत की आस

- पाटिलपुत्र सीट से भाजपा के रामकृपाल यादव लगातार दो बार से सांसद हैं। रामकृपाल ने 2014 और 2019 में लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती को हराया था। इससे पहले 2009 में लालू प्रसाद यादव भी यहां जदयू के रंजन प्रसाद यादव से हार चुके हैं। मीसा को उम्मीद है कि वह संविधान बचाने की दुहाई देकर इस बार मैदान मार लेंगी। इसलिए यहां दलित मतदाताओं को यह बताया जा रहा है कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए वे उनके साथ आएं। जबकि कभी लालू प्रसाद के खासमखास रहे रामकृपाल लगातार लाभार्थियों पर फोकस कर रहे हैं।

### सासाराम में भाजपा ने बदला चेहरा

- भाजपा ने सासाराम से शिवेश राम को उतारा है। इससे पहले लगातार पार्टी के छेदी पासवान यहां से सांसद बने थे। शिवेश राम को कांग्रेस के बसपा से आए प्रत्याशी मनोज भारती से टक्कर मिल रही है। पुराने कांग्रेसी को टिकट न मिलने से कार्यकर्ता नाराज नजर आ रहे हैं। भाजपा ने बक्सर सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट दिया है। उनके बदले में मिथिलेश तिवारी को चेहरा बनाया है। इससे चौबे के समर्थक नाराज हैं। इसका असर परिणाम पर पड़ सकता है। नाराजगी दूर करने की कोशिश लगातार हो रही है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1090 डीएमओ 860 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# शेयर बाजार में निवेशकों के लिए नुकसान का कारण न बन जाए इंटरनेट की सलाह

पिछले एक दशक में भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की अच्छी खासी आमद देखी गई है। इंटरनेट पहुंच के प्रसार और डिजिटल मीडिया के उदय के साथ, अधिक व्यक्ति निवेश सलाह के लिए व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूब की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि इसने वित्तीय जानकारी को लोकतांत्रिक बना दिया है, इसने एक चिंताजनक प्रवृत्ति को भी जन्म दिया है, वहीं कई निवेशक इस सलाह का आंख बंद करके पालन करने से काफी नुकसान उठा रहे हैं।

हाल के वर्षों में, भारत में वित्तीय समाचार मीडिया और निवेश-संबंधित यूट्यूब चैनलों में तेजी देखी गई है। सीएनबीसी-टीवी18, ईटी नाउ और जी बिजनेस जैसे बिजनेस समाचार चैनल घरेलू नाम बन गए हैं, जबकि कई यूट्यूबर्स ने स्टॉक टिप्स और निवेश रणनीतियों की पेशकश करके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हासिल किए हैं। यह उछाल आंशिक रूप से शेयर बाजार में बढ़ती खुदरा भागीदारी के कारण है, जिसमें निवेशक निवेश की जटिल दुनिया से निपटने के लिए मार्गदर्शन चाहते हैं।

**यूट्यूब की सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान-सनसनीखेज और प्रचार:** व्यावसायिक समाचार चैनल और यूट्यूबर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए अक्सर सनसनीखेज पर भरोसा करते हैं। इससे कुछ शेयरों या बाज़ार रुझानों को लेकर अतिरंजित दावे और प्रचार हो सकता है।


रजत मेहरोत्रा, वित्तीय सलाहकार, बरेली।

**व्यक्तिगत रुचि से प्रभावित:** ऐसे उदाहरण हैं जहां व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स की उनके द्वारा अनुशंसित स्टॉक में अज्ञात रुचि हो सकती है।

उदाहरण के लिए, उन्हें अपने स्टॉक को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों से मुआवजा मिल सकता है, जिससे पक्षपातपूर्ण सलाह मिल सकती है। हितों का यह टकराव निवेशकों को गलत जानकारी के आधार पर खरीदारी या बिक्री करने के लिए गुमराह कर सकता है।

**सीमित जवाबदेही:** इन प्लेटफार्मों पर वित्तीय विशेषज्ञ और प्रभावशाली लोग अपनी सिफारिशों के परिणामों के लिए जवाबदेह नहीं हैं। पंजीकृत वित्तीय सलाहकारों के विपरीत, उनके पास अपने दर्शकों के प्रति प्रत्ययी जिम्मेदारियाँ नहीं होती हैं।

**अध्ययन और उदाहरण:** ऐसे कई उदाहरण हैं जहां प्रभावशाली लोगों और मीडिया द्वारा समन्वित प्रचार के माध्यम से शेयरों को कृत्रिम रूप से बढ़ाया गया है, केवल प्रमोटरों द्वारा अपनी हिस्सेदारी बेचने के बाद कीमतें कम हो जाती हैं। एक उल्लेखनीय उदाहरण कुछ पेनी शेयरों का तेजी से बढ़ना और गिरना था, जहां बिना सोचे-समझे खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

**क्रिप्टोकरेंसी का क्रेज:** हाल के वर्षों में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर मची दीवानगी में कई यूट्यूबर्स और चैनलों ने भारी रिटर्न के वादे के साथ विभिन्न सिक्कों को बढ़ावा दिया है। इन वादों से आकर्षित होकर कई निवेशकों ने इसमें शामिल जोखिमों को समझे बिना भारी निवेश किया। क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में बाद में गिरावट के कारण कई लोगों को महत्वपूर्ण नुकसान हुआ।

**निष्कर्ष :** व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स के उदय ने निःस्संदेह वित्तीय जानकारी को औसत निवेशक के लिए अधिक सुलभ बना दिया है। हालांकि, उनकी सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान से महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान हो सकता है। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, स्वतंत्र अनुसंधान को प्रोत्साहित करके, प्रमाणित सलाहकारों से परामर्श करके, दीर्घकालिक निवेश पर जोर देकर, नियामक निरीक्षण को मजबूत करके और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, निवेशक शेयर बाजार की जटिलताओं से निपटने और सूचित निवेश निर्णय लेने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकते हैं। अंततः, सफल निवेश की कुंजी एक अनुशासित, सुविज्ञ दृष्टिकोण में निहित है जो नवीनतम बाजार प्रवृत्ति या सनसनीखेज समाचार कहानी का पीछा करने के बजाय व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता पर विचार करता है।

**निवेशकों की सुरक्षा के लिए रणनीतियां**

1-वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना निवेशकों को सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए वित्तीय शिक्षा महत्वपूर्ण है।

2- कार्यशालाएं और सेमिनार-बुनियादी निवेश सिद्धांतों, जोखिम प्रबंधन और पोर्टफोलियो विविधीकरण पर कार्यशालाएँ आयोजित करना।

3-ऑनलाइन पाठ्यक्रमः निवेश के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले ऑनलाइन पाठ्यक्रमों और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना।

4-स्कूल पाठ्यक्रमः भावी पीढ़ियों को आवश्यक वित्तीय कौशल से लैस करने के लिए वित्तीय शिक्षा को स्कूल पाठ्यक्रम में एकीकृत करना।

5-निवेशकों को केवल मीडिया सलाह पर निर्भर रहने के बजाय अपना स्वयं का शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

6-निवेश निर्णयों को प्रभावित करने वाले व्यापक बाज़ार रुझानों और आर्थिक संकेतकों से अवगत रहना।

7- जानकारी के विश्वसनीय स्रोतों का लाभ उठाना, जैसे कंपनी रिपोर्ट, नियामक फाइलिंग और प्रतिष्ठित वित्तीय वेबसाइटें।

8-प्रमाणित वित्तीय सलाहकारों से परामर्श करना। प्रमाणित वित्तीय सलाहकार किसी निवेशक की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुरूप वैयक्तिकृत सलाह प्रदान कर सकते हैं।

9-**अनुकूलित योजनाएं प्राप्त करें:** उनके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम सहनशीलता और समय सीमा के अनुरूप निवेश योजनाएँ प्राप्त करें।

10-**हितों के टकराव से बचें:** हितों के संभावित टकराव से मुक्त निष्पक्ष सलाह से लाभ उठाएं।

11-**विविधीकरण रणनीतियां लागू करें:** विविध पोर्टफोलियो विकसित करें जो जोखिम को कम करते हैं और दीर्घकालिक रिटर्न बढ़ाते हैं।

12-लंबी अवधि के निवेश पर जोर। दीर्घकालिक निवेश परिप्रेक्ष्य को प्रोत्साहित करने से निवेशकों को अल्पकालिक व्यापार के नुकसान से बचने में मदद मिल सकती है।

13-वित्तीय मीडिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,150-55,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,800 |
| चांदी आभूषण | 89,800। |

## सेंसेक्स 76,000 के शिखर पर पहुंचने के बाद फिसला, 20 अंक नुकसान में

मुंबई, एजेंसी

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली गिरावट रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय पहली बार रिकॉर्ड 76,000 अंक के स्तर के पार चला गया था जबकि एनएसई निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से इनमें गिरावट आई। कारोबार के अंतिम आधे घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार में उतार-चढ़ाव आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मामूली 19.89 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,390.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 24.65 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 22,932.45 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान चुनिंदा बैंकों, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से यह 599.29 अंक उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक चला गया था। हालांकि, निवेशकों ने रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली की और सूचकांक दिन के उच्चतम स्तर से करीब 835 अंक लुढ़क गया तथा 75,175.27 अंक तक आ गया।

## सोने में 220 और चांदी की कीमतों में 1,050 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विदेशी बाजार में मजबूत रुख को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सोना 220 रुपये उछलकर 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,050 रुपये की तेजी के साथ 92,850 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,800 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

## मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को बनाया समान वितरण का जरिया : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की टिप्पणी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले 10 साल में केंद्रीय बजट की रूपरेखा बदल दी है। पहले यह केवल खर्चों का लेखा-जोखा होता था लेकिन मोदी सरकार ने इसे लोगों के बीच समान वितरण के लिए एक रणनीतिक खाके में तब्दील किया है। वित्त मंत्री ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधारों की गति जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य तथा प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेगी ताकि इसका लाभ सभी तक पहुंचाने के लिए इसका सर्वोत्तम इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, यह कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और 'ऑयल बॉन्ड' जारी करने के जरिए घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### विचाराधीन कैदी ने अदालत में मजिस्ट्रेट पर फेंकी चप्पल

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक विचाराधीन कैदी ने मजिस्ट्रेट पर चप्पल फेंक दी। पुलिस के अनुसार कैदी को मामले में सुनवाई के लिए स्थानीय अदालत में ले जाया गया था। कोतवाली थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रसिक मोहम्मद ने बताया कि चोरी के एक मामले में न्यायिक हिरासत में इस्माइल को जेल से सोमवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि उसने अचानक अपनी चप्पल निकाली और मजिस्ट्रेट पर फेंक दी। आरोपी को दोबारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मजिस्ट्रेट द्वारा मामला दर्ज किया जा रहा है और उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया जाएगा।

### कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि एक विशेष सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान टीम ने आवारा जंगल में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने कहा कि यह ठिकाना आवरा के घने वन क्षेत्र में स्थित था और तलाशी के दौरान, हथियारों, गोला-बारूद, उपकरण और अन्य युद्ध जैसे सामानों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया।

### बीजापुर में दो कट्टर नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने दो नक्सलियों को सोमवार को गिरफ्तार किया। थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत पेददागेलुर, चिन्नागेलुर, गुण्डम की ओर डीआरजी बीजापुर एवं थाना तर्रेम का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग पर निकली थी, इस दौरानपेद्दागेलुर से दो माओवादियों को पकड़ा गया। दोनों नक्सलियों पर एक-एक लाख का इनाम था। इतना ही नहीं पकड़े गये माओवादी गत आठ फ़रवरी को गुण्डम के जंगल में एसटीएफ एवं केरिपु पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थे।

# सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना रद करेंगे महिलाओं को हर महीने देंगे 8,500 रुपये

## राहुल गांधी ने बिहार की चुनावी रैली में किया दावा, कहा-गठबंधन का आ रहा तूफान

बख्तियारपुर(बिहार), एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आएगा तो सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को रद कर दिया जाएगा और प्रत्येक महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपये जमा किए जाएंगे।

बिहार के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के बख्तियारपुर, पाटलिपुत्र के पालीगंज एवं आरा के जगदीशपुर में महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा-बिहार और उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन का तूफान आ रहा है। नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा-नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी-जीएसटी लागू करके रोजगार के रास्ते बंद किए हैं।

### जनसभा मंच आंशिक रूप से टूटा, बाल-बाल बचे राहुल

राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव सोमवार को उस समय बाल-बाल बच गए जब पटना जिले के पालीगंज में उनकी सभा के लिए बनाया मंच आंशिक रूप से टूट गया। गांधी सोमवार दोपहर को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती के पक्ष में एक रैली को संबोधित करने वाले थे। जैसे ही गांधी तेजस्वी और मीसा भारती के साथ मंच पर पहुंचे लेकिन बीच में मंच आंशिक रूप से गिर गया।


पालीगंज में रैली के दौरान मंच का एक हिस्सा टूट जाने के बाद राहुल गांधी और राजद नेता मीसा भारती अपना संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती हुईं। • एजेंसी


जम्मू में सोमवार को पड़ रही भीषण गर्मी के दिन नहर में नहाते लोग। बता दें कि घाटी में तपती गर्मी से बचने के लिए लोगों ने नदियों, झरनों और नहरों की ओर रुख कर लिया है। • एजेंसी

## अमित शाह ने पंजाब की आप सरकार गिराने की दी है धमकी

चंडीगढ़, एजेंसी

- केजरीवाल ने गृह मंत्री पर लगाया तानाशाही का आरोप



आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब में भगवंत मान नीत सरकार को गिराने की धमकी देने का आरोप लगाया और कहा कि ये तानाशाही है। शाह ने रविवार को लुधियाना में एक चुनावी रैली में लोगों से लोकसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की अपील की और कहा कि भाजपा की जीत के बाद भगवंत मान सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी।

सोमवार को केजरीवाल ने अमृतसर में व्यापारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा-क्या आपने अमित शाह का बयान सुना है? उन्होंने धमकी दी है। शुरुआत में उन्होंने पंजाबियों को बहुत गालियां दीं। उन्होंने (शाह) धमकी दी है कि चार जून के बाद पंजाब सरकार गिर जाएगी और भगवंत मान मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा-हमारे पास 92 सीटें (विधायक) हैं। आप (सरकार) कैसे गिरा सकते हैं? (देश में) तानाशाही है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता खुलेआम कह रहे हैं कि वे विधायकों को सीबीआई और ईडी से धमकाएंगे और फिर उन्हें खरीद लेंगे। आप नेता ने कहा-मैं उनसे (शाह से) कहना चाहता हूं...पंजाब के लोगों को धमकाओ मत, अन्यथा वे आपके लिए पंजाब में प्रवेश करना मुश्किल कर देंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी शाह की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की। मान ने कहा-क्या आपमें सरकार गिराने की हिम्मत है? हमारे पास 92 सीटें हैं। वे हमें धमकी दे रहे हैं। क्या आप यहां वोट मांगने आ रहे हैं या सरकार गिराने की धमकी दे रहे हैं? वहीं, अमृतसर में केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और उन पर बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है।

## आप की याचिका पर उच्च न्यायालय का फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

### पार्टी कार्यालय के लिए स्थान आवंटित करने का मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त होने के मद्देनजर पार्टी कार्यालयों के लिए स्थान आवंटित करने से संबंधित आप की याचिका पर फैसला सोमवार को सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ वकील ने बताया कि पार्टी को 15 जून तक राउज एवेन्यू स्थित मौजूदा कार्यालय खाली करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को अस्थायी रूप से दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर एक स्थान आवंटित किया जाना चाहिए। अदालत अस्थायी स्थान आवंटित करने के मामले पर 5 जून को फैसला सुना सकती है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम ने कहा-मैं अवकाश के दौरान फैसला सुनाने का प्रयास करूंगा। संभवतः पांच जून को। आप ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे के मद्देनजर अपने कार्यालयों के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजधानी में भूखंड या लाइसेंस के आधार पर एक आवास इकाई के आवंटन का अनुरोध करते हुए पिछले साल दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। अस्थायी स्थान को लेकर फैसला सुरक्षित रखते हुए अदालत ने भूमि आवंटन से संबंधित याचिका को 10 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

## भाजपा की उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा के चल रहे चुनाव के दौरान भाजपा की ओर से आदर्श आचार संहिता की 'अनदेखी' कर तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले 'अपमानजनक विज्ञापन' पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने भाजपा को निर्देश दिया था कि वह तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले किसी भी तरह के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित नहीं करे। भाजपा ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

## मालेगांव के पूर्व महापौर अब्दुल शेख गोलीबारी में घायल

**नासिक।** मालेगांव के पूर्व महापौर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारी अब्दुल मलिक यूनुस शेख पर सोमवार तड़के महाराष्ट्र के नासिक जिले में दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने कथित तौर पर गोली चला दी जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शेख (39) को नासिक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। बताया कि हमले के सटीक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## आतंकियों व पथराव करने वालों के परिजनों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- साक्षात्कार में गृह मंत्री अमित शाह बोले, सरकार ने आतंकी ढांचे को किया नेस्तनाबूद



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में काफी गिरावट आने का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने न केवल आतंकवादियों को निशाना बनाया है बल्कि आतंकी ढांचे को भी नेस्तनाबूद कर दिया है। शाह ने साथ ही आतंकवादियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में किसी आतंकवादी या पथराव करने वाले किसी व्यक्ति के परिजन को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा-हमने एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ मजबूत कार्रवाई की है और इसे समाप्त कर दिया है। हमने आतंकवाद के वित्तपोषण पर बहुत सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने बीते सप्ताहांत में दिए साक्षात्कार में कहा-हमने कश्मीर में फैसला किया है कि अगर कोई किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ जाता है तो उसके परिवार के किसी भी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। शाह ने यह भी कहा कि अगर कोई पथराव में शामिल रहता है तो उसके परिवार के भी किसी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि फैसले के खिलाफ मानवाधिकार कार्यकर्ता उच्चतम न्यायालय में गए थे, लेकिन अंततः सरकार की जीत हुई। हालांकि, गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसे मामलों को अपवाद स्वरूप लेगी।

### मोदी मटन, मछली के बारे में बोलते हैं, मेक इन इंडिया पर नहीं : मल्लिकार्जुन खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति, निर्यात, बढ़ते व्यापार घाटे तथा मेक इन इंडिया कार्यक्रम को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह चीन को अपना सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाकर फर्जी राष्ट्रवाद पर अमल कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा, नरेन्द्र मोदी मंगलसूत्र, मटन, मछली, मुगल और मुजरा के बारे में बोलते हैं, लेकिन 'मेक इन इंडिया' के बारे में बात नहीं करते? मोदी अपने कई अर्थव्यवस्था पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोलते? इसका जवाब है-सरकार की घोर विफलता। उन्होंने आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम फ्लॉप हो गया है, पीएलआई योजना लड़खड़ा गई है और निर्यात में भारी गिरावट आई है।

## खेल डायरी

### जीत के साथ खत्म हुआ बार्सीलोना कोच का कार्यकाल



**मैड्रिड।** जावी हर्नांडेज ने बार्सीलोना के कोच के रूप में अपने कार्यकाल का अंत स्पेनिश लीग फुटबॉल के अंतिम दौर में सेविला के खिलाफ 2-1 की जीत के साथ किया। बार्सीलोना के लिए रॉबर्ट लेवानदोवस्की और फर्मिन लोपेज ने गोल दागे। बार्सीलोना ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वे पूर्व मिडफील्डर जावी के साथ करार तोड़ रहे हैं जबकि इसमें एक साल बचा था। जावी ने कहा, हम इसे खत्म करना नहीं चाहते थे लेकिन ये क्लब के फैसले हैं। हमने खिताब नहीं जीते लेकिन हम सही राह पर थे। फुटबॉल इसी तरह का खेल है निदेशक अपने फैसले करते हैं। बार्सीलोना के खिलाड़ियों ने मैच के बाद जावी को विदाई दी। बार्सीलोना, गिरोना और एटलेटिको मैड्रिड भी शीर्ष चार में रहते हुए अगले सत्र के लिए चैंपियन्स लीग में जगह बनाने में सफल रहे।

### भारतीय जू. महिला टीम को जर्मनी से मिली हार

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को यूरोप दौरे के चौथे मैच में रविवार को जर्मनी के खिलाफ एकमात्र गोल से हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड के ब्रेडा में भारत के लिए पहला क्वार्टर चुनौतीपूर्ण रहा जब जर्मनी ने खेल की शुरुआत में ही गतिरोध तोड़कर 1-0 की बढ़त बना ली। खराब मौसम के बावजूद दोनों टीमें कड़े मुकाबले के इरादे में थीं। दूसरा और तीसरा क्वार्टर गोल रहित रहा, जिससे जर्मनी आगे बना रहा, जबकि भारत ने बराबरी का स्कोर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। अंतिम क्वार्टर में जर्मनी ने अपनी बढ़त लगभग दोगुनी कर दी, लेकिन उनके पेनल्टी स्ट्रोक को भारत के गोलकीपर ने नकार दिया। भारत के पास अंतिम अवसर पेनल्टी कॉर्नर के रूप में आया, लेकिन वे इसे भुनाने में असफल रहे और जर्मनी से 0-1 से हार मान ली।

### हरमनप्रीत की हैट्रिक से अर्जेंटीना को दी शिकस्त

**एंटवर्प।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के तीन लगातार गोलों की मदद से भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 5-4 से सनसनीखेज जीत हासिल की। हरमनप्रीत ने मैच के 29वें, 50वें और 52वें मिनट में गोल दाग कर भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। भारत के लिए शेष दो गोल अरजीत सिंह हुंदल ने सातवें मिनट में और गुरजंत सिंह ने 18वें मिनट में किये। अर्जेंटीना के लिए फेडेरिको मोंजा ने मैच के तीसरे मिनट में ही गोल कर शुरुआती बढ़त दिला दी जबकि निकोलस कीनन ने 24वें, तादेओ मारुची ने 54वें और लुकास मार्टिनेज़ ने 57वें मिनट पर गोल दागे। भारत ने सधी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में अधिकांश समय तक गेंद पास रखी।

### भारत ने 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम की घोषित



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 31 मई और चार जून को ताशकंद में खेले जाने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की। टीम की 30 संभावित खिलाड़ियों ने हैदराबाद में श्रीनिधि डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान पर दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया जिसके बाद मुख्य कोच एल चाओबा देवी ने 23 सदस्यीय टीम का चयन किया। भारतीय दल बुधवार को ताशकंद रवाना होगा। भारतीय टीम में गोलकीपर श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, एम मोनालिसा देवी, डिफेंडर एल आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइगंबी देवी, मिडफील्डर कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग और फॉरवर्ड काजोल डिसूजा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी खाखा, सेर्टो लिंडा कॉम शामिल हैं।

# निराशा को पीछे छोड़ छूआ ख्वाहिश का आसमां

## श्रेयस अय्यर ने मेस्सी के अंदाज में खत्म किया केकेआर के लिए आईपीएल खिताब का सूखा

**कोलकाता, एजेंसी**

निराशा को पीछे छोड़कर ख्वाहिशों के आसमान को छूने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने लियोनेल मेस्सी के विश्व कप जीतने के अंदाज में रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने का जश्न मनाया। आईपीएल से कुछ सप्ताह पहले बीसीसीआई ने उनका केंद्रीय अनुबंध खत्म कर दिया। इसके अलावा बार-बार पीठ की चोट के कारण उनके करियर में रुकावट आने का खतरा पैदा हो गया। श्रेयस को इस साल की शुरुआत से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने इन सभी निराशा को पीछे छोड़कर केकेआर के आईपीएल खिताब के 10 साल को सूखे को उसी तरह खत्म किया जैसे मेस्सी ने अर्जेंटीना के लिए 36 साल के बाद विश्व कप जीता था। मेस्सी को 2014 विश्व कप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था तो वही श्रेयस को इस तरह के पल का सामना 2020 में करना पड़ा था जब उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल फाइनल का सफर तय किया था। आईपीएल ट्रॉफी उठाने के बाद श्रेयस ने टीम के साथियों के साथ उसी तरह से जश्न मनाया जैसे मेस्सी ने दोहा में फीफा विश्व कप के फाइनल में फ्रांस को हराने के बाद मनाया था।

फाइनल में केकेआर की जीत के बाद दिग्गज इयान बिशप ने कहा मैं गौतम गंभीर के बारे में काफी बातें सुन रहा हूं कि उन्होंने टीम में शानदार माहौल बनाया, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस खिलाड़ी को पर्याप्त श्रेय मिल रहा है। हमें इसे श्रेय देना चाहिये। केकेआर के लिए सलामी बल्लेबाजों सुनील नारायण और फिल सॉल्ट ने ज्यादा रन बनाए लेकिन जब भी मौका मिला दूसरे खिलाड़ियों ने भी अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा किया जिससे टीम ने लीग चरण में दो मैच बाकी रहते तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान पक्का कर लिया था। केकेआर ने पूरे सत्र में सिर्फ तीन मैचों में हार का सामना किया।

श्रेयस के बचपन के कोच प्रवीण आमरे ने कहा मैंने उन्हें उनके पूरे करियर में चुनौती दी। मुझे पता था कि वह कितने मजबूत इरादों वाले हैं और एक कोच के रूप में उन्हें चुनौती देना मेरा काम था। वह हमेशा चुनौतियों को लेना पसंद करता है।

### स्टार्क ने फेंकी सर्वश्रेष्ठ गेंद, नारायण सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने आईपीएल फाइनल में अभिषेक शर्मा को मिशेल स्टार्क की शरीर से बाहर की तरफ स्विंग होती गेंद को आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद करार दिया जबकि सुनील नारायण को चैंपियन केकेआर के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया। हेडन ने कहा अभिषेक को फेंकी गेंद जैसे ही स्टार्क के हाथ से निकली तो काम खत्म हो गया। उसकी नियति आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद की थी- एक बेहद शानदार गेंद जो उस समय बेहद महत्वपूर्ण थी। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा कि आईपीएल के अंत में स्टार्क की कलाई की स्थिति सही रखते हुए अतिरिक्त गति हासिल करने की क्षमता और नारायण की ऑलराउंड क्षमता से केकेआर को मजबूती मिली। मिशेल स्टार्क सत्र में अधिकतर समय 136-137 किमी प्रति घंटा की औसत रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा था लेकिन पिछले दो हफ्ते में उसने 140 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी की।

### आईपीएल की ट्रॉफी जीतने पर मुख्यमंत्री ममता ने दी बधाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर कोलकाता नाइट राइडर्स टीम को बधाई दी है और आने वाले वर्षों में और अधिक ट्रॉफी की कामना की है। बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत से पूरे बंगाल में जश्न का माहौल है। मैं आईपीएल के इस सीजन में रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और फ्रेंचाइजी को से बधाई देना चाहती हूं और आने वाले वर्षों में ऐसी और आकर्षक जीत की कामना करती हूं।



# मैदानकर्मियों को देंगे पुरस्कार : जय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर क्यूरेटर को मिलेंगे 25 लाख
- तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये देने की घोषणा की

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन्हें गुमनाम नायक बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आईपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान शानदार पिचें मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे।

शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। हमारी सराहना के प्रतीक के तौर पर 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को 25 लाख रुपये मिलेंगे और तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद। आईपीएल के 10 नियमित स्थान मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद, बेंगलुरू, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर हैं। इस वर्ष अतिरिक्त आयोजन स्थल गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और धर्मशाला थे।

शाह ने नाइट राइडर्स को खिताबी जीत के लिए बधाई भी दी। उन्होंने लिखा 2024 टाटा आईपीएल जीतने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स को बधाई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार निरंतरता दिखाई और टीम का शानदार नेतृत्व करने के लिए श्रेयस अय्यर को बधाई। एक बार फिर, बड़ी संख्या में आने और इसे एक और सफल सत्र बनाने के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद!

### विश्व कप में भारत को मिलेगी टक्कर

**नई दिल्ली।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 शुरू होने के लिए तैयार है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खिताब की तलाश में 20 टीमें एक साथ आएंगी। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान शामिल हैं, जिन्हे सह-मेजबान अमेरिका और कनाडा के साथ-साथ आयरलैंड से भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत का लक्ष्य हाल की विश्व प्रतियोगिताओं में लगातार हार का सिलसिला तोड़ना है। वहीं, बाबर आज़म के नेतृत्व में, पाकिस्तान आईसीसी ट्रॉफी सुरक्षित करने के मिशन के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहा है। टीम की बल्लेबाजी बाबर, रिजवान और फखर पर निर्भर है, जबकि गेंदबाजी का नेतृत्व शाहीन अफरीदी करेंगे।

# आप देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा : रिंकू

**चेन्नई, एजेंसी**



केकेआर के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल के फाइनल में रविवार को जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम के लिए विश्व कप ट्रॉफी उठाने की उम्मीद जताई।

सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर केकेआर तीसरी बार आईपीएल चैंपियन बना। केकेआर के बल्लेबाजों ने पूरे सत्र के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। मध्यक्रम में वामहस्त बल्लेबाज रिंकू सिंह को लंबी पारी खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने 11 पारियों में 148.67 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए। रिंकू ने कहा मैं यहां से पहले नोएडा जाऊंगा और फिर अमेरिका के लिए रवाना होना है। आप लोग देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाउंगा। रिंकू को भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है, जो चर्चा का विषय है। वह शुभमन गिल के साथ उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टीम के साथ रिजर्व के तौर पर यात्रा करेंगे। केकेआर के प्रदर्शन के बारे मे पूछे जाने पर रिंकू ने पूरी टीम को श्रेय दिया।

# सिंगापुर ओपन में भारत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**सिंगापुर, एजेंसी**

- भारत की अगुवाई करेंगी पीवी सिंधू, सात्विक और चिराग करना चाहेंगे जीत के शुरुआत



पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 850,000 डॉलर (लगभग सात करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले सिंगापुर ओपन में दमदार प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में दो महीने ही बचे हैं और चार वर्षों में होने वाले इन खेलों में भाग लेने से पहले खिलाड़ियों को खेल में सुधार करने के लिए सिंगापुर ओपन 750 के अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500, इंडोनेशिया सुपर 1000, कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेने का मौका मिलेगा।

थाईलैंड ओपन में हाल ही में चैंपियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी ओलंपिक के लिए बेहतरीन लय में दिख रही हैं, जबकि सिंधू ने भी रविवार को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अपना दावा मजबूत किया है। लक्ष्य और प्रणय पिछले कुछ समय से चली आ रही खराब लय को पीछे छोड़ पेरिस खेलों से पहले लय हासिल करने की पूरी कोशिश करेंगे। मलेशिया मार्स्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ गेम गंवाने वाली सिंधू डेनमार्क की लीन होजमार्क कजेर्सफेल्ट के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत करना चहेंगी। वह अगर शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में सफल रही तो दूसरे दौर में उनके सामने रियो ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन की चुनौती हो सकती है।

पुरुष युगल में विश्व में नंबर एक सात्विक और चिराग के सामने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की चुनौती होगी। लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लगातार दो सेमीफाइनल में जगह बनाकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन में प्रवेश किया था। लक्ष्य का सामना विक्टर एक्सेलसेन से होगा। अन्य भारतीयों में किदांबी श्रीकांत जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे जबकि प्रियांशु राजावत पुरुष एकल में हांगकांग के ली चेउक यियू के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप का सामना पहले दौर में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग से होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी महिला युगल में अपने पहले मैच में यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा और येवेनिया कांतिमिर से भिड़ेंगी।

### ऑस्ट्रिया ओपन के सेमीफाइनल में हारे शुभंकर

**ग्रेज (ऑस्ट्रिया)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी शुभंकर डे को यहां ऑस्ट्रिया ओपन इंटरनेशनल चैलेंज के सेमीफाइनल में इंडोनेशिश के प्राहदिस्का बगास शुजिवो के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। तीस साल के शुभंकर को रविवार को प्राहदिस्का के खिलाफ हार मिली। भारतीय पुरुष टीम के सदस्य शुभंकर ने जर्मनी के मथियास किकलिट्ज को हराने के बाद प्री क्वार्टर फाइनल में मिकोलाज सिमानोवस्की और फिर क्वार्टर फाइनल में लुका व्रेबर को शिकस्त दी।

**मुक्केबाजी क्वालीफायर**

### अंकुशिता जीतीं अभिमन्यु हारे

**बैंकॉक।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 60 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की नामून मोनखोर को हराया लेकिन अभिमन्यु लोरा को आयरलैंड के केलिन केसिडी के खिलाफ 80 किग्रा वर्ग में शिकस्त झेलनी पड़ी।

अंकुशिता ने मंगोलिया की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और तीन दौर के बाद 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु ने पहले दौर में बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन क्रिस्टियन निकोलोव को हराया था। केसिडी उनके खिलाफ मुकाबले के लिए अच्छी तरह तैयार थे और अभिमन्यु के अंतिम दौर में अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहे।

# स्टेन वावरिंका ने एंडी मरे को हराया

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**

स्टेन वावरिंका ने रविवार को यहां रोलां गैरो पर संभवतः अपना अंतिम एकल मुकाबला खेल रहे एंडी मरे को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। स्विट्जरलैंड के वावरिंका ने मरे को पहले दौर के मुकाबले में 6-4, 6-4, 6-2 से हराया। वावरिंका की मरे के खिलाफ 23 मुकाबलों में यह 10वीं जीत है। दोनों पहली बार 2005 में भिड़ेंगे थे।

वावरिंका ने मैच के बाद कहा निश्चित तौर पर यह भावनात्मक है। हम करियर के अंत के करीब पहुंच रहे हैं। एक-दूसरे का काफी सम्मान करते हैं। फ्रेंच ओपन में 1980 से वावरिंका सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यहां 39 बरस या इससे अधिक उम्र में जीत दर्ज की है। मरे 37 साल के हैं और वर्ष 2000 से दो खिलाड़ियों की मिलाकर उम्र के मामले में यह मुकाबला दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों का मुकाबला रहा। वावरिंका दूसरे दौर में दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी कैम नोरी और पावेल कोटोव के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।



<< स्विएटेक के खिलाफ शॉट खेलती लेओलिया जीनजेन।

रविवार को जीत दर्ज करने वाले ग्रैंडस्लैम चैंपियन खिलाड़ियों में कार्लोस अल्कारेज, नाओमी ओसाका, सोफिया केनिन और येलेना ओस्टापेंको शामिल रहे। फ्रेंच ओपन 2021 चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा को हालांकि विक्टोरिया गोलुबिक ने 7-6, 6-4 से हराया। यहां खिताब जीतने के बाद 24वीं वरीय बारबरा को लगातार तीन बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है। अल्कारेज ने जेजे वोल्फ को 6-1, 6-2, 6-1 से शिकस्त दी। महिला एकल में ओसाका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 4-6, 7-5 से हराया। वहीं, इगा स्वियातेक ने लिओलिया जीनजीन पर 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया।

## बॉलीवुड हलचल



### सिद्धार्थ और तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ चतुर्वेदी और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की आने वाली फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज हो गई है। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर छह साल बाद धड़क का सीक्वल लेकर आ रहे हैं। फिल्म धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी लीड रोल निभा रही हैं। फिल्म की अनाउंसमेंट के साथ रिलीज डेट भी आउट कर दी गई है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की तरफ से धड़क 2 के फर्स्ट 2 की पहली झलक शेयर की गई है। मोशन पोस्टर में तृप्ति और सिद्धांत एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए दिख रहे हैं और एक ऐसी कहानी की झलक दिखा रहे हैं। पोस्टर को एक्स पर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, कैसे मिलेंगे- आग और पानी? फिल्म धड़क 2, नवंबर 22 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### प्रियंका ने कांस में इतिहास रचने वाले को दी बधाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कांस फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रचने के लिए भारतीय विजेताओं को बधाई दी है। 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में कई भारतीय सितारों ने अवॉर्ड्स हासिल कर देश का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने सभी विजेताओं को बधाई दी है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में विजेता अनसूया सेनगुप्ता, पायल कपाड़िया और चिदानंद एस नाइक को शुभकामनाएं दीं। अनसूया सेन गुप्ता ने फिल्म द शेमलेस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। पायल को उनके डेब्यू फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड हासिल कर लिया है, और चिदानंद ने शॉर्ट फिल्म सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टु नो के लिए ला सिनेफ अवॉर्ड अपने नाम किया। अनसूया सेन गुप्ता की सराहना करते हुए, प्रियंका ने लिखा, आपकी अविश्वसनीय परफॉर्मेंस और आपने जो इतिहास रचा है, उसके लिए आपको ढेर सारी बधाई।

**टी-20 विश्व कप** तैयारियों में जुटी ऑस्ट्रेलिया की टीम, आईपीएल सत्र में अंत तक जुड़े से टीम में आई है अनियमितता

# अभ्यास मैचों के लिए खिलाड़ियों की कमी : मार्श

**मेलबर्न, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया को खिलाड़ियों की कमी का सामना करना पड़ रहा है और आईपीएल तथा टी20 विश्व कप के बीच कम समय के कारण अगले महीने होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के अभ्यास मैचों में सहायक स्टाफ के सदस्यों को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलिया बुधवार को नामीबिया और शुक्रवार को त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेगा लेकिन उनके पास दो मैचों के लिए सिर्फ आठ खिलाड़ी उपलब्ध हो सकते हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश आईपीएल प्ले ऑफ में खेलने के बाद ब्रेक लेंगे। पैर की मांसपेशियों की चोट से उबर रहे कप्तान मिशेल मार्श का भी नामीबिया के खिलाफ खेलना तय नहीं है। उन्होंने कहा हमारे पास खिलाड़ियों की कमी होगी, लेकिन यह अभ्यास मैच है। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, पैट कमिंस और मिचेल मार्श के अलावा कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल इस हफ्ते के अंत में ही बारबडोस में विश्व कप टीम के साथ जुड़ेंगे जबकि मार्कस स्टोइनिस के भी नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच के बाद ही त्रिनिदाद पहुंचने की उम्मीद है। रिजर्व खिलाड़ी जैक फ्रेजर-मैकगर्क और मैट शॉर्ट भी पांच जून को ओमान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच के बाद टीम से जुड़ेंगे।



### वनडे क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं मिचेल स्टार्क

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क निकट भविष्य में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सदस्य स्टार्क ने आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के बाद कहा पिछले नौ साल मैंने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट को दिए हैं। जब क्रिकेट से समय मिलता था, तब मैं वह समय अपनी पत्नी और परिवार को देता था लेकिन अब मैं अपने करिअर के आखिरी पड़ाव पर हूं और फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलना चाहता हूं। वनडे विश्व कप अभी बहुत दूर है, तो मैं एक प्रारूप को छोड़ भी सकता हूं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को तवज्जो देते हुए उन्होने आईपीएल के पिछले कुछ संस्करणों में रुचि नहीं दिखलाई थी। सच कहूं तो मैंने इस आईपीएल सीजन का पूरा लुत्फ उठाया।

### ट्रैविस हेड तो चमके, वार्नर ने किया निराश : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिये दिलचस्पी दिखाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का प्रदर्शन रविवार को संपन्न हुये सत्र में मिला जुला रहा है। आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई टी20 विश्व कप टीम के कई नियमित खिलाड़ी शामिल हुए। ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से टूर्नामेंट में आग लगा दी, वहीं डेविड वार्नर और मिशेल मार्श जैसे अन्य खिलाड़ियों का टूर्नामेंट के अधिकांश समय में प्रदर्शन उदासीन रहा, जबकि मिशेल स्टार्क ने शुरुआत में निरंतरता के लिए संघर्ष किया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर...

चक्रवात या यू कहें समुद्री तूफान जिसके नाम से ही मन में एक खौफ पैदा हो जाता है जो तटीय क्षेत्रों से टकराकर एक तबाही का मंजर छोड़ जाता है। ये क्या होता है, कितने प्रकार का होता है और कब कब आया, इनसे बचाव के क्या उपाया है आइए जानते हैं। वर्तमान में आए चक्रवाती तूफान रेमल के बारे में चलिए जानते हैं....



## रेमल मतलब मौसम

रेमल जो शक्तिशाली तूफानों में से एक है। इसे एक्वाटोरियल चक्रवात के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न हुआ हैं। इन तूफानों की शक्ति बहुत अधिक है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। इनका नाम 'रेमल' हिंदी शब्द 'रेमल' से लिया गया है, जिसका मतलब होता है मौसम।

## रेमल से प्रभावित क्षेत्र

रेमल भारत के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच सकती है। इसका प्रमुख प्रभाव भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास समुद्री क्षेत्रों में देखा जा सकता है। यह पश्चिमी तटों के पास बनते हैं। इसके कारण पश्चिमी भारत के राज्यों जैसे कि गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक आदि को इसकी पहुंच का प्रभाव महसूस हो सकता है। वहीं, रेमल उत्तरी भारतीय तटों को भी प्रभावित कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर इनके प्रमुख प्रभावित क्षेत्र हो सकते हैं। इसका प्रभाव दक्षिणी भारत तमिलनाडु, केरला, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना आदि को भी प्रभावित कर सकता है। साथ ही इसका प्रभाव समुद्री और उसके आसपासी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा होता है।

## कितने प्रकार के होते हैं चक्रवात

चक्रवात मुख्यत : दो प्रकार के होते हैं, एक उष्णकटिबंधीय और विषुवतीय। इन दोनों में कुछ मुख्य अंतर हैं जो उनके विकास, स्थान और प्रभावों पर निर्भर करते हैं।

### उष्णकटिबंधीय

ये उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं। यह समुद्र की सतह के गर्म पानी से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में इनका नाम अलग-अलग होता है जैसे कि अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत में इन्हें हरिकेन, पश्चिमी प्रशांत में टाइफून, और दक्षिणी हिंद महासागर और दक्षिणी प्रशांत में चक्रवात कहते हैं। ये चक्रवात आमतौर पर एक स्पष्ट नेत्र , नेत्र की दीवार, और बारिश की पट्टियों के साथ होते हैं। ये भारी बारिश, तेज हवाएं, और तटीय बाढ़ से विनाशकारी हो सकते हैं।

### विषुवतीय:

ये विषुवतीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बाहर उत्पन्न होते हैं। वायुमंडलीय फ्रंट्स (ठंडी और गर्म हवा के मिलन स्थल) से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। ये आमतौर पर बड़े होते हैं और इनमें कोई स्पष्ट नेत्र नहीं होता। ये व्यापक क्षेत्र में फैल सकते हैं और भारी बारिश, बर्फबारी, और तेज हवाओं का कारण बन सकते हैं।

## रेमल क्या है?

रेमल चक्रवात एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है जो भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न होता है। इसकी शक्ति बहुत अधिक होती है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। रेमल चक्रवात विकसित होने के लिए शांत मौसम शर्तें आवश्यक होती हैं। इसका मतलब है कि वायुमंडल में कोई विवादित वायुशून्य नहीं होना चाहिए और उच्च वायुदाब भी नहीं होना चाहिए।




## तीव्रता

- **अवसाद** : हवा की गति 39 मील प्रति घंटा (63 किमी/घंटा) से कम होती है।
- **तूफान** : हवा की गति 39 से 73 मील प्रति घंटा (63 से 118 किमी/घंटा) के बीच होती है।
- **हरिकेन/टाइफून/चक्रवात** : हवा की गति 74 मील प्रति घंटा (119 किमी/घंटा) से अधिक होती है।
- **हरिकेन** को उनकी तीव्रता से 1 से 5 तक के श्रेणियों में बांटा जाता है, जिसे सफ़िर-सिम्पसन हरिकेन विंड स्केल कहा जाता है।

## पूर्वानुमान व चेतावनी

- रेडियो, टेलीविजन, और मोबाइल एप के माध्यम से अपडेट प्राप्त करें।
- एक आपातकालीन किट तैयार रखें, जिसमें टॉर्च, बैटरी, प्राथमिक चिकित्सा किट, पानी, और आवश्यक दवाएँ शामिल हों।
- घर के खिड़कियों और दरवाजों को मजबूत करें और उन्हें बंद रखें।
- स्थानीय आपातकालीन सेवाओं और राहत संगठनों के संपर्क में रहें।

## एक नजर

### पाकिस्तान में पूर्व विदेश मंत्री पर आठ और मुकदमे

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार करने के बाद नौ मई 2023 को भड़के दंगों और हिंसा पर जेल में बंद पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी के खिलाफ रविवार को आठ और मामले दर्ज किए गए। मीडिया को सोमवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 67 वर्षीय नेता विभिन्न मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। जियो न्यूज के मुताबिक, सरवर रोड थाने में कुरैशी के खिलाफ दर्ज मुकदमों को लेकर पुलिस ने लाहौर की आतंकवाद रोधी अदालत से उसे गिरफ्तार करने, पूछताछ और तलब की अनुमति देने की अपील की, जिसे कोर्टने सुरक्षा कारणों से इनकार कर दिया।

### ब्राजील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 169 हुई

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में गत 29 अप्रैल को आए तूफान के बाद बारिश होने से अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 169 हो गई है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक 24 घंटों में तीन और शव बरामद किये गये, वहीं प्रांत में अब तक की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा में 56 लोग लापता हैं। इसके अलावा, बाढ़ और नदियों के उफान के कारण 23 लाख से ज़्यादा निवासी यहां से विस्थापित हो चुके हैं।

### पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर की गोली लगने से मौत

**लॉस एंजिलिस।** प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक जनरल हॉस्पिटल के पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर की लॉस एंजिलिस में गोली लगने से मौत हो गई। उनके परिजनों के मुताबिक, जब वेक्टर ने उनकी कार से कैटेलिटिक कनवर्टर चुरा रहे तीन चोरों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनपर गोलियां बरसा दीं। लॉस एंजिल्स पुलिस के अनुसार, शनिवार दोपहर तीन बजे यह घटना हुई थी। वेक्टर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### चीन में भूकंप के झटके

**बीजिंग।** चीन में सिचुआन प्रांत के लियांगशान में सोमवार को भूकंप के मध्यम स्तर के झटके महसूस किये गये। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के मुताबिक स्थानीय समयानुसार 11 :07 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 28 .25 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 100 .70 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा पृथ्वी की सतह से आठ किलोमीटर की गहराई पर रहा।

### पाकिस्तानी में स्कूल में लगी आग,1400 छात्राओं को बचाया

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पहाड़ी इलाके में आग की चपेट में आए स्कूल से सोमवार को 1,400 छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जियो न्यूज ने बचाव अधिकारी के हवाले से बताया कि आग हरिपुर जिले के सिरिकोट गांव में सरकारी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में उस समय लगी जब सैकड़ों छात्राएं अंदर थीं। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया।

### खालिदा के बेटे को लंदन से बुलकर देंगे सजा : हसीना

**ढाका।** बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना ने खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को लंदन से वापस लाने और उसके खिलाफ अदालत के फैसले को सजा दिलाने के संकल्प को दोहराया है। खालिदा के 2018 में जेल जाने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बने रहमान छह साल पहले सजा सुनाए जाने के बाद से ही लंदन में हैं। यह सजा रहमान की अनुपस्थिति में सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा था रहमान ने हसीना की उपस्थिति वाली चुनावी रैली पर घातक ग्रेनेड हमले की साजिश रची। दोषी ठहराए गए रहमान को उम्रकैद हुई है। रहमान का कहना है कि यह आरोप राजनीतिक प्रतिशोध से लगाए गए हैं।

# इजराइली बमबारी में 40 की मौत

## गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर उत्तर-पश्चिमी राफा में बने एक शिविर पर 8 रॉकेट दागे

**गाजा, एजेंसी**

गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर उत्तर-पश्चिमी राफा में एक शिविर पर इजराइल की बमबारी में कम से कम 40 लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी।

डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजराइली बलों ने निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के गोदामों के पास शिविर में तंबुओं की ओर आठ रॉकेट दागे। फेसबुक पर एक वीडियो क्लिप प्रसारित किया गया है, जिसमें क्षेत्र में आग की लपटें तेजी से उठ रही हैं और आग ने तंबुओं को अपनी चपेट में ले लिया है। सूत्रों ने बताया कि कठिन इलाके के कारण नागरिक सुरक्षा और एम्बुलेंस कर्मचारियों को शवों को निकालने में महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ा। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि गाजावासियों से भरे इस क्षेत्र को हमले से पहले इजरायली सेना ने सुरक्षित क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया था।



राफा में शिविर पर राकेट दागने के बाद निकलता धुआ।

### फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण की इजरायल ने की थी घोषणा

इजरायली सेना ने गत सात मई को घोषणा की थी कि उसने मिस्र की सीमा पर गाजा पट्टी के दक्षिण में और राफा के पूर्वी क्षेत्र में स्थित राफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है, जिसके परिणामस्वरूप गाजा में प्रवेश का रास्ता रोक दिया गया है।

### राफा पर हमला, नेतान्याहू ने स्वीकार की 'भयावह गलती'

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने गाजा के राफा शहर में बनाए गए शिविर पर किए इजराइली हमले में दर्जनों लोगों की मौत के बाद माना है कि यह भयावह गलती हुई है। सोमवार को संसद में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इजराइल राफा में बीती रात किए गए हमले की जांच कर रहा है।

### हमास मुख्यालय के प्रमुख को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी में राफा शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हवाई हमले में वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के प्रमुख यासीन राबिया और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी को मार गिराया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर बताया कि आज शाम को आईएएफ के विमान ने आईडीएफ और आईएसए खुफिया हमले में यहूदिया और सामरिया में हमास के कमांडर यासीन राबिया के साथ वरिष्ठ अधिकारी खालिद नागर को मार गिराया। आईडीएफ ने बताया कि खुफिया जानकारी पर उत्तर-पश्चिम राफा में ताल अस सुल्तान के क्षेत्र में हमला किया गया। राबिया ने यहूदिया और सामरिया में हमास की सभी गतिविधियों को निर्देशित किया और क्षेत्र में हमास के आतंकवादी हमलों की योजना बनाई। आईडीएफ उन रिपोर्टों से अवगत है जो दर्शाता हैं कि हमला और गोलीबारी से क्षेत्र के कई नागरिकों को नुकसान पहुंचा था और घटना की समीक्षा की जा रही है।

## टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस में तूफान से 18 की मौत

**ह्यूस्टन।** मध्य अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में आए शक्तिशाली तूफान के कारण दो बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई, कई मकान तबाह हो गये और बढ़ते तापमान के बीच लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि ओक्लाहोमा सीमा के समीप टेक्सास की कुक काउंटी में 7 लोगों के मारे जाने की सूचना है, जहां शनिवार रात को आए तूफान ने तबाही मचाई। कुक काउंटी के शेरिफ रे सैप्पिंगटन ने कहा हि मृतकों में दो बच्चे भी हैं, जिनकी उम्र दो और पांच वर्ष थी। एक परिवार के तीन सदस्यों की भी मौत हो गयी। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि लापता लोगों को ढूंढने के लिए अभियान जारी है। सीबीएस न्यूज के मुताबिक, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने बताया कि तूफान से 100 लोग घायल हो गये हालांकि सटीक आंकड़ा बता पाना थोड़ा मुश्किल है। एक वेबसाइट के मुताबिक, टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अर्कांसस, टेनिसी और केनटकी तक 4,70,000 से ज्यादा लोगों को बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## पैसे की किल्लत ने छुड़ाया अंत समय में प्रेमिका का हाथ

- चंदन नगर में 57 वर्षीय महिला का शव सड़क पर बोरे में मिला
- इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति के साथ लिव-इन में रह रही थी महिला

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति अपनी लिव-इन साथी की लाश के साथ तीन दिन रहा और बाद में पैसों की किल्लत के कारण शव को बोरी में बंद करके सड़क पर लावारिस छोड़ दिया क्योंकि उसके पास अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं थे।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नंदिनी शर्मा ने सोमवार को बताया कि चंदन नगर क्षेत्र में रविवार को 57 वर्षीय महिला की बोरे में बंद लाश मिली। शव चार-पांच दिन पुराना था और काफी सड़ चुका था। एसीपी ने बताया कि शव पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले। पोस्टमॉर्टम से पता चला है कि वह लीवर संबंधी दिक्कतों और अन्य बीमारियों से लंबे समय से जूझ रही थी जिनके कारण उसकी स्वाभाविक मौत हुई।

शर्मा ने बताया कि यह महिला पिछले 10 साल से एक व्यक्ति के साथ रह रही थी। जब 53 वर्षीय उस व्यक्ति के पास पहुंचे, तो वह राजमोहल्ला क्षेत्र के एक बगीचे में बैठा था। वह रंगाई-पुताई का काम करता है। वह मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। एसीपी ने बताया कि चार-पांच दिन पहले इस व्यक्ति के पड़ोसियों ने उससे कहा कि उसके घर से बदबू आ रही है और उसे देखना चाहिए कि उसके घर कोई चूहा तो नहीं मर गया है। उन्होंने बताया,जांच से पता चला है कि यह व्यक्ति अपने घर में महिला के शव के साथ कम से कम तीन दिन से रह रहा था। बदबू को लेकर पड़ोसियों की शिकायत के बाद उसने शनिवार रात शव को बोरी में डाला और अपने घर से करीब 200 मीटर दूर ले गया। जब शव के वजन से उसकी सांस फूलने लगी तो वह लाश को सड़क पर लावारिस छोड़कर चला गया।

एसीपी के मुताबिक इस व्यक्ति ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने अपनी लिव-इन जोड़ीदार के शव को इसलिए लावारिस छोड़ा क्योंकि उसके पास उसके अंतिम संस्कार के लिए धन नहीं था। उन्होंने बताया कि महिला की मौत के मामले में विस्तृत जांच जारी है। चंदन नगर थाने के प्रभारी इंद्रमणि पटेल ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को महिला के शव का अंतिम संस्कार कराया।

## पाकिस्तान में 23 आतंकी ढेर, सात सैनिक शहीद

- खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन जगहों पर सेना ने चलाया अभियान

**इस्लमाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार से हुईं अलग-अलग मुठभेड़ में प्रतिबंधित संगठन टीटीपी के 23 आतंकवादी मारे गए जबकि सात सैनिक शहीद हो गए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के अनुसार, मुठभेड़ रविवार और सोमवार को हुईं। सेना ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में सुरक्षा बलों ने 23 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि रविवार को पेशावर के पास हसन ख़ेल इलाके में अभियान चलाया गया, जिसमें सुरक्षा बलों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया। हालांकि मुठभेड़ में एक अधिकारी और एक सैनिक की मौत हो गई। सोमवार को प्रांत के टैंक जिले में चलाए गए एक अन्य अभियान में, पाकिस्तानी सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप दस आतंकवादी मारे गए। तीसरी मुठभेड़ खैबर जिले के बाग इलाके में हुई, जिसमें सुरक्षा बलों ने सात आतंकियों को मार गिराया, जबकि दो घायल हो गए। हालांकि, भीषण गोलीबारी के दौरान पांच सैनिक शहीद हो गए। सेना के अनुसार कि मारे गए आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।

## वूलसैक रेस



इंग्लैंड में वूलसैक रेस के दौरान कंधों पर ऊनी थैला लेकर दौड़ते बच्चे। ये दौड़ टेटबरी के विल्टशायर ऊन-शहर में होती है। इसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की टीमें ऊन की बोरियां गमस्टूल हिल से नीचे ले जाती हैं। ये दौड़ 1972 से चल रही है, जो गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हैं। • एजेंसी

## इमरान की पार्टी प्रदर्शन छोड़ सरकार से करें सार्थक संवाद

- पाकिस्तान की सत्तारूढ़ गठबंधन ने बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सत्तारूढ़ गठबंधन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का आह्वान किया है कि वह प्रदर्शन छोड़ दे और सरकार के साथ 'सार्थक' संवाद करे।

सोमवार को द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, सीनेट के सभापति यूसुफ़ रजा गिलानी और नियोजन मंत्री अहसान इकबाल ने बातचीत के लिए तैयार होने के सरकार के रुख पर कहा कि इमरान की पार्टी को तय करना चाहिए कि वह किससे बातचीत करना चाहती है। लाहौर में गिलानी ने बातचीत करने की सरकार की इच्छा दोहराई। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि खान की पार्टी किसी और से बातचीत का इरादा रखती है। गिलानी ने कहा कि देश इस समय अस्थिरता से जूझ रहा है और इसलिए सभी नेताओं को एक साथ आना होगा। अखबार ने गिलानी के हवाले से कहा कि पीटीआई नीत सरकार के समय में विपक्ष में रहते हुए भी वे बातचीत के इच्छुक थे। गिलानी ने कहा कि पीपीपी मौजूदा सरकार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीपीपी ने कभी यह संकेत नहीं दिया कि वह सरकार का हिस्सा नहीं है।

## एयर इंडिया के विमान में धूम्रपान पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** एयर इंडिया के विमान में जयपुर-मुंबई उड़ान के दौरान कथित तौर पर धूम्रपान के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया हालांकि बाद में उसे रिहा कर दिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सहार पुलिस ने 25 मई को राजस्थान के अर्जुन थालोरे को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह उड़ान के दौरान शौचालय में धूम्रपान करने लगा था, जिससे सेंसर बंद हो गया। वरिष्ठ क्रू सदस्य ने उसे मौके पर पाया और फ्लाइट मुंबई में उतरने के बाद आरोपी को सुरक्षा विभाग को सौंप दिया। सुरक्षा कर्मचारी उसे सहार थाना ले गये, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

उम्मीद

अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक जीवनयोग्य ग्रह की खोज

# दूसरी बार मिला है इस तरह का जीवनयोग्य ग्रह

**अमृत विचार, नैनीताल**

वैज्ञानिकों ने अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक एक जीवनयोग्य एक्सोप्लैनेट (ग्रह) की खोज की है। जीवनयोग्य ग्रह की यह दूसरी खोज है। इस ग्रह पर जीवन की मौजूदगी और संभावनाओं को तलाशने में वैज्ञानिक जुटे हुए हैं।

एक्सोप्लैनेट का नाम स्पेकलूस -3 बी नाम दिया गया है। बेल्जियम के खगोलविदों की अंतर्राष्ट्रीय टीम को यह सफलता मिली है। यह ग्रह पृथ्वी से 55 प्रकाश वर्ष दूर है और अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। किसी अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक खोजा गया यह दूसरा ग्रह है। इससे पहले ट्रैपिस्ट-1 की खोज की हुई थी, जिसमें जीवन की संभावना है। नया ग्रह भी जीवन की संभावना को लेकर उम्मीद जागृत करता है। जिस कारण यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पृथ्वी के समान आकार का यह ग्रह केवल 17 घंटों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी कर लेता है। यह ग्रह संभवतः ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि तारे से निकलने वाले विकिरण ने संभवतः ग्रह के वायुमंडल को नष्ट कर दिया हो। इसकी वास्तविकता की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

बेल्जियम स्थित लीज विश्वविद्यालय के स्पेकुलूस परियोजना के वैज्ञानिकों के अनुसार 15 मई को को नया ग्रह मिला और अब इसकी घोषणा की गई है। इस खोज में कैम्ब्रिज, बर्मिंघम और बर्न विश्वविद्यालय, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और ईटीएच ज्यूरिख शामिल रहे हैं।



जीवनयोग्य ग्रह का चित्र।

### जीवन की संभावना से इंकार नही किया जा सकता

बेल्जियम लीज विश्वविद्यालय के खगोल शास्त्री माइकल गिलॉन के अनुसार भले ही इस ग्रह का वातावरण कुछ हद तक नष्ट हुआ हो, लेकिन जीवन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। संभवत : इसमें किसी अन्य रूप में जीवन मौजूद हो। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

## पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 2,000 से अधिक हुई मौतें

**पोर्ट मोरेस्बी।** प्रशांत महासागरीय देश पापुआ न्यू गिनी के एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,000 से अधिक हो गई। राष्ट्रीय आपदा केंद्र (एनडीसी) ने इसकी पुष्टि की है।

पापुआ न्यू गिनी में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी को सोमवार को इस आपदा के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। पोरगेरा खदान का मुख्य राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है। भूस्खलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे बचाव दल और जीवित लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। एक संयुक्त सरकारी टीम ने प्रभावित गांव का निरीक्षण किया और एंगा की प्रांतीय सरकार को 5,00,000 किना (128,796 अमेरिकी डॉलर) का चेक प्रस्तुत किया।

गुजरात में गिरफ्तार चार आतंकियों पर बोला श्रीलंका

## आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ फैसला लेगा भारत

- गुजरात एटीएस ने 19 मई को चार श्रीलंका के लोगों को हवाई अड्डे से किया था गिरफ्तार

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका की सरकार ने सोमवार को कहा कि पिछले हफ्ते अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार चार श्रीलंकाई आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में भारत फैसला करेगा, जबकि यहां के अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या वे द्वीप राष्ट्र में आतंकी कृत्यों में शामिल थे।

गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने 19 मई को प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर अपने पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों के बाद भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने आए थे। चारों लोगों ने 19 मई को कोलंबो से चेन्नई के लिए इंडिगो कंपनी की उड़ान ली थी। श्रीलंका के कानून मंत्री विजयदास राजपक्षे ने कहा कि भारत गिरफ्तार संदिग्धों से अपने कानून के मुताबिक निपटेगा। श्रीलंका इसकी जांच करेगा कि क्या वे यहां रहते हुए किसी आतंकवादी कृत्य में भागीदार रहे हैं या किसी समूह की सहायता की है। पिछले हफ्ते, श्रीलंकाई अधिकारियों ने गुजरात में गिरफ्तार चार श्रीलंकाई लोगों की जांच के लिए उच्चस्तरीय अभियान चलाया। श्रीलंकाई पुलिस ने आईएसआईएस संदिग्धों के एक साथी को पिछले गुरुवार को गिरफ्तार किया था।